हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




## टीम इंडिया ने पीसीबी चीफ नकवी से ट्रॉफी लेने से किया मना

टीम इंडिया ने पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट टीम भी ड्रेसिंग रूम से बाहर नहीं आए। जिससे करीब एक घंटे से ज्यादा का समय तक प्रेजेंटेशन सेरेमनी शुरू नहीं हुई। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खलीद अल जरूनी से ट्रॉफी लेगी। इधर, बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए 21 करोड़ की प्राइज मनी का ऐलान किया है।



तिलक वर्मा को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

# ऑपरेशन तिलक

## तिलक वर्मा की अजेय पारी से भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को रौंद डाला

# भारत का विजय 'तिलक'

### पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर टीम इंडिया 9वीं बार बनी चैम्पियन

### अभिषेक शर्मा बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

### बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा 'चैंपियन'

एजेंसी ▶▶ दुबई

एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर 9वीं बार खिताब जीता। दोनों टीमें 41 के इतिहास में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने हुई थीं। गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजी में तिलक ने भारत को जीत का 'तिलक' लगाया। तिलक वर्मा की बेहतरीन पारी की बदौलत इंडिया ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। रविवार को 147 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 20वें ओवर की चौथी बॉल पर जीत हासिल की। रिंकू सिंह ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। तिलक वर्मा 69 रन बनाकर नाबाद लौटे। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने वाली पाकिस्तान की टीम 19.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

हारिस रऊफ की पहली गेंद पर तिलक वर्मा ने 2 रन बनाए। अगली गेंद पर छक्का लगा। अगली गेंद पर 1 रन आया। रिंकू सिंह ने चौके से मैच खत्म किया। भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर एशिया कप पर कब्जा जमाया।




### रिंकू ने लगाया जीत का चौका

भारत के लिए जीत का चौका रिंकू सिंह ने लगाया। रिंकू के चौका लगाते ही ड्रेसिंग रूम में भारतीय सदस्य और मैदान पर दर्शक खुशी से झूम उठे। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अपना जोश नियंत्रण में नहीं रख सके। जूझारू पारी खेलने वाले तिलक ने खुशी में बल्ला लहराया और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक बार फिर मुंह लटका कर खड़े रहे। भारत की पाकिस्तान पर इस टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है और सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम ने इस तरह पाकिस्तान के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगा दी है।

### तिलक की इस एशिया कप में पहली फिफ्टी

16वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने अबरार अहमद की आखिरी बॉल पर एक रन दौड़कर अर्धशतक पूरा किया। तिलक ने इस टूर्नामेंट में पहली बार अर्धशतक लगाया है। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। भारत के तीन बल्लेबाज- अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव कुल 20 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए थे और उस वक्त भारतीय टीम मुश्किल में नजर आ रही थी।



### मैदान पर भी 'ऑपरेशन सिंदूर'

पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद पीएम मोदी ने टीम इंडिया को सलाम किया है। पीएम ने ट्वीट कर लिखा- खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर, नतीजा वही, भारत की जीत। हमारे खिलाड़ियों को बधाई।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी जीत की बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में हुए एशिया कप ट्वेंटी ट्वेंटी क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल मैच में भारत की पाकिस्तान पर शानदार विजय पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त राष्ट्र वासियों को बधाई दी है। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय क्रिकेटर्स ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आशा व्यक्त की है कि हमारे क्रिकेटर ऐसा ही प्रदर्शन बनाए रखेंगे।

### बुमराह ने हारिस को बोल्ड कर मनाया जश्न

#### फ्लाइट लैंड करा दी, पठान ने भी उड़ाया रऊफ का मजाक

इस मैच में पाकिस्तान की पारी के 18वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने हारिस रऊफ को क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद उनका जश्न चर्चा में है। बुमराह ने रऊफ को औकात




दिखाते हुए उनका बीच मैदान मजाक उड़ाया। इसके बाद इरफान पठान ने भी रऊफ का मजाक उड़ाते हुए ट्वीट किया, 'फ्लाइट लैंड करा दी बुमराह ने। इस टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ पाकिस्तान टीम के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद भी उसके खिलाड़ियों की अकड़ कम नहीं हुई। पाकिस्तान की टीम अपने खेल की वजह से नहीं, बल्कि बचकानी और आपत्तिजनक हरकतों की वजह से चर्चा में रही। भारत के खिलाफ सुपर 4 मैच के दौरान साहिबजादा फरहान और हारिस रऊफ ने मैदान पर विवादित और अपमानजनक इशारा किया था। रऊफ ने मैच के दौरान कई बार फैन्स की ओर देखकर अंगुलियों से 6-0 का इशारा किया था। साथ ही प्लेन उड़ाने जैसा जेस्चर बनाया था।

## विनिंग शॉट लगाकर लिखी भारत की विजय गाथा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने तीसरी बार पाकिस्तान को रौंदा है। तिलक वर्मा ने इस फाइनल मुकाबले में 69 रनों की नाबाद पारी खेली, जो लंबे समय से तक याद की जाएगी। रिंकू सिंह के लिए ये मैच हमेशा यादगार रहेगा, क्योंकि वह इस टूर्नामेंट में पहली बार खेल रहे थे। उन्हें केवल एक ही गेंद खेलने का मौका मिला। लेकिन ये वो गेंद थी जिसपर भारत की जीत की कहानी लिखी था। रिंकू सिंह ने विनिंग शॉट खेला। कुलदीप यादव ने 4 विकेट झटके।



### क्रिकेट मैदान पर भी भारत के आगे बेदम दिखा पाकिस्तान

पहलगाम हमले के बाद यह पहली बार था जब भारत और पाकिस्तान की टीमें क्रिकेट के मैदान पर आमने-सामने थीं। भारत ने रणभूमि के बाद क्रिकेट के मैदान पर भी अपना दम दिखाया और पाकिस्तान टीम को तीन बार टूर्नामेंट में पटखनी दी जिसमें खिताबी मुकाबला भी शामिल है। भारत ने पहले पाकिस्तान को ग्रुप चरण में सात विकेट से हराया था और सुपर चार चरण में छह विकेट से शिकस्त दी थी। भारत का विजय क्रम फाइनल में भी जारी रहा और टीम इंडिया ने खिताबी मुकाबले में अभूतपूर्व जीत हासिल कर देशवासियों को गौरवान्वित होने का मौका दिया।

## भारत की ऐतिहासिक जीत पर भोपाल सहित देश भर में मना जश्न

एशिया कप का फाइनल मुकाबला रविवार को भारत ने शानदार अंदाज में जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। भारत की जीत के साथ ही भोपाल में



देर रात तक जीत का जश्न चलता रहा। सड़कों, कॉलोनियों, चौक-चौराहों और दुर्गा उत्सव पंडालों में पटाखे फूटे, ढोल-नगाड़े बजे, और भारत माता की जय के नारे लगे। पूरे देश में जश्न का माहौल नजर आया। दिल्ली, मुंबई, जम्मू कश्मीर, बंगाल सहित सभी राज्यों में क्रिकेट प्रेमियों ने सड़कों पर उतरकर आतिशबाजी की और ढोल नगाड़ों के साथ भारत माता की जय के नारे लगाए। रामलीलाओं में भी भारत की जीत के जयघोष लगे। भारत ने तीसरी बार पाकिस्तान को हराकर एशिया कप पर कब्जा जमाया है।

### सप्तम दिवसः मां कालरात्रि



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पहली बार जम्मू के डोडा के खिलाड़ी को मौका

## पूर्व क्रिकेटर मिथुन मनहास बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ देवजीत सैकिया सचिव, राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष

जम्मू-कश्मीर और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल चुके पूर्व क्रिकेटर और अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मनहास (45) बीसीसीआई के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इसका ऐलान हुआ। यह पद पिछले महीने रोजर बिन्नी के कार्यकाल समाप्त होने के बाद से खाली ▶▶ शेष पेज 6 पर

सोना उगलने को तैयार इमलिया की भूमि

## मैसर्स प्रॉस्पेक्ट रिसॉर्स और प्रशासन के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



■ प्रदेश की पहली सक्रिय स्वर्ण खदान होगी

मध्यप्रदेश सरकार और मैसर्स प्रॉस्पेक्ट रिसॉर्स लिमिटेड कंपनी के बीच साइन हुए एमओयू के बाद बाद कटनी जिले के गर्भ में दबा सोना अब जल्द बाहर निकाला जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक 6.51 हैक्टेयर में सोना की खान से गोल्ड समेत अन्य कीमती खनिज निकाले जाएंगे जो आने वाले वक्त में कटनी की ▶▶ शेष पेज 6 पर

ये मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म

## गूगल छोड़ स्वदेशी ब्राउज़र जोहो में शिफ्ट हुए आईटी मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ विदेशी सॉफ़्टवेयर पर कम होगी निर्भरता

देश के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस और गूगल डॉक्स का उपयोग बंद कर दिया और अब देशी एप्लिकेशन जोहो को अपनाया है। इसे डिजिटल क्षेत्र में 'मेड इन इंडिया' प्लेटफ़ॉर्म को प्रोत्साहित करने वाला एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

पार्श्व गायक सोनू निगम राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित

## भारत रत्न लता मंगेशकर ने अपने स्वरों से भारतीय संगीत को दी नई ऊंचाइयां : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर की सांस्कृतिक धरती पर रविवार को गीत-संगीत के आयोजित अद्भुत, भव्य एवं गरिमामय समारोह में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से विभूषित किया।

यह आयोजन संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन इंदौर के सहयोग से हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न लता



मंगेशकर ने अपने स्वर से भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके नाम पर दिया जाने वाला यह सम्मान अद्वितीय है। यह उन कलाकारों के योगदान को नमन है, जिन्होंने गीत-संगीत के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि आज ▶▶ शेष पेज 6 पर

सलकनपुर दर्शन के लिए जा रहे थे, बीच में नहाने लगे

## बुधनी के नर्मदा घाट पर तीन युवक डूबे एक को बचाया, दो की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुधनी

सीहोर जिले के बुधनी में रविवार सुबह नर्मदा घाट पर नहा रहे तीन युवक गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि दो युवक लापता हो गए।

पुलिस और गोताखोरों की मदद से लापता दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। यह घटना तब हुई जब तीनों युवक माता के दर्शन के लिए सलकनपुर देवी धाम जा रहे थे। रास्ते में नर्मदा घाट पर स्नान करने के लिए रुक गए थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया। लगातार बारिश के बावजूद लापता युवकों की खोजबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार, लापता युवकों की पहचान नीलेश साहू (उम्र 25 वर्ष) और योगेश साहू के रूप में हुई ▶▶ शेष पेज 6 पर

दीवानगंज के रहने वाले हैं युवक



दो दिन बाद मामूली राहत, 2- 3 अक्टूबर से फिर पकड़ सकती है रफ्तार

## प्रदेश के 200 से अधिक गांवों और शहरों में बारिश, आज 4 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

दो दर्जन से अधिक जिलों में दिन के तापमान में कमी आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के छोटे-बड़े गांव और शहरों को मिलाकर करीब 200 से अधिक स्थानों पर बारिश दर्ज हुई है। इससे लगातार दूसरे दिन पश्चिमी मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, रतलाम सहित अधिकांश जिलों में दिन का पारा तेजी से गिरा है। रविवार को सुबह से शाम तक करीब आधा दर्जन जिलों में बारिश दर्ज हुई।

मौसम केंद्र ने सोमवार को चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें अलीराजपुर, धार, झाबुआ और बड़वानी जिले शामिल हैं। इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 6 पर

30 सितंबर को नया सिस्टम बनने के बाद एक अक्टूबर से बंगाल की खाड़ी में होगा सक्रिय, इससे प्रदेश फिर भीगेगा



करोंद क्षेत्र में शाम 5 बजे बादल का दृश्य

### मानसून यथावत विदाई की परिस्थितियां अनुकूल

*एके शुक्ला के अनुसार अभी दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी रेखा वेरावल, भरूच, उज्जैन, झांसी, शाहजहांपुर से ही होकर गुजर रही है। अगले 7 दिनों के दौरान मानसून की आगे की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।*

### अभी सिस्टम सक्रिय जारी रहेगी बारिश

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विदर्भ और आसपास एक लो प्रेशर एरिया है, जो अब कमजोर हो गया है। यह विदर्भ और उत्तर मध्य महाराष्ट्र तक सक्रिय है। इससे जुड़ा एक सर्कुलेशन भी है। यह सोमवार तक लो प्रेशर एरिया में बदलेगा। यह 29 से 30 सितंबर के बीच उत्तरी मध्य महाराष्ट्र, दक्षिणी गुजरात और सौराष्ट्र की ओर बढ़कर एक अक्टूबर तक गुजरात और सौराष्ट्र ▶▶ शेष पेज 6 पर


भोपाल। बाणगंगा रोड पर स्थित मातारानी की झांकी।


भोपाल। डीआईजी बंगला रोड स्थित मां दुर्गा की झांकी।



भोपाल। कोलार गेस्ट हाउस के पास माता की आकर्षक झांकी।


भोपाल। सर्वधर्म स्थित माता जी मनमोहक झांकी।

## ग्लोबल स्किल पार्क में सेंट्रल जोन एनसीवीईटी वर्कशॉप आज

**भोपाल।** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और राज्य सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सहयोग से 29 सितंबर को शहर के संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में सेंट्रल जोन के लिए कैपेसिटी-बिल्डिंग और जागरूकता कार्यशाला का आयोजन होगा।

कार्यशाला में एनसीवीटी, केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, मध्यप्रदेश सरकार और सेंट्रल जोन के राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके माध्यम से अकादमिक ज्ञान और व्यावसायिक ज्ञान को एक साथ जोड़कर प्रतिभागियों को लाभ देने संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (वीईटी) पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए एनसीवीईटी की पहलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### दशमी तक होगी माता की आराधना, धूमधाम से होगा सांस्कृतिक आयोजन

# परिवार सहित मां भवानी का स्वागत, बंगाली समाज ने कालीबाड़ियों में शुरू की दुर्गा पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शारदीय नवरात्र की धूम शहर भर में है। बंगाली दुर्गा पूजा की शुरूआत के साथ ही नवरात्र की रंगत और भी बढ़ गई है। पांच दिवसीय बंगाली दुर्गा उत्सव के दौरान बंगाली समाज की टीटी नगर, भेल सहित शहर की सभी कालीबाड़ियां रविवार को धूमधाम से नवपत्रिका स्नान पूजन से की गई। साथ ही आकर्षक झांकियां भी सजाईं। इस दौरान कालीबाड़ियों में धार्मिक और बंगाली संस्कृति पर आधारित सांकृतिक कार्यक्रम भी देर रात तक चलते रहे।



पुरानी विधानसभा से काली मंदिर तलैया तक श्रद्धालुओं ने चुनरी यात्रा निकालकर मां को चुनरी अर्पित की।

### मां का किया आव्हान

एसोसिएशन टीटी नगर कालीबाड़ी में कोलकाता से आए मुख्य पुरोहित ने बताया कि दुर्गा पूजा में कोलाबेऊ केले के पेड़े को का विशेष महत्व है। इसके भगवान गणेश की पत्नी रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक मानकर पूजा की जाती है। मंडप में गणेश की प्रतिमा के दाहिने और स्थापित किया गया। माता का आव्हान कर उन्हें जागृत किया गया।

### दुर्गा उत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैठक आयोजित

दुर्गाउत्सव, गरबा, रामलीला, रावण दहन, चल समारोह सहित प्रतिमा विसर्जन के दौरान आमजन की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में हिन्दू उत्सव समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने कहा नवरात्रि एवं दशहरा पर्व राजधानी में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस स्थिति में सुरक्षा एवं पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

*श्री हिंदू उत्सव समिति ने देखी रावण दहन की तैयारियां*



## दशहरा स्थल पर भीड़ नियंत्रण के साथ पुख्ता हो सुरक्षा: रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दशहरा स्थल पर भीड़ नियंत्रण के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं जाने के साथ ही यातायात के लिए पार्किंग स्थलों को चिह्नित कर अस्थायी बैरिकेडिंग की जाएं। यह निर्देश विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को कोलार के सलैया दशहरा मैदान में श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा राजधानी भोपाल के सबसे बड़े रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए समिति के पदाधिकारियों और अधिकारियों को दिए।

### डिजिटल आतिशबाजी के साथ आकर्षक लेजर शो

समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, उपाध्यक्ष अनिकेत पांडे ने बताया कि इस वर्ष 90 फीट के विशाल रावण, मेघनाद और कुंभकरण के दहन के साथ डिजिटल आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम में फिल्मी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ आकर्षक लेजर शो का भी आयोजित किया जाएगा। सचिव राज शर्मा ने बताश कि विजयादशमी के दिन रावण दहन व आतिशबाजी से पहले भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



## ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है...

# फैंस ने कहा, बात 'सिंदूर' की इज्जत की थी, 'तिलक' लगाकर जवाब दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप का फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया। नवरात्रि और फेस्टिव सीजन के बीच हुए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर राजधानी में उत्साह चरम पर था। जैसे ही रिंकू सिंह के बैट से विजयी चौका लगा, फैंस खुश हो गए और एक-दूसरे को बधाई देने लगे।

इसके साथ ही एमपी नगर, न्यू मार्केट, अरेरा कॉलोनी समेत अनेक स्थानों पर फैंस ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। इसके साथ ही फैंस एक सुर में कहते नजर आए कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, वहीं कुछ ने कहा, बात सिंदूर की इज्जत की थी, टीम इंडिया ने तिलक लगाकर जवाब दिया है।

*शहर में फैंस ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की*

*भारत-पाकिस्तान के मुकाबले को लेकर शहर में रहा उत्साह चरम पर*

*पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया था अतिरिक्त बल*




देर रात एमपी नगर में भारत की जीत का जश्न मनाते युवा। फोटो : गुरु अमृतपाल सिंह।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

राजधानी में पुलिस ने पुराने शहर समेत संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर अतिरिक्त बल तैनाती बनाए रखी। करीब 1200 जवान और अधिकारियों ने सुरक्षा संभाली। इसमें आरएएफ की एक कंपनी सहित मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टियां लगातार गश्त करती रहीं।

### शुरुआत में निराश हुए प्रशंसक, फिर चेहरों पर लौटी मुस्कान



बागसेवनिया में मैच को देखते हुए परिवार।

*मैच की शुरुआत में ही जब महज 5 रन के स्कोर पर अभिषेक शर्मा आउट हुए तो प्रशंसकों में निराशा छा गई। अभिषेक के बाद शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन भी सस्ते में आउट हो गए तो भारतीय निराशा में डूब गए। इसके बाद आए ऑलराउंडर शिवम दुबे और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला और चौके-छक्के जड़ते हुए मैच को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। शिवम 33 रन के स्कोर पर फहीम अशरफ की गेंद पर छक्का मारने के प्रयास में शाहीन अफरीदी के हाथों कैच आउट हो गए। इनके बाद क्रीज पर रिंकू सिंह आए और उन्होंने तिलक का साथ दिया और मैच पांच विकेट से जीत लिया।*

### इंडिया जिंदाबाद, तिलक जिंदाबाद

*जैसे ही रिंकू सिंह के चौके की बदौलत टीम इंडिया ने मैच जीता, प्रशंसकों में खुशी का माहौल छा गया। जो दोस्तों के यहां बैठे थे, सबने एक-दूसरे को जीत की मुबारकबाद दी। वहीं फोन पर भी बधाइयां देने का सिलसिला चलता रहा। इसके साथ ही राजधानी के क्रिकेटर्स ग्रुप भी वाट्सअप ग्रुप पर पल-पल की अपडेट देते रहे। जैसे ही मैच जीतने की खबर लगी, बधाइयां देने का सिलसिला चल निकला, जो देर रात तक जारी रहा। इन बधाई संदेशों में इंडिया जिंदाबाद, तिलक जिंदाबाद लिखे हुए थे।*



रेतघाट चौराहे पर भारत की विजय पर नाचते युवा।

### पहले से ही कर रखी थी तैयारी

जहां क्रिकेट प्रेमियों ने मैच देखने की तैयारी विद पार्टी पहले ही से कर रखी थी। यानि क्रिकेट प्रेमियों ने पहले ही डिसाइड कर लिया था कि वे शनिवार की शाम किस दोस्त या परिचित के घर बैठकर मैच का लुत्फ उठाएंगे। हालांकि पहलगाम हमले की नाराजगी भी लोगों में जमकर दिखी, इसलिए न्यू मार्केट, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, मीनाल रेसीडेंसी के अलावा कई क्लबों और रेस्टॉरेंट में इस बार बड़े पर्दे पर लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था नहीं की गई थी। हालांकि युद्ध के मैदान में पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद क्रिकेट के मैदान पर भी पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी, इसलिए टीम इंडिया की जीत के लिए मां के पंडालों और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती रही।

---

## भोपाल में बीते 5 साल में 900 से ज्यादा लोगों ने सड़क हादसे में गंवाई जान

### अधिकृत एजेंसियां नहीं करती आवेदकों की ड्राइविंग कुशलता की जांच

# प्रशिक्षण की कमी और ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने से राजधानी में बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

हरिभूमि पड़ताल

शिवनारायण सोनी ▶▶ भोपाल


राजधानी में तेजी से बढ़ रहे सड़क हादसे चिंता का कारण बन गए हैं। रोजाना सड़क हादसे में किसी के बेटा-बेटी की मौत हो रही है तो किसी महिला के मांग का सिंदूर भी उजड़ रहा है। शराब पीकर और अनियंत्रित तेज गति से वाहन चलाना भी सड़क हादसे का कारण है। कुछ जानकारों की माने तो सड़क हादसों का सबसे प्रमुख कारण बिना प्रशिक्षण प्राप्त कर थोड़ी की जानकारी के साथ वाहन चलाना है, जिसमें आए दिन लोग मौत का शिकार हो रहे हैं, जो सबसे बड़ी समस्या है। वहीं कई जानकारों का कहना है कि आरटीओ द्वारा अधिकृत ठेके पर दी गईं एजेंसियां जो ड्राइविंग लाइसेंस बनाती हैं, वह मोटर वीकल एक्ट के नियमों का पालन नहीं करती हैं, सिर्फ पैसा लेकर लाइसेंस बनाकर दे देती हैं। चाहे व्यक्ति वाहन चालने के काबिल हो अथवा न हो। वास्तव में वाहन चलाने का प्रशिक्षण लेने के बाद उसका प्रमाण मिलने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस दिया जाना चाहिए। इससे सड़क हादसे में काफी कमी आएगी। वहीं कई माताओं की गोद उजड़ने से बच जाएगी। इसके साथ ही अभिभावकों को अपने नाबालिग और बिना प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को वाहन चलाने के लिए नहीं देना चाहिए।

राजधानी में सड़क हादसों के आंकड़े डराने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बीते 5 सालों में 900 से ज्यादा लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हुई है, जिनमें से करीब 70 प्रतिशत यानी 543 लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था। भोपाल में 16 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां सबसे अधिक गंभीर हादसे होते हैं। भोपाल में 108 एंबुलेंस ने 2025 में जनवरी से अगस्त तक सड़क हादसे में 3965 घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

गौरतलब है कि राजधानी में हादसों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। बढ़ते ट्रैफिक के बीच सुरक्षित वाहन चलाना काफी मुश्किल हो गया है। दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया या भारी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों को ध्यान में न रखकर वाहन दौड़ा रहे हैं। कोई भी कहीं भी तेजी से वाहन चलते हुए आगे निकलने की होड़ में लगा रहता है। इसके साथ ही लेफ्ट साइड को भी क्लीयर नहीं रखते हुए अपने बड़े वाहन खड़े करने से नगर में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वहीं आगे भागने की होड़ में या ओवरटेक करने की चाहत में अक्सर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

### आगे निकलने की होड़ में वाहन चालक चला रहे तेज गति से गाड़ी

### नाबालिग भी सड़कों पर तेज रफ्तार में दौड़ा रहे वाहन



#### खराब सड़क भी दुर्घटना का कारण

सड़कों पर दरारें, जगह- जगह कट, अंधे मोड़, संकेतकों-रेलिंग का अभाव, घाट, सड़क निर्माण में तकनीकी खामियां ये कुछ वजहें जाने-अनजाने प्रदेशभर में सड़क हादसों को जन्म दे रही हैं। इंजीनियरिंग में गड़बड़ी जानलेवा साबित हो रही है। सूबे में ऐसी सड़कों की लंबाई 203 किलोमीटर है। यह सामने आया है कि परिवहन विभाग की रोड सेफ्टी शाखा की रिपोर्ट में, जिसमें सड़क हादसों के कारण बताए गए हैं।

#### अधिक मामले 16 से 30 वर्ष आयु वालों के

मध्यप्रदेश में वर्ष 2025 में जनवरी से जून के बीच 69 हजार 951 ट्रॉमा केस दर्ज किए गए। इनमें भी सबसे अधिक मामले 16 से 30 वर्ष आयु वालों के हैं। इनकी संख्या 40 हजार 441 रही। यह कुल दुर्घटनाओं का 57.81 प्रतिशत है। यह आंकड़े 108 एंबुलेंस की रिपोर्ट के हैं। वहीं 2023 में मध्यप्रदेश में 13 हजार से ज्यादा लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 14 हजार से भी अधिक हो गई।

#### 2025 में सड़क हादसे में घायलों का आंकड़ा

| | |
|---|---|
| जनवरी | 606 |
| फरवरी | 483 |
| मार्च | 468 |
| अप्रैल | 470 |
| मई | 616 |
| जून | 484 |
| जुलाई | 432 |
| अगस्त | 406 |

(108 एंबुलेंस द्वारा हॉस्पिटल पहुंचाया गया)

#### सड़क हादसों के प्रमुख कारण

- बिना प्रशिक्षण प्राप्त कर सड़कों पर वाहन दौड़ाना
- वाहनों का ओवर स्पीड होना
- शराब पीकर वाहन चलाना
- वाहनों की खराब स्थिति
- सड़कों की खराब हालत
- मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना
- आगे निकलने की होड़ में अनियंत्रित वाहन चलाना
- ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर लापरवाही से वाहन चलाना

#### आवेदक के फार्म की जांच की जाती है, टेस्ट लिया जाता है

भोपाल आरटीओ में लाइसेंस जारी करने से पहले आवेदक के फार्म की जांच की जाती है। इसके बाद प्रभारी अधिकारी टेस्ट लेता है, जिसमें दो पहिया या चार पहिया वाहन आवेदकों से वाहन चलवा कर देखा जाता है। इसके बाद ही लाइसेंस जारी किया जाता है।

जितेन्द्र शर्मा, आरटीओ, भोपाल

#### सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग न करने वालों को ज्यादा चोट की आशंका

हमारी एंबुलेंस सेवा पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ लोगों की सेवा के लिए तत्पर है। एक्सीडेंट के मामले में देखा गया है कि जिन मामलों में सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग नहीं किया जाता हैं, उसमें लोगों को चोट लगने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हमारी सबसे अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाएं। आपातकालीन स्थिति होने पर 108 एंबुलेंस से संपर्क करें, जिसमें जीवन रक्षक उपकरण एवं प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद होते हैं, जो जीवन रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



तरुण सिंह परिहार
सीनियर मैनेजर, मप्र 108 एंबुलेंस सेवा

#### आरटीओ की अधिकृत एजेंसियां नहीं करती नियमों का पालन

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जो ड्राइविंग लाइसेंस दिया जाता है, उसमें उन नियमों का पालन ही नहीं किया जाता है। इन दिनों ड्राइविंग लाइसेंस बनने के लिए आरटीओ द्वारा अधिकृत एजेंसियां अपने मूल कर्तव्यों का पालन ही नहीं करतीं हैं। लाइसेंस बनाने की व्यवस्था में दोष है। इसका दूसरा मुख्य कारण है ठेके पर कामों को देना। उन ठेकेदारों का उद्देश्य सिर्फ पैसा कमाना रहता है। उनको सिर्फ पैसा चाहिए, सामने वाला व्यक्ति वाहन चलाना जानता है या नहीं उनको इससे कोई मतलब नहीं रहता। लाइसेंस देने के लिए विधिवित उनको प्रशिक्षण देना चाहिए और प्रमाण-पत्र मिलने के बाद ही किसी भी व्यक्ति को वाहन चलाने का लाइसेंस देना चाहिए। बिना प्रशिक्षण के गाड़ी चलाने वाला सड़क पर सिर्फ गाड़ी दौड़ा सकता है। उसे न तो ट्रैफिक नियम मालूम होते हैं और न ही गाड़ी को नियंत्रित करने की जानकारी होती है, जिसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होता है। आज से 15 से 20 साल पहले पूर्ण प्रशिक्षण के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस देते थे। आज ठेके की एजेंसियां और दलाल पैसा लेकर लाइसेंस बनवा देते हैं। शहर में इन दिनों ई-रिक्शा जितने भी चल रहे हैं, उनमें अधिकांश लोग बिना प्रशिक्षण के ही गाड़ी चलाते हैं। सरकार को लापरवाही करने वाले अधिकृत ठेके की एजेंसियों पर कार्रवाई करना चाहिए। वैसे तो ये ठेके की व्यवस्था तो बंद करना चाहिए। जिसके पूर्ण प्रशिक्षण लेकर ही वाहन चलाने का लाइसेंस मिल सके।



श्याम सुंदर शर्मा, अध्यक्ष, सड़क परिवहन कर्मचारी अधिकारी उत्थान समिति मध्य प्रदेश

#### शराब पीकर वाहन चलाने से होती हैं अधिकांश दुर्घटनाएं

नए बच्चों में वाहन चालने का उत्साह रहता है। कुछ बच्चे थोड़ा सा चलाना सीख कर सड़क पर उतर आते हैं। उन्हें न तो नियमों की जानकारी रहती और और न ही वाहनों पर कंट्रोल रहता है। वे तेजी से और लापरवाही से वाहन चलते हैं, जिससे वे आए दिन दूसरे वाहनों या फिर डिवाइडर से जाकर टकरा जाते हैं। यहां तक की बच्चे नया वाहन हाथ लगते ही तेजी और लापरवाही से वाहन चालते हैं, जिससे कई बार खड़े वाहनों में घुस जाते हैं और अपनी जान को गवां देते हैं। इसके अलावा मुख्य कारण यह भी है कि नवयुवक रात में घर से दूर ढाबों पर खाना खाने या फिर चाय नाश्ता करने जाते हैं, वहां पर खाने के साथ शराब भी पीते हैं। फिर देर रात वहां से निकलते हैं। नशा होने के कारण उनसे वाहन संभलता नहीं है और डिवाइटर या खड़े वाहनों में पीछे से टकरा कर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन को भी सख्ती से जांच कार्रवाई करना चाहिए। इससे शराब पीकर वाहन चलाने वालों में कमी आएगी और हादसे भी कम होंगे। उदाहरण के तौर पर इंदौर में रात में वाहन चलाने वालों की लगातार चैकिंग की जाती है। ऐसा ही हमारे राजधानी में भी होना चाहिए। जिससे हम अपनी नई पीढ़ी को दुर्घटना से और मौत के मुंह में जाने से बचा सकते हैं।



ठाकुर लाल राजपूत
अध्यक्ष, भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन

#### प्रैक्टिकल जानकारी न होना दुर्घटना की वजह

आज के युवाओं को प्रैक्टिकल जानकारी नहीं होने के कारण वह हादसे का शिकार हो रहे हैं। जानकारी के अभाव में न ट्रैफिक नियमों का पालन करते हैं और न गाड़ी को नियंत्रित चलाने का अभ्यास रहता है। सिर्फ वे वाहनों को दौड़ाना ही जानते हैं। बच्चों के हाथ में जैसे ही नया वाहन आता है वे तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसका दुष्परिणाम यह होता है कि वे अपाहिज हो जाते हैं या फिर अभिभावक उनको खो देते हैं। इन्हें वाहन चलाने से पहले पूर्ण प्रशिक्षण लेना चाहिए, जिससे कहां पर कैसे गाड़ी चलाना है उसका पूरा अभ्यास हो जाएगा और ट्रैफिक नियमों का भी पालन करेंगे। हम बच्चों को प्रोत्साहित करने और हादसे से बचाने के लिए स्कूल-कॉजेल में जाकर उन्हें जागरूक करते हैं, साथ ही ट्रैफिक नियमों की पूरी जानकारी देते हैं। बच्चों को बताते हैं जैसे स्कूल कॉलेज जाते समय जूता पहनना नहीं भूलते, वैसे ही वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना नहीं भूलना चाहिए।



बसंत कौल, डीसीपी, ट्रैफिक पुलिस, भोपाल

---

## हृदय रोग के कारण धूम्रपान, अत्यधिक वसा, शरीर में ज्यादा चर्बी, तनाव और मधुमेह

# मेडिकल एक्सपर्ट ने कहा, घर का खाना, छह घंटे की नींद और एक घंटे एक्सरसाइज से दिल रहेगा जवां

### युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण तंबाकू और सिगरेट



विश्व हृदय दिवस

सचिन सिंह बैंस ▶▶ भोपाल

दिल को जवां रखना है तो रोजाना छह घंटे की नींद लेने के साथ एक घंटे एक्सरसाइज करें और घर का बना ही खाना खाएं। अगर आपने इस रूटींन को अपना लिया तो अपका दिल जवानी के साथ बुढ़ापे में भी जवां बना रहेगा। यह टिप्स गांधी मेडिकल कॉलेज के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राघवेंद्र सिंह मीणा ने बताएं। 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए डॉ. मीणा ने बताया कि युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण तंबाकू और सिगरेट है। युवा इसे नजर अंदाज करते हैं। तंबाकू और सिगरेट के सेवन से शरीर की धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं। खून न पहुंचने से दिल का दौरा पड़ता है।

डॉ. मीणा ने कहा कि अगर आप भी चाहते हैं कि बुढ़ापे तक आपका दिल साथ दे तो तुरंत सिगरेट और तंबाकू से दूरी बना लीजिए। डॉ. मीणा का कहना है कि हृदय रोग के प्रमुख कारण धूम्रपान, अत्यधिक वसा, शरीर में ज्यादा चर्बी, अत्यधिक चिंता, मधुमेह है। यही कारण है कि 30 से 35 प्रतिशत मौतें दिल की बीमारी (हार्ट अटैक) से हर साल जिले में हो रही है।

*सिगरेट और तंबाकू से दूरी बना लीजिए*

*30 से 35 प्रतिशत मौतें अटैक से हर साल जिले में*



#### हर महीने 50 से 60 युवाओं को हार्ट अटैक

युवा अगर अपने खान-पान और रहन-सहन पर ध्यान नहीं देंगे तो स्थितियां ज्यादा खराब होगी। रोजाना तीन प्रकार के फल और तीन प्रकार के सलाद का सेवन करना चाहिए, जिससे आप कई प्रकार की बीमारियों से बचें रहेंगे। असंतुलित जीनवशैली के कारण मौजूदा समय में हर माह 50 से 60 युवा मरीज हार्ट अटैक का शिकार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इन मरीजों की उम्र 25 से 45 वर्ष के बीच है। इनमें तो कई ऐसे भी हैं, जिनको दूसरी बार अटैक आया है। यह ज्यादा चिंता का विषय है।



डॉ. सुब्रोतो मंडल, हृदय रोग विशेषज्ञ

#### मरीजों की जान बचाने में हमीदिया आगे

हमीदिया अस्पताल के हृदय रोग विभाग में हर साल 40 हजार से ज्यादा हृदय रोगी पहुंच रहे हैं। इनमें से 79 प्रतिशत तक रोगी स्वस्थ हो रहे हैं। हमीदिया अस्पताल के कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट में बेहतर काम हो रहा है। यही कारण है कि दूसरे अस्पतालों के डॉक्टर आकर रोगी प्रबंधन हमीदिया से सीखना चाहते हैं। हमें इसका गर्व है कि मरीजों की जान बचाने में भी हम किसी निजी कार्पोरेट अस्पताल से पीछे नहीं हैं।



डॉ. कविता एन सिंह
डीन, जीएमसी

#### 35 की उम्र के बाद खानपान का रखें विशेष ध्यान



आज के समय में तनाव, अनियमित दिनचर्या, धूम्रपान, नमक, मोटापा, अनिद्रा हृदय के लिए घातक है, जिसके कारण हृदय रोगियों की संख्या बढ़ रही है। हृदय रोग से बचने के लिए भरपूर नींद ले, अच्छी डाइट ले और नियमित व्यायाम करें। हृदय में अचानक दर्द होने पर तुरंत हृदय रोग विशेषज्ञ को दिखाएं। 35 वर्ष की उम्र के बाद खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

डॉ. योगेंद्र श्रीवास्तव, मेडिसिन विशेषज्ञ, जेपी अस्पताल

---

## आग में अन्य दुकानें भी चपेट में आई

# चाय बनाते समय सिलेंडर का पाइप निकलने से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर जोन-2 में रविवार सुबह अचानक एक चाय की दुकान में आग लग गई। घटना करीब सवा ग्यारह बजे की है। अचानक आग भड़कने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और दुकान के सामने बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चाय बनाते समय गैस सिलेंडर का पाइप अचानक निकल गया, जिससे आग लगी।

दुकान के अंदर रखा फर्नीचर तुरंत आग की चपेट में आ गया और देखते ही देखते लपटें तेजी से फैल गईं। आग इतनी बढ़ गई कि पास की एक दुकान का एसी जल गया, जबकि दूसरी दुकान का फ्रेम झुलस गया। हालांकि गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। फायर कंट्रोल रूम को सुबह 11 बजकर 10



मिनट पर घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुल बोगदा और माता मंदिर फायर स्टेशन से एक-एक दमकल मौके पर रवाना हुई। दमकल वाहनों को मौके तक पहुंचने में करीब 20 मिनट लग गए। इस दौरान दुकान में रखा लगभग सारा सामान जलकर राख हो चुका था। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर करीब आधे-पौन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चाय की यह दुकान एक एजेंसी की फ्रेंचाइजी थी। घटना के बाद निगम के फायर कर्मियों ने बारीकी से जांच की। इसके बाद पंचनामा बनाकर वह रवाना हुए।

## खबर संक्षेप



### 200 से अधिक रोगियों के स्वास्थ्य की जांच

**मंडीदीप।** भाजपा ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक इमलिया गौडी के गोशाला प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें 10 गांव के करीब 200 महिला एवं पुरुष ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में हमीदिया के डॉ. राजीव गुप्ता, जेके हॉस्पिटल के डॉ. राजेश गुप्ता ने जांच की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम भी सुना गया, जिसमें विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेंद्र मैथिल, उपाध्यक्ष राजेंद्र नगर समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नकली खाद से धान खराब होने का आरोप

**औबेदुल्लागंज।** गौहरगंज तहसील में स्थित सोसाइटियों की दुकानों पर किसानों को अमानक खाद वितरित की गई। खाद धान की फसल में उपयोग की, जिसके बाद फसल खराब हो गई। इस नकली खाद के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसानों में आक्रोश है। किसान नेता हरजीत सिंह मंगू, मोहन पटेल पारखेड़ी, उत्तम यादव, डॉ. नंदू नागर, राजमल नागर ने कहा कि नकली खाद मामले की जांच कराई जानी चाहिए तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। किसान नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सोसाइटियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस कार्यकर्ता परेश नागर, संजय सिंह चौहान, पार्षद राजेश खटीक, कमलेश लोधी, उत्तम यादव, दुर्गेश यादव, पंकज नागरानी, अमित मोनी नागर आदि ने भी विरोध जताया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र में उग्र आंदोलन किया जाएगा।


### सिंगिंग ग्रुप के कार्यक्रम में दी प्रस्तुतियां



**संतनगर।** मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का 32वां गीत-संगीत का कार्यक्रम एसजी हेरिटेज होटल में हुआ। कार्यक्रम के संचालक रामचंद सभनानी, उप संचालक सुरेश तनवानी, सीके जेठानी व आयोजक एडवोकेट राजू जाट थे। कार्यक्रम की एंकरिंग बेस्ट एंकर रोशनी तनवानी ने की एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट प्रदीप शर्मा, विशेष अतिथि हीरो हिन्दू एवं एसजी हेरिटेज होटल के मालिक लक्षणदास आसवानी, रमेश तनवानी रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भागचंद पेसवानी, केएल मोटवानी, रमेश जनयानी, जेठानंद तेजवानी, अशोक चंचलानी, डाक्टर राणा, हरीश सावलानी, राजेश परते, हर्षद पाटीदार, एडवोकेट अनिल जैवार, हरनाम पेसवानी, एडवोकेट करन शाक्य, रासालिका कश्यप आदि कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

### माधवदास मेघानी का निधन

**औबेदुल्लागंज।** प्रेम सुपर बाजार के संचालक हरीश मेघानी एवं महेश मेघानी के पिताजी, सिंधी समाज के वरिष्ठ संरक्षक माधवदास



मेघानी (हप्पन भैया) का आकस्मिक निधन हो गया। व्यापारी महासंघ अध्यक्ष जगदीश चांदनी, वार्ड 2 पार्षद भारती नरेश सेठी, सिंधी समाज के रमेश बासवानी, रतन मेघानी, पंकज नगरानी, सोनू बासवानी, कमलेश मेघानी, अशोक सेठी, मनीष गोशिंदे, नीरज चावला, विक्रम दांडी आदि व्यापारी महासंघ एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने माधवदास मेघानी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्वर्गीय माधवदास मेघानी का अंतिम संस्कार आज सोमवार को किया जाएगा।

# एनएसयूआई नेता का पाकिस्तान कनेक्शन, साइबर ठगी में मिली संलिप्तता, एबीपीवी ने लगाए आरोप

एनएसयूआई ने कहा- वर्तमान में उसका एनएसयूआई से कोई संबंध नहीं है, एबीवीपी इसे एनएसयूआई से जोड़कर हमारी छवि धूमिल करने की साजिश कर रही

एबीवीपी ने कहा- माखनलाल चतुर्वेदी विवि एनएसयूआई अध्यक्ष अमन कुमार करोड़ों की साइबर ठगी में लिप्त, एनएसयूआई के देश विरोधी एवं पाकिस्तान हितैषी चरित्र को कर रहा उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के एनएसयूआई इकाई अध्यक्ष अमन कुमार द्वारा करोड़ों रुपए की साइबर ठगी में संलिप्तता के आरोप लगे हैं।

इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा कि एनएसयूआई नेता के पाकिस्तान कनेक्शन ने एनएसयूआई और कांग्रेस के असली चरित्र को उजागर कर दिया है। बताया गया कि पूर्व एनएसयूआई पदाधिकारी द्वारा नागरिकों को मासिक 500 रुपए का लालच देकर इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक में उनके 250 से अधिक खाते खुलवाना और इन खातों के माध्यम से 3 करोड़ रुपए से अधिक का फर्जी लेन-देन करना और साइबर ठगी के तार सीमा पार पाकिस्तान से जुड़ने के पर्याप्त प्रमाण मिलना यह एनएसयूआई के देश विरोधी एवं पाकिस्तान हितैषी चरित्र को उजागर करता है। विद्यार्थी परिषद का मत है कि इस प्रकरण की जांच केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कराई जाएं।

**अमन कई महीनों से संगठन से निष्क्रिय था**

अमन कुमार पिछले कई महीनों से एमसीयू ईकाई एनएसयूआई से निष्क्रिय था। मार्च में उसे अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। वर्तमान में उसका एनएसयूआई से कोई संबंध नहीं है। एबीवीपी इसे एनएसयूआई से जोड़कर हमारी छवि धूमिल करने की साजिश कर रही है। हम किसी भी अपराध या अनैतिक गतिविधि की निंदा करते हैं।

**प्रत्यक्ष कनोजिया**, अध्यक्ष, एनएसयूआई, एमसीयू

**अब उसका विवि से कोई संबंध नहीं**

*अमन कुमार विवि का छात्र रहा है। उसके द्वारा कुछ फ्रॉड का मामला मेरी जानकारी में आया था। अब उसका विवि से कोई संबंध नहीं है।*

*विजय मनोहर तिवारी*, कुलगुरु, एमसीयू

**किसने, क्या कहा**

*एबीवीपी मध्यभारता प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि इस धोखाधड़ी के मामले में पाकिस्तान से जुड़े साइबर फ्रॉड गिरोह का कनेक्शन एनएसयूआई भोपाल के कार्यकर्ता अमन कुमार से सामने आया है। अमन के मोबाइल से पाकिस्तान के कई नंबर और स्कैनर के आदान-प्रदान के सबूत मिले हैं। जांच में पता चला कि अमन पिछले दो वर्षों से इसमें शामिल है और पाकिस्तानी युवक अरसद के संपर्क में काम कर रहा था। अभाविप प्रशासन से मांग करता है कि इस प्रकार के देश विरोधी तत्वों एवं ठगों के ऊपर कठोरतम एवं देशद्रोह की धाराओं में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने कहा कि पेपर लीक से लेकर छात्राओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म की घटनाओं में लिप्ततता, यह कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई का चरित्र है।*

## काम के सिलसिले में शहर आए थे, घर लौटते समय हुआ हादसा

# भोपाल-ब्यावरा रोड पर बाइक पेड़ से टकराई, अधेड़ की मौत

बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे नीलगिरी के पेड़ में घुस गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-ब्यावरा रोड पर रविवार शाम तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क किनारे लगे नीलगिरी के पेड़ में जा घुसा। राहगीरों ने उसे एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार करीम खान (51) राम नगर कॉलोनी, दौराहा, जिला सीहोर के थे। पेशे से मजदूर करीम खान किसी काम से भोपाल आए थे और रविवार शाम अपने घर लौट रहे थे। वे परवलिया सड़क स्थित शाहपुर जोड़ से आगे पहुंचे थे कि शाम करीब साढ़े 4 बजे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ में घुस गई। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, वहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। करीम खान के मोबाइल में मिले नंबर के आधार पर पुलिस ने परिजन से संपर्क किया था।

**किसान ने खांखर के पेड़ पर लगाई फांसी**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव रासलाखेड़ी में रविवार दोपहर एक किसान ने अपने ही खेत में लगे खांखर के पेड़ पर फांसी लगा ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह शराब पीने के आदी थे। पुलिस ने उनका शव फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार कृपाल सिंह पिता निर्भय सिंह (45) रासलाखेड़ी, ईंटखेड़ी में रहते थे। घर से एक किमी की दूरी पर उनका खेत है। रविवार दोपहर वह खेत गए थे। परिजन उन्हें देखने खेत पर पहुंचे। इस दौरान उनकी लाश खाखर के पेड़ पर गमछे के सहारे लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। कृपाल सिंह की तलाशी लेने पर उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**बोलेरो के ड्राइवर और साथी ने ट्रैफिक के आरक्षकों से की झूमाझटकी**

कलेक्टोरेट चौराहा के पास की घटना, सीट बेल्ट नहीं लगाने पर रोका तो कर दिया हंगामा

भोपाल। कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित कलेक्टोरेट चौराहा पर शनिवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों ने जमकर हंगामा किया और ट्रैफिक के कांस्टेबलों से झूमाझटकी कर दी। दरअसल, बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी ड्राइव करने पर ट्रैफिक के जवानों ने उन्हें रोका था। चेकिंग पाइंट पर हंगामा होता देख भीड़ लग गई। ट्रैफिक के जवानों ने कोहेफिजा पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंचती आरोपी मौके से भाग निकले। हालांकि पुलिस ने एक युवक को दबोच लिया है। पुलिस ने चालक और युवक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरक्षक अनुज तिवारी (28) ट्रैफिक पुलिस में आरक्षक हैं। शनिवार शाम करीब साढ़े 4 बजे वह कलेक्टोरेट चौराहा के पास एएसआई प्रभु सिंह व आरक्षक सूरज उपाध्याय के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सीट बेल्ट नहीं लगाने पर शहर से लालघाटी की ओर जा रहे बोलेरो वाहन को रोका गया। बोलेरो में चालक के अलावा महिलाएं भी सवार थीं। पुलिस ने सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चालानी कार्रवाई करना चाही। बोलेरो चालक ने कार्रवाई का विरोध करते हुए गाली-गलौज और झूमाझटकी शुरू कर दी। बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गए। इस बीच भीड़ में से अनस नामक युवक भी वहां आ धमका और कार्रवाई का विरोध करते हुए आरक्षक अनुज तिवारी व सूरज उपाध्याय से झूमाझटकी व अभद्र व्यवहार करने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोहेफिजा थाने सूचना दी गई। थाने से चार-पांच पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और अनस नामक युवक को दबोच लिया। पुलिसकर्मियों को आता देख बोलेरो चालक अपनी गाड़ी लेकर तेजी से लालघाटी की ओर भाग निकला। कोहेफिजा थाने के एसआई शोभाराम वर्मा का कहना है कि आरक्षक अनुज तिवारी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, बेड पर मिली डिकंपोज बॉडी**

*कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित गणेश अपार्टमेंट में शनिवार शाम एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी लाश बेड पर डिकंपोज अवस्था में मिली। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लाश पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी थी। रविवार को उनका पीएम कराने के बाद लाश उनकी बहन को सौंप दी गई है। पुलिस के अनुसार सतेंद्र श्रीवास्तव (53) फ्लैट नंबर-3 गणेश अपार्टमेंट कोटरा में रहते थे। वे प्राइवेट काम करते थे। चार-पांच मकान छोड़कर उनकी बहन संजीता श्रीवास्तव रहती हैं। संजीता ने बताया कि भाई सतेंद्र ने शादी नहीं की थी। वे फ्लैट में अकेले रहते थे। उनके पड़ोसियों ने शनिवार शाम सूचना दी थी कि उनके फ्लैट से बदबू आ रही है। अनहोनी की आशंका पर संजीता फ्लैट पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। अनुमान है कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है।*

## कोलार थाने के सामने बजरंग दल का हंगामा, दोनों पक्षों के बीच समझौता

# लंपी वायरस से ग्रसित गाय का इलाज कराने का कहा तो बजरंगियों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोलार रोड पर लंपी वायरस से ग्रसित गाय का इलाज कराने का कहने पर गाय मालिक और उसके साथियों ने कार्यकर्ताओं से मारपीट कर दी। वहीं कार्यकर्ताओं की शिकायत दर्ज कराने कोलार थाने भी पहुंच गए। जब इस बात की जानकारी बजरंग दल के पदाधिकारियों को लगी तो वह थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। हालांकि बाद में बजरंगियों और गाय मालिक का समझौता हो गया और हंगामा शांत हो गया।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर कोलार रोड पर बजरंगियों ने लंपी वायरस से ग्रसित गाय को कोलार रोड पर देखा था। उन्होंने गाय के मालिक से कहा कि यह वायरल खतरनाक है और अन्य गायों में फैल जाएगा। अपनी गाय को पशु चिकित्सालय ले जाकर उसका इलाज कराओ। इस पर गाय मालिक और उसके साथ मौजूद लोग भड़क गए। उन्होंने समझाइश देने वाले बजरंगियों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट करने के बाद बजरंगियों के खिलाफ वह शिकायत दर्ज कराने कोलार थाने पहुंचे। वहां बजरंगी भी पहुंच गए थे। उन्होंने मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाद में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

### स्वच्छता अभियान:ट्रेन स्टेशनों के शौचालय और यार्ड की हुई सफाई

**भोपाल।** भोपाल मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंडल भोपाल सहित के प्रमुख स्टेशनों स्टेशनों के यात्री शौचालयों को अभियान चलाकर स्वच्छ किया गया, साथ ही वन्दे भारत एवं भोपाल से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों के शौचालय के साफ-सफाई की गई। स्टेशनों यार्ड की भी सफाई इस अभियान के माध्यम से की गई। स्टेशनों एवं स्टेशन परिसर में स्वच्छता की नियमित सुनिश्चिति मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा किया जा रहा हैं। जिसमें प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, कार्यालय, कोचिंग डिपो के शौचालयों, स्नानघरों तथा स्टेशन परिसर में स्थित यूरिनल आदि के निरीक्षण के दौरान पानी की सप्लाई तथा टायलेट फिटिंग को दूरूस्त भी कराए जा रहे हैं।

### गांधीनगर में 45 फीट ऊंचा रावण का पुतला दहन होगा

**संतनगर।** विजयादशमी पर्व पर जनश्री सेवामय संस्था द्वारा बजरंग दशहरा मैदान गांधीनगर पर भव्य रूप से रावण दहन कार्यक्रम किया जा रहा है। इस बार के रावण का कद 45 फीट ऊंचा रखा गया है तथा मेगनाथ और कुंभकरण का कद 40 फीट रखा गया है। संस्था के अध्यक्ष राजू मीणा, कार्यक्रम सयोजक मोहित सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष अनिल मुठेले, मनोज शर्मा, विकास चौकसे, अजय रघुवंशी, सौरभ चौहान, कमलेश गोलानी, प्रवक्ता सूरज नामदेव एवं कोषाध्यक्ष रोशन मीना व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। अध्यक्ष राजू मीणा ने बताया कि विजयादशमी पर्व पर शाम 5 बजे कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिसमें मुख्य अथिति हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा एवं भाजपा भोपाल जिला उपाध्यक्ष राम बंसल रहेंगे।

### प्रशासन ने नहीं दी दशहरे पर आयोजन की अनुमति: खटीक

**औबेदुल्लागंज।** श्रीराम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि समिति को हाई कोर्ट से स्टे आदेश प्राप्त हो चुका है, इसके बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से दशहरा मनाने की अनुमति नहीं दी गई है। स्टे ऑर्डर की प्रति कलेक्टर, एसडीएम, एसडीओपी को छह दिन पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू चौकसे को प्रशासन द्वारा दशहरा पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के लिए दशहरा ग्राउंड एवं सब्जी मंडी ग्राउंड में आयोजन की अनुमति दी गई है। वहीं उनकी समिति को दशहरा और कार्यक्रम की अनुमति न मिलना प्रशासन की दोहरी नीति को दर्शाता है।

# गरबा महोत्सव की रंगारंग छटा, पटवा ने स्वच्छता का संदेश देते हुए खेला गरबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रांगण में शनिवार शाम गरबा महोत्सव संस्कृति, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम बन गया।


कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र पटवा एवं मोना सुरेन्द्र पटवा, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आयुक्त अजातशत्रु श्रीवास्तव एवं प्रतिष्ठा श्रीवास्तव तथा विशेष अतिथि सेंस्ड एनजीओ के उपाध्यक्ष वर्धमान मेहता ने आयोजन को गौरवान्वित किया। शिक्षकों, माताओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने गरबा की ताल पर झूमते हुए स्वच्छता का संदेश और सांस्कृतिक एकता का स्वर गूंजाया। विधायक पटवा के प्रेरक उद्बोधन ने सभी को सामाजिक जिम्मेदारी और भारतीय संस्कृति के गौरव को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

**इन्होंने महोत्सव में की शिरकत**



कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, नगर पालिका उपाध्यक्ष नमीता वागीश अग्रवाल, पार्षद भारती नरेश सेठी एवं मंडल उपाध्यक्ष प्रीति गजेन्द्र नागर, माया राय, राहुल नागर, जीतू नंदवंशी सहित अनेक नागरिकों की उपस्थिति रही।

# माता दुर्गा की झांकी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गरबा का भी आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** जय मां वैष्णो देवी दुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर 14 दुर्गा चौक में महिला मंडल की माता दुर्गा प्रतिमा की झांकी में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, साज-सज्जा एवं गरबा चल रहा है। हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल, सुनीता जायसवाल, पुष्पा सिंह, पार्वती जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, अंशु जायसवाल, अदिति जायसवाल, रागिनी शर्मा, उषा शर्मा आदि माता दुर्गा की भक्ति में लीन है।

### माता की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**तामोट।** तामोट में श्रीराम मंदिर में माता की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी है। झांकी में युवा, महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता आकर आरती कर भक्ति करते हैं।



## दशहरे को लेकर श्रीराम मंदिर में प्रेसवार्ता

# रात 12 बजे से पूर्व होगा रावण दहन, झांकियां होंगी पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू चौकसे, कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, अशोक जायसवाल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी तथा सचिव प्रदीप अरोरा ने रविवार को श्रीराम मंदिर में पत्रकारों से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि और दशहरा पर्व को इस बार ऐतिहासिक और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा तथा इसके लिए पत्रकारों से सहयोग की अपील की गई। कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव ने बताया कि इस वर्ष रावण और कुंभकर्ण का दहन रात्रि 12 बजे से पहले करने के प्रयास हैं। समिति की ओर से यह भी घोषणा की गई कि पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और माता के भक्तों द्वारा स्टॉल लगाकर फलाहार, चाय आदि वितरण करने वालों का सम्मान किया जाएगा।

**फलाहार व चाय का देने वालों का होगा सम्मान**

कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि दशहरा उत्सव यादगार बनाने के लिए सबका सहयोग आवश्यक है। सचिव अमित राय ने जानकारी दी कि भगवान हनुमान का चोला धारण करने वाले भक्त आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शाम 7 बजे से रात 1 बजे तक वे हनुमानजी का रूप धारण कर नृत्य करेंगे। मंत्री बागीश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष बल्लू अरोरा ने बताया कि माता की झांकियों को आकर्षक सजावट पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। सुधीर कमल, सुनील सेरिया और मनोज चौरसिया ने कहा कि चल समारोह स्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाली झांकी को भी इनाम दिया जाएगा। विवेक मित्तल, राहुल खन्ना और विकास श्रीवास्तव ने बताया कि बेहतरीन सजावट, लाइटिंग, डेकोरेशन के लिए भी पुरस्कार रखे गए हैं।

**केंद्रीय मंत्री शिवराज, विधायक पटवा होंगे शामिल**

अध्यक्ष सोनू चौकसे ने कहा कि दशहरा उत्सव के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुरेंद्र पटवा करेंगे। हिंदू उत्सव समिति ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया है।

## इंजीनियर, ठेकेदार पर रोड निर्माण में अनियमितताएं बतरने का आरोप

# नगर पालिका के कायाकल्प के अंतर्गत अलग-अलग वार्डों में नव निर्मित सड़कों का हो रहा घटिया निर्माण

80 लाख से बन रही 30 सड़कों में गड़बड़ी की शिकायत

नितेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका मंडीदीप में कायाकल्प के 1 करोड़ 80 लाख से बनने वाले अलग-अलग वार्डों के 30 रोड में घटिया निर्माण की शिकायत आई है। वार्ड 12, वार्ड 11, वार्ड 16, वार्ड 17 में नव निर्मित सीमेंट रोड की घटिया तरीके से बनाया गया। वार्डों के पार्षदों ने भी इसकी लिखित शिकायत नपा अध्यक्ष और सीएमओ से की है। परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इन रोड में इस्तेमाल सामग्री का न परीक्षण किया गया और न ही सड़क की गुणवत्ता को परखा गया। अब ठेकेदार और इंजीनियर की मिली भगत और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। रोड निर्माण करीब छह महीने से चल रहा है।

**तय मापदंडों को किया दरकिनार**



*वार्डों में बने नव निर्मित रोड में बेस गिट्टी, तय मोटाई और लंबाई और चौड़ाई सहित पीडब्ल्यूडी के तय मानक को दरकिनार किया गया। मंडीदीप के वार्ड एक में विगत 18 माह पूर्व बने रोड भी खूब चर्चित हुई थी। घटिया निर्माण के कारण एक साल भी ये रोड न टिक पाना भी नपा के इंजीनियर्स के भ्रष्टाचार को उजागर किया था।*

**रोड का घटिया निर्माण किया**

वार्ड में ठेकेदार ने रोड का सही निर्माण नहीं किया। मेरी शिकायतों पर नपा इंजीनियर ने ध्यान दिया। ठेकेदार ने बिना बेस गिट्टी के ही रोड का घटिया निर्माण किया है। ठेकेदार का पेमेंट रोकने की मैं शिकायत करूंगा।

**धर्मेंद्र यादव (गोल्डी)**, पार्षद वार्ड 16

**कोई लापरवाही नहीं बरती गई**

ऐसा नहीं है। कायाकल्प 2 के लिए केंद्र सरकार द्वारा रोड निर्माण के लिए सख्त निर्देश बने हैं। इसमें कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से किए जा रहे हैं। सभी मानकों का ध्यान रखा जा रहा है।

**अभिषेक बाथम**, इंजीनियर, नगर पालिका मंडीदीप

# बिहार में मध्यप्रदेश भाजपा के बड़े नेताओं की तैनाती, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह को मिथिला-तिरहुत, सीएम रोड-शो और कैबिनेट मंत्री करेंगे प्रचार

### वीडी को आठ लोकसभा की 42 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, अनिल फिरौजिया और पूर्व सांसद केपी यादव की भी लगेगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पार्टी ने चुनाव प्रचार को व्यवस्थित करने के लिए बिहार को पांच अलग-अलग जोनों में बांटा है, जिनमें से सबसे बड़ा जोन मिथिला एवं तिरहुत है।

इस जोन में 58 विधानसभा क्षेत्र, 12 जिले और 10 लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इसकी कमान मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह को सौंपी गई है। वहीं प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वीडी शर्मा को आठ लोकसभा की 42 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। मिथिला और तिरहुत संभाग की 58 सीटों का दायित्व प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह के साथ-साथ संगठन महामंत्री हितानंद को भी दिया गया है। वहीं, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को सारण-चंपारण क्षेत्र की 45 सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वीडी शर्मा को पटना जोन की जिम्मेदारी दी गई है, इस जोन में 8 लोकसभा क्षेत्र की 42 विधानसभा आती है। इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया भी इन दिनों बिहार में डेरा जमाए हुए हैं। बिहार चुनाव में अरविंद भदौरिया को गोपालगंज लोकसभा सीट की 6 विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वो इन दिनों बिहार में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

#### सीएम सहित कई नेताओं की लगेगी ड्यूटी

यादव बाहुल्य बिहार राज्य में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव लोकसभा चुनाव में भी प्रचार कर चुके हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने बिहार में स्थानीय नेताओं से मुलाकात की थी। जल्द ही चुनाव प्रचार के लिए बिहार जाएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बिहार में प्रचार में जुटे हुए हैं। इसके साथ ही प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, अनिल फिरौजिया और पूर्व सांसद केपी यादव को भी भेजा जाएगा।

## बिहार विधानसभा चुनाव - एमपी के 25 आईएएस की लगी ड्यूटी, पहली बार पीएस सेक्रेटरी और तीन आईपीएस को भी किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» अभी तक डिप्टी और एडिशनल सेक्रेटरी स्टार के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी, पहली बार चुनाव आयोग ने किया प्रयोग

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अफसर की ड्यूटी लगाई गई है। यह पहली बार ऐसा हो रहा है की प्रमुख सचिव और सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी चुनाव प्रचार में लगाई जा रही है।

इसके अलावा तीन आईपीएस स्तर के अधिकारियों की भी बिहार इलेक्शन के दौरान ड्यूटी रहेगी। हालांकि चुनाव में इससे पहले केवल डिप्टी और एडिशनल सेक्रेटरी स्टार की अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी। इसमें चार प्रमुख सचिव 11 सेक्रेटरी स्तर के अधिकारी है, जो चुनाव कार्यो में ड्यूटी करेंगे। इसके अलावा 10 एडिशनल सेक्रेटरी स्तर के अधिकारी भी चुनाव में मदद करेंगे। यह चुनाव आयोग की ओर से बड़ा महत्वपूर्ण कदम है जो चुनाव की पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए तीन आईपीएस अधिकारी के नाम शामिल है।

## खबर संक्षेप

### दशहरे के बाद आरएसएस का पथ संचलन, 2 के बाद शुरू होंगे कार्यक्रम

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस बार विजयदशमी उत्सव के बाद राजधानी भोपाल में पथ संचलन का आयोजन करने जा रहा है। संघ से जुड़ी शाखाओं के स्वयंसेवक इसमें शामिल होंगे। संघ परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष दशहरे के मौके पर देशभर में पथ संचलन निकाले जाते हैं। इस बार भोपाल शहर में भी एक भव्य आयोजन होगा। जानकारी के अनुसार, स्वयंसेवक गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से मार्च करेंगे और इसमें घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित भी किया जा रहा है। पिछले पंद्रह दिनों से शाखाओं में अभ्यास सत्र चल रहे हैं। डफली दल और घोष वाद्ययंत्रों की टीमों को भी तैयार किया जा रहा है। आयोजन समिति का कहना है कि इस बार पथ संचलन पहले से ज्यादा प्रभावी और आकर्षक होगा। इन शाखाओं में पिछले कुछ समय से नियमित अभ्यास हो रहा है। बड़ी संख्या में युवा और बच्चे इसमें भाग ले रहे हैं। आयोजनकर्ताओं का दावा है कि शहरभर में उत्साह का माहौल है और लोग बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

### स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण 10 तक, कलेक्टर्स को निर्देश जारी

**भोपाल।** प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स, जिला परियोजना समन्वयक और विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को निर्देश जारी किए हैं। आरएसके के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के सभी अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। कुछ अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिए मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है। अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मान्यता नवीनीकरण के लिए विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपए के साथ आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। निर्धारित प्रक्रिया से मान्यता नवीनीकरण आवेदन करने के लिए पोर्टल 29 सितंबर से शुरू किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। आधार सेवा सर्विस के कारण कार्यवाही 3 से 5 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी।

### सिंहस्थ आयोजन से संबंधित सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश

# दुनिया देखेगी सिंहस्थ-2028 का वैभव उज्जैन के मंदिरों का होगा विस्तारीकरण

» *मुख्यमंत्री ने नवरात्रि पर उज्जैन को दी विकास कार्यों की सौगात*

» *मुख्यमंत्री ने लगभग 370 करोड़ रुपए की राशि के 11 कार्यों का किया भूमिपूजन*

### उज्जैन जिले के नवीन संयुक्त प्रशासनिक भवन का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में भारतीय संस्कृति का वैभव पूरी दुनिया देखेगी। सिंहस्थ 2028 के लिए हाल ही में 2675 करोड़ रुपए की लागत राशि से 33 प्रमुख कार्यों को मंजूरी दी गई है। उज्जैन के प्रमुख मंदिरों का भी विस्तारीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला कार्यालय एक ही छत के नीचे होने चाहिए इसलिए नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन के निर्माण की आज आधारशिला रखी गई है।

सीएम उज्जैन में नवीन संयुक्त प्रशासनिक भवन के साथ अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कन्या पूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर कार्यालय का नवीन भवन 7 मंजिला बनेगा। मां हरसिद्धी और भगवान श्रीमहाकाल की कृपा से उज्जैन को लगभग 370 करोड़ लाख लागत के 11 विकास कार्यों की सौगात मिली है।



#### 30 किलोमीटर लंबे सुविधायुक्त नवीन घाटों का निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए शिप्रा नदी पर लगभग 30 किमी लंबे सुविधायुक्त नवीन घाटों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पुराने घाटों का उन्नयन कर 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था की जा रही है। शिप्रा नदी पर ब्रिजों की श्रृंखलाओं का निर्माण किया जा रहा है। बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन भी उज्जैन में आएगी।

#### अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं से सुसज्जित होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लगभग 135 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन में बन रहा संयुक्त प्रशासनिक भवन लोक-कल्याण और सुशासन का उदाहरण बनेगा। यह अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं से सुसज्जित होगा। अधिकारियों के लिए नवीन आवासीय भवन बनाए जाएंगे।

#### इन विकास कार्यों का भी हुआ शिलान्यास

कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौराहा रोड (छोटा पुल) शिप्रा नदी पर पुल के निर्माण के लिए 27.06 करोड़, लालपुल के डाउन स्ट्रीम में रेल्वे पुल के समानांतर शिप्रा नदी पर नवीन 4 लेन पुल निर्माण के लिए 17.69 करोड़, काल भैरव मंदिर से गढकालिका मार्ग (ओखलेश्वर) को जोडने वाले पुल के समानांतर शिप्रा नदी पर नवीन टू लेन पुल के निर्माण के लिए 13.96 करोड़, एम.आर 24 इन्दौर मार्ग से चिंतामन रेल्वे स्टेशन मार्ग पर शिप्रा नदी पर नवीन 4 लेन पुल निर्माण के लिए 15.86 करोड़, उज्जैन शहर की ओर आने वाले प्रमुख मार्गों पर नवीन विश्राम गृह निर्माण 20.64 करोड सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

**पुष्प-वर्षा कर दिया धन्यवाद**

### मुख्यमंत्री का किसानों ने भावांतर योजना शुरू करने पर किया आत्मीय स्वागत

**भोपाल।** उज्जैन में किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रविवार को आत्मीय स्वागत कर भावांतर योजना शुरू करने के लिए आभार माना। मुख्यमंत्री के पुलिस लाइन उज्जैन हैलीपेड पहुंचने पर बड़ी संख्या में किसानों ने पुष्पमाला और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री का स्वागत करने किसान भाई सोयाबीन भावांतर के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद की तख्तियां लेकर हैलीपेड पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों का अभिवादन करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की हितैषी सरकार है।



### मुख्यमंत्री ने दिवंगत पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि, मृतक के परिजन को सौंपे चेक

**भोपाल।** सीएम ने उज्जैन प्रवास के दौरान पीपलीनाका स्थित दिवंगत सब इंस्पेक्टर स्व. अशोक शर्मा के निवास पहुंचकर दुर्घटना में दिवंगत हुए तीनों पुलिसकर्मी के निधन पर दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। सीएम ने सब-इंस्पेक्टर स्व. अशोक शर्मा, सब-इंस्पेक्टर स्व. मदनलाल निनामा, कांस्टेबल स्व. आरती पाल के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर परिजन को सांत्वना दी और ढांढसा बंधाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. शर्मा और निनामा के परिजन को 01-01 करोड़ की राशि और स्व. पाल के परिजन को 59 लाख की राशि के चेक प्रदान किए।



**प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को रखी आधारशिला**

## आईआईटी इंदौर में 624.57 करोड़ रुपए की विस्तार परियोजना का पीएम ने किया वर्चुली शिलान्यास

» *जटिल प्रयोगों और डेटा विश्लेषण की एडवांस रिसर्च में इंदौर बनेगा सिरमौर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में प्रौद्योगिकी शिक्षा अब नये दौर में प्रवेश कर चुकी है। देश के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भी अब नए क्षितिज की ओर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडीसा से देश के 8 आईआईटी केन्द्रों में विस्तार परियोजना का वर्चुअली शिलान्यास किया। इनमें आईआईटी इन्दौर भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने आईआईटी इन्दौर में कुल 624.57 करोड़ रुपए की क्षमता विस्तार एवं आधारभूत संरचना विकास परियोजना की आधारशिला रखी। आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने कहा कि आधारभूत संरचना में विकास से न केवल हमारा शैक्षणिक और अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा, बल्कि छात्रों और शिक्षकों के नवाचार, सहयोग और समग्र विकास के लिए एक विश्वस्तरीय परिवेश भी तैयार होगा।

#### प्रौद्योगिकी शिक्षा के क्षेत्र में होगा नये युग का सूत्रपात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईआईटी इन्दौर को दी गई इस बड़ी सौगात के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का यह कदम अब प्रौद्योगिकीय शिक्षा में एक नए युग का सूत्रपात करेगा। इससे हमारे युवाओं को अध्ययन, शोध एवं नवाचार करने के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि आईआईटी इन्दौर में इस विस्तार परियोजना के लिए उच्चतर शिक्षा के प्रोत्साहन एवं फंडिंग के लिए अधिकृत वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) की ओर से तीसरे चरण के अंतर्गत मंजूरी दी गई है।

#### अत्याधुनिक एवं उन्नत उपकरणों की खरीद एवं स्थापना भी शामिल

विस्तार परियोजना में मंजूर की गई राशि में अत्याधुनिक शैक्षणिक भवनों, आवासीय परिसरों, औद्योगिकीय अनुसंधान पार्क, डिजाइन विभाग, विद्यार्थी गतिविधि केंद्र, व्याख्यान कक्ष परिसर और आगंतुक छात्रावास के निर्माण के साथ अत्याधुनिक एवं उन्नत उपकरणों की खरीद एवं स्थापना भी शामिल है। इस विस्तार परियोजना में 374.38 करोड़ रुपए से अत्याधुनिक शैक्षणिक भवनों, 123.15 करोड़ रुपए से आवासीय सुविधाओं और सामान्य एवं उपयोगिता सेवाओं के निर्माण के साथ 27.04 करोड़ रुपए से उन्नत उपकरणों की खरीदी भी शामिल है।

#### इंदौर आईआईटी का होगा बहुआयामी तकनीकी विस्तार

आईआईटी इंदौर की लैब को और अधिक बहुआयामी बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 100 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ही देश के 7 आईआईटी संस्थानों को यह राशि स्वीकृत की है।




### क्या शिवराज को मिलने वाली है बड़ी जवाबदारी?

क्या शिवराज सिंह को कोई और जवाबदारी मिलने जा रही है। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के साथ 45 मिनट की उनकी मुलाकात पहले ही हो चुकी है। हाल ही में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उनसे मुलाकात की थी। अब दिल्ली में शिवराज के बंगले जाकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगातार दो बार भेंट की। एक मुलाकात जेपी नड्डा के साथ भी हुई। इन मुलाकातों को दो तरह से देखा जा रहा है। पहला यह कि शिवराज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। जेपी नड्डा के स्थान पर इस पद के लिए कभी भी चुनाव हो सकता है। दूसरी वजह राजनीतिक नियुक्तियों को माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसके लिए शिवराज की राय ली जा रही है।

### विंध्य-चंबल में बढ़ रही भाजपा नेताओं में गुटबाजी

प्रदेश के दो अंचलों विंध्य और चंबल-ग्वालियर अंचल में भाजपा में गुटबाजी चरम पर है। मुख्यमंत्री रीवा जिले के दौरे पर गए लेकिन मंच पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला नहीं थे। कार्यक्रम के कर्ता-धर्ता थे कांग्रेस से आए सिद्धार्थ तिवारी। वे भाजपा से विधायक हैं। उन्होंने बैनर-पोस्टर तक में राजेंद्र शुक्ला को जगह नहीं दी थी। सीएम भाजपा के जिला कार्यालय पहुंचे और सभी नेताओं की बैठक ली। इसमें राजेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी को मिल कर काम करने की हिदायत दी। यही स्थिति चंबल-ग्वालियर अंचल की है। यहां के पार्टी नेता केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के गुटों में बंट गए हैं।

### 'गोमांस' को लेकर भाजपा-कांग्रेस में वार-पलटवार

मप्र में सरकार ने गोहत्या पर प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद, सरकार ने गोमांस की बिक्री पर जीरो फीसदी जीएसटी का नोटिफिकेशन जारी कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पर भाजपा सरकार पर हमला बोल दिया। इसके बाद भाजपा और सरकार बचाव में उतरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर जबरदस्त पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हमारी मान्यता है कि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। हम गो-हत्या की सोच भी नहीं सकते। कांग्रेसियों का गोमाता से कोई लेना-देना नहीं। वह तो गोमाता के हत्यारों की रिश्तेदार है। उसने ही दशकों पहले करपात्री महाराज और साधु संतों पर गोलियां चलवाई थीं। कांग्रेस ने गाय-बछड़े का चुनाव चिन्ह बदलकर पंजा कर दिया था। कांग्रेस के इस पाप को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### कांग्रेस-भाजपा ने बढ़ाया आदिवासी क्षेत्रों में फोकस

प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र राजनीतिक अखाड़े में तब्दील होते दिख रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आदिवासी बाहुल्य सीटों पर लगातार दौरे कर रहे हैं। दरअसल, राहुल गांधी सीधे आदिवासी और दलित वोट बैंक को साधने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी जबलपुर में आदिवासियों के बीच बड़ा कायक्रम हुआ है। वे आदिवासी जिलों का दौरा कर रहे हैं। प्रदेश में 47 सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अन्य 30 सीटों पर यह वर्ग निर्णायक भूमिका में है। मध्यप्रदेश में 47 आदिवासी रिजर्व सीटों में से 22 सीट कांग्रेस के पास हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 30 सीटें मिली थीं। कांग्रेस की कोशिश 2018 की स्थिति बहाल करने की है जबकि भाजपा कांग्रेस के पास 22 भी नहीं रहने देना चाहती।

### संपत्ति विवाद में उलझे दो राज परिवार

ग्वालियर के सिंधिया राजवंश और देवास के राज परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद की खासी चर्चा है। सिंधिया राजवंश में 40 हजार करोड़ की संपत्ति को लेकर विवाद दो दशक से भी ज्यादा समय से चला आ रहा है। तत्कालीन महाराज माधव राव सिंधिया और उनकी बहन वसुंधरा राजे सिंधिया, यशोधरा राजे सिंधिया और उषा राजे सिंधिया के बीच पैतृक संपति को लेकर विवाद हुआ था। तीनों बहनों ने पैतृक संपत्ति पर दावा किया था। माधवराव सिंधिया की मृत्यु के बाद 2010 में तीनों ने संपत्ति में अपना हक मांगते हुए भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ जिला कोर्ट में परिवाद दायर किया था। 2017 में यह ग्वालियर हाईकोर्ट में पहुंचा। फिलहाल हाईकोर्ट की एकल पीठ ने आदेश दिया है कि सिंधिया राजवंश के चारों लोग मिलकर बातचीत से सहमति बनाएं और 90 दिन के अंदर कोर्ट में सहमति पत्र प्रस्तुत करें। इसी प्रकार देवास राजपरिवार के सदस्यों के बीच 12 अरब से ज्यादा संपति का विवाद हाईकोर्ट में है। महाराष्ट्र निवासी शैलजाराजे पंवार ने जिला न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर राजघराने की संपत्ति में हिस्सेदारी मांगी है। उन्होंने कहा है कि वे कृष्णाजी राव पंवार की पुत्री हैं। उन्हें उनकी संपत्तियों में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।

दिनेश निगम 'त्यागी'

**संगठन सृजन के बाद कांग्रेस में बढ़ी ओबीसी नेताओं की नाराजगी**

## कमलेश्वर के बाद अरुण भी बिफरे, यादव बोले-समन्वय और एकजुटता से संघर्ष करें और जहरीले बयानों से बचें

सीडब्ल्यूसी सदस्य पटेल ने संगठन सृजन के बाद जिलाध्यक्षों के फैसले पर अध्यक्ष और प्रभारी पर उठाए थे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के बाद नेताओं में नाराजगी बढ़ गई है। भले ही जिलाअध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है लेकिन पार्टी के सीनियर नेता अभी भी खफा नजर आ रहे हैं।

पिछले दिन पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पर आरोप लगाते हुए सवाल उठाए थे। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी पार्टी के नेताओं पर बिफरते हुए सलाह दे डाली है। यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि समन्वय और एकजुटता से संघर्ष करें और जहरीले बयानों से बचें।

आगे यादव ने लिखा कि पार्टी एवं पार्टी की विचारधारा के लिए वैचारिक और सतही संघर्ष आज समय की मांग है सिर्फ भाषणों एवं बयानों से जहरीली विचारधाराओं से संघर्ष कर पाना नामुमकिन है, सभी को साथ रख कर अपनी विचारधारा को लेकर समन्वय और एकजुटता से हम संघर्ष करेंगे, तभी प्रदेश में हमारी सरकार बनाने का सपना साकार होगा। जिस साहस और ईमानदारी के साथ हमारे नेता राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं उसका एक प्रतिशत भी मप्र में हम अंगीकार कर लें तो संघर्ष की राह आसान हो जाएगी। दरअसल पिछले एक महीने के भीतर कांग्रेस के दो बड़े ओबीसी वर्ग के नेताओं ने खुलकर पार्टी के नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोला है।

हालांकि कांग्रेस के नेता इस मामले को पार्टी का अंदरूनी मामला बता रहे हैं लेकिन फिर भी नेताओं की सुनवाई नहीं हो रही है। यही कारण है कि पहले कमलेश्वर पटेल ने पार्टी और संगठन पर सवाल उठाए थे। फिर अरुण यादव ने नेताओं को सलाह देते हुए राहुल गांधी के रास्ते पर चलने की नसीहत दी है।

#### यह आरोप लगाए थे पटेल ने

पार्टी में गुटबाजी को लेकर पटेल ने कहा था कि मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक, पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक'। इसके आगे उन्होंने कहा कि गुटबाजी प्रतिस्पर्धा को लेकर हमेशा रही है, लेकिन इतनी गुटबाजी भी न हो। पटेल ने आगे कहा कि प्रदेश के प्रभारी का काम समन्वय बनाना होता है, न कि पार्टी बनना है। उन्होंने कहा कि थोड़ी बहुत आपस में नाराजगी हो सकती है , लेकिन बहुत बड़ी नाराजगी से समाधान नहीं होगा। मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग के नेताओं की नाराजगी से कांग्रेस की परेशानी बढ़ सकती है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम में हुए शामिल**

## सबका विकास हमारा संकल्प, हर वादा करेंगे पूरा, सभी को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई, स्वदेशी उत्पाद भी खरीदे

ग्राम जगदीशपुर में स्व-सहायता समूहों की दीदियों के साथ सीएम हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार सबके समग्र विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ रही है। किसान, गरीब, युवा, महिलाओं के कल्याण एवं विकास के लिए पृथक-पृथक मिशन चलाए जा रहे हैं। सबका विकास हमारा संकल्प है और इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम अपना हर वादा पूरा करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं खरीदने से ही हमारे सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

हमारे कुशल कारीगर, शिल्पकार और कुम्भकारों के घरों में भी दीपावली मनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल जिले की बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में राज्य संरक्षित स्मारक समूह स्थल चमन महल में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 126वें एपिसोड का स्थानीय स्व-सहायता समूहों की दीदियों के साथ श्रवण किया।




#### 5 से 25 अक्टूबर तक पंजीयन करा लें

सीएम ने किसानों को योजना की जानकारी देते हुए कहा कि वे 5 से 25 अक्टूबर तक पंजीयन करा लें। फिर 1 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 के दौरान बेची गई सोयाबीन की फसल पर ही भावांतर योजना का लाभ मिलेगा। यदि किसी किसान की सोयाबीन की फसल समर्थन मूल्य 5328 प्रति क्विंटल पर नहीं बिकती, तो जितनी राशि में बिकी है और समर्थन मूल्य के बीच के अंतर की राशि सरकार किसान को देगी। इस प्रकार किसानों को सोयाबीन की फसल बेचने पर समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि ही मिलेगी।

#### स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहली बार ग्राम जगदीशपुर आकर बेहद हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि गोंडवाना साम्राज्य का सदियों पुराना यह किला आज भी हमें उस गौरवशाली अतीत की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया। स्टॉल में मिट्टी के दिए, मिट्टी के तवे, कुल्हड़, मटके, करवा चौथ पूजन की सामग्री सहित मिट्टी से बने अन्य उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए थे। मुख्यमंत्री ने स्टॉल का अवलोकन कर मिट्टी के दिए, तवे और अन्य उत्पाद भी खरीदे और स्टॉल स्वामी को नगद भुगतान भी किया।

संघ पर सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे पीएम शताब्दी वर्ष पर बोले

# संघ की 'असली ताकत' निस्वार्थ सेवा की भावना और अनुशासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि निस्वार्थ सेवा की भावना और अनुशासन का पाठ ही संघ की असली ताकत है और इसके असंख्य स्वयंसेवकों के हर कार्य में 'राष्ट्र प्रथम' को प्राथमिकता दी जाती है। संघ शताब्दी वर्ष शुरु होने से पहले 1 अक्टूबर को पीएम आरएसएस पर सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। दिल्ली के आंबेडकर भवन में संघ पर सिक्का और डाक टिकट जारी होगा। डाक टिकट और सिक्का जारी करने के लिए मोदी के साथ आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मौजूद रहेंगे। 2 अक्टूबर को दशहरा के दिन से नागपुर में संघ शताब्दी वर्ष समारोह शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने रेडियो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें संस्करण में स्वदेशी अपनाने पर एक बार फिर जोर दिया।

देश के लोगों में हीन भावना पनपने लगी थी। इसलिए, देश की आज़ादी के साथ-साथ, यह भी



**यह सौ साल पुरानी यात्रा न केवल उल्लेखनीय बल्कि प्रेरणादायक**

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सौ साल पुरानी यात्रा न केवल उल्लेखनीय बल्कि प्रेरणादायक भी है। सौ साल पहले, जब आरएसएस की स्थापना हुई थी, तब हमारा देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। इस सदियों पुरानी गुलामी ने हमारे आत्मविश्वास और स्वाभिमान पर गहरा घाव किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लोगों में हीन भावना पनपने लगी थी। इसलिए, देश की आजादी के साथ-साथ, यह भी जरूरी था कि देश वैचारिक गुलामी से मुक्त हो।

## गुरुजी ने राष्ट्र सेवा के इस महायज्ञ को आगे बढ़ाया

उन्होंने कहा कि हेडगेवार ने इसी उद्देश्य से 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन किया था। उनके बाद, गुरु गोलवलकर जी ने राष्ट्र सेवा के इस महायज्ञ को आगे बढ़ाया। संघ पिछले 100 वर्षों से बिना रुके, बिना थके, राष्ट्र की सेवा में अथक परिश्रम कर रहा है। यही कारण है कि जब कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो स्वयंसेवक सबसे पहले वहां पहुंचते हैं।

सीएम के निर्देश पर रीवा कमिश्नर ने

# मऊगंज में एक किसान का कॉलर पकड़ने पर तहसीलदार 'नप' गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मऊगंज में किसान की कॉलर पकड़ने वाले तहसीलदार बीके पटेल को रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने सस्पेंड कर दिया है। मामले के संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। घटना 25 सितंबर को उप तहसील देवतालाब के गनिगमा गांव की है। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया था। कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि तहसीलदार बीके पटेल ने जवाब दिया है कि वहां लोगों ने लोहे का सब्बल निकालकर धमकाया। मारपीट की नीयत से दौड़े। ऐसी स्थिति में पटेल ने बचाव के लिए किसानों के खिलाफ कार्रवाई की ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से रोकी जा सके। कलेक्टर ने बताया कि मामले की जांच अतिरिक्त जिलाधिकारी यानी एडीएम को सौंपी गई है। एडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे रिपोर्ट पेश करें। तहसीलदार पटेल ने बताया था कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा वीडियो भ्रामक है, जिसे गलत तरीके से एडिट कर पेश किया गया है।

## बेटी को मारी गोली, फिर लाश नदी में फेंक दी

**मुरैना।** यहां 19 वर्षीय बेटी की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या के बाद उसका शव 21 किमी दूर स्थित अपने पैतृक गांव के पास क्वारी नदी में फेंक दिया। प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। मामला चार दिन पहले का है, लेकिन शनिवार को पुलिस टीमों ने जांच शुरू की है। रविवार की सुबह 11 बजे शव बरामद हुआ।

## लक्ष्मण का किरदार निभा चुके वीर शर्मा व भाई की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के कोटा जिले के अनंतपुरा इलाके में शनिवार देर रात एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। इस हादसे में 10 वर्षीय टीवी कलाकार वीर शर्मा और उसके बड़े भाई 15 वर्षीय शौर्य शर्मा की मौत गो गई। बताया जा रहा है कि आग चौथी मंजिल पर लगी थी। उस समय दोनों बच्चे अकेले थे। दोनों की मौत दम घुटने की वजह से हुई।


### कार्यालय राजस्व निरीक्षक, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल

क्रमांक-1क्यू/ अ-12/ रा.नि./2025-26 भोपाल दिनांक-27/09/2025

// सूचना-पत्र //

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के अंतर्गत

प्रति,

| स. क्र. | नाम | पता | प्राप्ताकर्ता के हस्ताक्षर नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री प्रेमसिंह आ. श्री पूरन सिंह | निवासी-लाऊखेडी मो. 96308-71813 | अ |
| 2 | श्री पूरन सिंह आ. गोटरी | निवासी-लाऊखेड़ी | |
| 3 | श्री हरीश तनवानी आ. गोपचंद तनवानी | निवासी-ईदगाह हिल्स, भोपाल मो. 98266-48884 | |
| 4 | श्री प्रकाश वाधवानी आ. ईदनदास वाधवानी | निवासी-ईदगाह हिल्स, भोपाल मो. 98270-69000 | |
| 5 | श्री पूरन सिंह पुत्र सीताराम | निवासी-लाऊखेडी | |
| 6 | शेल्टर फाउण्डेशन आसूदो लक्षवाणी | निवासी-भोपाल | |
| 7 | श्री संदीप यादव आ. पूरन सिंह | निवासी-लाऊखेडी | |
| 8 | श्रीमती पी.व्ही. मरियम्मा पत्नी सैमुअल मथाई | निवासी भोपाल मो. 90365-04011 | |
| 9 | श्रीमती आरती शर्मा पत्नी श्री अभिषेक शर्मा | निवासी भोपाल मो. 83198-53031 | |
| 10 | सर्व संबंधित पक्षकार | | |

विषय :- म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित करने हेतु ।

संदर्भ :- न्या.तह.स.हि.राम नगर भोपाल के रा.प्र.क्र.-0192/ अ -12/2025-26 दिनांक 24.09.2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत संबंध में माननीय न्यायालय तहसीलदार, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल के आदेश दिनांक-24/09/2025 के अनुसार आवेदक-श्री प्रेमसिंह आ. श्री पूरन सिंह नगरीय क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-लाऊखेड़ी, भोपाल में अवस्थित खसरा नंबर 114/2/2 (S) रकबा 0.4050 हे. रा.नि. वृत्त-संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रदान किये गये है।

अतः उक्त आदेश के पालन में मेरे द्वारा दिनांक 06/10/2025 को समय दोपहर 02:00 बजे से सीमांकन तथा चिन्हों के संनिर्मित करने की कार्यवाही किया जाना निश्चित किया गया है।

आपका पड़ोसी कृषक/हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किय जाता है कि आप भी सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित की कार्यवाही के समय भूमि स्वामित्व संबंधी मूल एवं छायाप्रति दोनों दस्तावेजों सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते है।

आपकी अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), वृत्त

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल

क्रमांक-1क्यू/ अ-12/ रा.नि./2025-26 भोपाल दिनांक-24/09/2025

// सूचना-पत्र //

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के अंतर्गत

प्रति,

| स. क्र. | नाम | पता | प्राप्ताकर्ता के हस्ताक्षर नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री पूरन सिंह पुत्र सीताराम | निवासी-लाऊखेडी मो. 96308-71813 | अ |
| 2 | श्री प्रेमसिंह यादव आ. श्री पूरन सिंह | निवासी-लाऊखेड़ी | |
| 3 | श्री हरीश तनवानी आ. गोपचंद तनवानी | निवासी-ईदगाह हिल्स, भोपाल मो. 98266-48884 | |
| 4 | श्री प्रकाश वाधवानी आ. ईदनदास वाधवानी | निवासी-ईदगाह हिल्स, भोपाल मो. 98270-69000 | |
| 5 | श्री पूरन सिंह पुत्र सीताराम | निवासी-लाऊखेडी | |
| 6 | शेल्टर फाउण्डेशन आसूदो लक्षवाणी | निवासी-भोपाल | |
| 7 | श्री संदीप यादव आ. पूरन सिंह | निवासी-लाऊखेडी | |
| 8 | श्रीमती पी.व्ही. मरियम्मा पत्नी सैमुअल मथाई | निवासी भोपाल मो. 90365-04011 | |
| 9 | श्रीमती आरती शर्मा पत्नी श्री अभिषेक शर्मा | निवासी भोपाल मो. 83198-53031 | |
| 10 | सर्व संबंधित पक्षकार | | |

विषय:- म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमाकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित करने हेतु।

संदर्भ :- न्या.तह.स.हि.राम नगर भोपाल के रा.प्र.क्र 164/अ -12/2025-26 दिनांक 23.08.2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत संबंध में माननीय न्यायालय तहसीलदार, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल के आदेश दिनांक-23/08/2025 के अनुसार आवेदक-श्री पूरन सिंह आ. गोटरी नगरीय क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-लाऊखेड़ी, भोपाल में अवस्थित खसरा नंबर 114/2/1/1 (S) रकबा 0.4050 हे. रा.नि.वृत्त-संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रदान किये गये है।

अतः उक्त आदेश के पालन में मेरे द्वारा दिनाक 06/10/2025 को समय दोपहर 01:00 बजे से सीमाकन तथा चिन्हों के संनिर्मित करने की कार्यवाही किया जाना निश्चित किया गया है।

आपका पडोसी कृषक / हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किय जाता है कि आप भी सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित की कार्यवाही के समय भूमि स्वामित्व संबंधी मूल एवं छायाप्रति दोनों दस्तावेजों सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते है।

आपकी अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), वृत्त


पेज एक का शेष...

### पूर्व क्रिकेटर मिथुन...

था। यह पहली बार है, जब जम्मू-कश्मीर से कोई खिलाड़ी इस पद के लिए चुना गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीट कर मिथुन मनहास को बधाई दी है। जम्मू और कश्मीर के सबसे दूरदराज़ जिलों में से एक डोडा के लिए यह दिन कितनी बड़ी उपलब्धि है, इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। वार्षिक आम बैठक में अमिता शर्मा को महिलाओं की चयन समिति की अध्यक्ष नियुक्त करने की पुष्टि की गई। उन्होंने नीतू डेविड की जगह ली है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अमिता शर्मा, जिन्होंने 116 वनडे मैच खेले हैं, के साथ श्यामा डे, जया शर्मा और श्रावंती नायडू इस पैनल में शामिल होंगी। इनका कार्यकाल भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले महिला विश्व कप के बाद शुरू होगा। इस टीम में अमिता के अलावा श्यामा डे, सुलक्षणा नाइक, जया शर्मा और श्रावंती नायडू शामिल हैं। श्यामा डे को छोड़कर बाकी चारों इस टीम में नई हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा को राष्ट्रीय सीनियर पुरुष चयन समिति में शामिल किया गया।

### मैसर्स प्रॉस्पेक्ट रिसॉर्स ...

छाप पूरे देश में छोड़ेगी। दरअसल स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम इमलिया में दबा स्वर्ण भंडार जमीन से निकलकर प्रदेश और देश की आर्थिक ताकत बढ़ाने वाला है। नवरात्र के पहले दिन हुए अनुबंध के बाद कटनी का नाम आधिकारिक रूप से भारत के स्वर्ण मानचित्र पर दर्ज हो चुका है। जल्द ही मशीनें इंस्टॉल होने के साथ गोल्ड माइनिंग शुरू होगी। स्लीमनाबाद तहसील के इमलिया गांव में खनन कार्य मुंबई की प्रॉस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को सौंपा गया। नवरात्र के पहले दिन सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी और कंपनी के डायरेक्टर अविनाश लांडगे के बीच गोल्ड ब्लॉक की 50 वर्षीय माइनिंग लीज का एग्रीमेंट हुआ। कलेक्टर आशीष तिवारी ने बताया कि ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से कंपनी ने करीब 121 करोड़ रुपए की बोली पर खनिज पट्टा हासिल किया। इसके तहत 6.51 हेक्टेयर जमीन पर खनन का अधिकार दिया गया है। यह प्रदेश की पहली सक्रिय स्वर्ण खदान होगी।

### गूगल छोड़कर स्वदेशी...

का यह निर्णय न केवल सरकारी विभागों बल्कि आम नागरिकों और व्यवसायों को भी देशी डिजिटल टूल्स अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। जोहो एप के जरिए दस्तावेज़, स्प्रेडशीट, प्रेज़ेंटेशन और अन्य बिजनेस मैनेजमेंट टूल्स का उपयोग संभव है, जिससे कार्यकुशलता बढ़ती है और विदेशी सॉफ़्टवेयर पर निर्भरता कम होती है।

मेड इन इंडिया सॉल्यूशन जोहो एप की स्थापना 1996 में श्रीधर वेम्बू और टोनी थॉमस ने की थी। चेन्नई आधारित यह कंपनी क्लाउड-बेस्ड सॉफ़्टवेयर और बिजनेस टूल्स विकसित करती है। जोहो के प्लेटफ़ॉर्म में 55 से अधिक टूल्स हैं, जिनमें ईमेल, अकाउंटिंग, एचआर, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, सीआरएम और प्रेज़ेंटेशन शामिल हैं। इस सेवा का उपयोग 150 देशों में 100 मिलियन से ज्यादा यूजर्स कर रहे हैं। प्रमुख प्रोडक्ट्स में जोहो प्रॉडक्टिविटी एप, जोहो ऑफिस सूट, जोहो मेल और जोहो कैलेंडर शामिल हैं। जोहो के टूल्स छोटे और बड़े व्यवसायों के लिए बेहद उपयोगी हैं। इसमें डॉक्युमेंट्स, स्प्रेडशीट और प्रेज़ेंटेशन आसानी से तैयार किए जा सकते हैं। इसे आसानी से माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस का देशी वर्जन कहा जा सकता है।

### भारत रत्न लता....

हम विश्व प्रसिद्ध गायक सोनू निगम को सम्मानित कर गौरांवित हो रहे हैं। सोनू निगम के आने से ऐसा लग रहा है जैसे अमावस की रात में पूनम का चांद आया है। उन्होंने कहा कि आज हम गर्वित है कि संगीत की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इंदौर की संगीत परंपरा अद्वितीय है।

### बुधनी के नर्मदा ....

है, जो दीवानगंज, जिला रायसेन के रहने वाले हैं। बचाए गए युवक का नाम तोरण यादव (उम्र 25 वर्ष) है। बुधनी थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी ने बताया कि नीलेश और योगेश की तलाश जारी है। एसडीईआरएफ टीम को भी घटना की सूचना दे दी गई है और स्थानीय सहयोग से बचाव अभियान लगातार चलाया जा रहा है। तीनों युवक बाइक से दीवानगंज से सलकनपुर मां विजासन देवी के दर्शन करने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

### प्रदेश के 200....

भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, शाजापुर, गुना, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, सतना मंडला, बालाघाट सहित तीन दर्जन जिलों में मध्यम बारिश की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी लगातार सिस्टम बनने से प्रदेश में बारिश का क्रम अक्टूबर के पहले सप्ताह तक चलेगा। बीच में कुछ राहत मिलेगी। बारिश के बाद प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों में दिन के तापमान में कमी आई है। दिन का पारा औसतन ड़ेढ डिग्री तक गिरा है। हालांकि, भोपाल में दोपहर के समय धूप से पारा दशमलव चार डिग्री बढ़कर 30 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.1 डिग्री कम है। उज्जैन, रतलाम और इंदौर में 3 डिग्री से अधिक कमी आई। पूरे प्रदेश में रविवार को दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री तक कम रहने से राहत महसूस की गई। सोमवार को भी बारिश के असर से तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

### अभी सिस्टम सक्रिय....

तक पहुंच जाएगा। एक अक्टूबर तक अरब सागर में भी एक लो प्रेशर एरिया बनेगा। अभी एक ट्रफ विदर्भ, उत्तरी मध्य महाराष्ट्र से लेकर बंगाल की खाड़ी तक है। इससे प्रदेश में अगले कुछ दिन ऐसे ही बारिश का दौर जारी रहेगा। बीच में एक-दो दिन कुछ राहत के बाद बारिश में फिर बढ़त की उम्मीद है। अक्टूबर के पहले सप्ताह के बाद बारिश में तेजी से कमी आ सकती है।





हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910




Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644






R-23/09/25 to 15/10/25

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस




नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:-8335914373

R-24 to 29-09-2025, 03Oct to11-10-2025

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6003



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6002 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6013

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


**सूडोकु नवताल - 6012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

चिंतन

# रैली के आयोजकों को बनाया जाए जवाबदेह

अभिनेताओं की फिल्म का प्रमोशन हो, क्रिकेट फ्रेंचाइजी में जीत का जश्न हो, बाबाओं की कथा हो या फिर नेताओं की रैलियां। आखिर ऐसे आयोजनों में भारी भीड़ क्यों जुटती है और आम लोग क्यों असमय काल का ग्रास बन जाते हैं। देश में हर साल भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने से सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। भीड़ की यह कैसी दीवानगी है जो एक-दूसरे को खींचकर ले जाती है। इन सबके बावजूद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग तक भारी संख्या में रैलियों में पहुंचे हैं। इस साल की बात करें तो भारत में मंदिरों, रेलवे स्टेशनों, महाकुंभ, रैलियों और सार्वजनिक आयोजनों में भीड़ के इकट्ठा होने के कारण कई लोगों की जान गई है। ऐसा नहीं है कि इस साल ही ऐसा हुआ हो। यह लगभग हर साल होता है। जहां भगदड़ की वजह से कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। भगदड़ में मौत की सबसे बड़ी वजह किसी स्थान पर क्षमता से अधिक लोगों का पहुंच जाना, फिर धक्का-मुक्की और दम घुटना शामिल है। ऐसा नहीं है कि दूसरे देशों में ऐसी घटनाएं नहीं होती हों, लेकिन अपने देश में रैलियों के प्रति लोगों में दीवानगी कुछ ज्यादा ही है। पिछले साल अल्लू अर्जुन अपनी नई फिल्म में व्यस्त होंगे पर उनकी पुष्पा-2 के शो में जो भगदड़ मची और जो लोग मारे गए थे, उनके परिजनों की चीखें उसी सिनेमाहॉल के आसपास गूंज रही हैं। इस साल 2025 में बेंगलुरु में विराट कोहली की टी-20 टीम के स्वागत में उमड़े लोगों में से कुछ फैंस को नहीं मालूम था कि वे अपने घर कंधे पर लौटेंगे। सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम हो या बाबा बागेश्वर का धाम-वहां से प्रवचन सुनकर कुछ लोग अपने घरों तक नहीं लौट पाए। वहीं, मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। ऐसे ही शनिवार को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता थलापति विजय की टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई। जहां अचानक मची भगदड़ में 39 लोगों की जान चली गई। भगदड़ में कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए। कई का दम घुट गया। कई पैरों के नीचे कुचले गए। दौड़ती भीड़ अपने ही बगल में नीचे पड़े लोगों को रौंदती चली गई। इन कुचले और दम तोड़ते लोगों को बड़ी मुश्किल से अस्पताल पहुंचाया जा सका। क्योंकि, एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका। मरने वालों में 6 मासूम बच्चे हैं। 20 से ज्यादा महिलाएं। इन महिलाओं की मौत ऐसे वक्त में हुई, जब पूरा देश मां दुर्गा की शक्ति की उपासना में लगा हुआ है और रविवार को देश बिटिया दिवस भी मना रहा है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और प्रशासन ने जांच के आदेश देकर मामले से पल्ला झाड़ लिया। भगदड़ में होने वाली मौतें परेशान तो करती ही हैं, साथ ही सवाल भी खड़े करती हैं कि आखिर अपने देश में भगदड़ में इतने लोगों की मौत क्यों हो जाती है? आखिर भगदड़ की वजह क्या है और क्यों प्रशासन ऐसे भगदड़ को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है? आखिर इसकी जवाबदेही किसकी है? रैलियों में भारी भीड़ से हुई मौतों को रोकने के लिए रैली के आयोजकों को भी जवाबदेह बनाना होगा। देखना होगा कि रैली स्थल पर पर्याप्त स्थान हो, हवा-पानी की व्यवस्था हो, सुरक्षा के कड़े इंतजाम हों और पहले से ही यह अनुमान भी हो, मसलन कितने लोग रैली में पहुंच सकते हैं। तभी भारी भीड़ वाले स्थलों पर भगदड़ जैसी स्थति से निपटा जा सकता है।



सुदर्शन चक्र
निरंकार सिंह

# मिसाइल तकनीक में भारत की छलांग

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। बीजिंग स्थित एयरोस्पेस नॉलेज मैगजीन के एडिटर वांग यानान ने चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है। यानान ने यहां तक कहा कि मिसाइल और मैन-पोर्टेबल सिस्टम तो कई देशों के पास हैं, लेकिन लेजर हथियार का टेस्ट और उसे तैनात करने की क्षमता हर किसी के पास नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत लगातार अपने डिफेंस सिस्टम को अपग्रेड करने में जुटा है।

मिसाइल से लेकर ड्रोन, फाइटर जेट, एयर डिफेंस सिस्टम तक को मजबूत किया जा रहा है। डीआरडीओ लगातार ऐसी मिसाइलें विकसित कर रहा है, जो पहले के मुकाबले काफी घातक हैं। नई तकनीक से बनीं ये मिसाइल्स सामान्य रडार और डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में भी सक्षम है। डीआरडीओ रुद्रम प्रोजेक्ट के तहत हाइपरसोनिक मिसाइल डेवलप कर रहा है। इसकी रफ्तार 5 मैक यानी 6000 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा होगी। साथ ही इसकी रेंज 1000 से 1500 किलोमीटर तक होगी। इस तरह पाकिस्तान का ज्यादातर हिस्सा इस मिसाइल की जद में होगा। हाइपरसोनिक मिसाइल को रुद्रम-4 का नाम दिया गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मिसाइल दुश्मन को महज कुछ सेकंड की प्रतिक्रिया अवधि देती है, जिससे उसकी हिट-रेट लगभग सुनिश्चित हो जाती है। उड़ान परीक्षणों के दौरान, तीन अलग-अलग लक्ष्यों, जिनमें दो उच्च गति वाले फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन शामिल थे, को एक साथ उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली द्वारा अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। पिछले महीने उसने 20 अगस्त को अपनी सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि पांच का सफलतापूर्वक परीक्षण करके सबको चौंका दिया। इस मिसाइल को बंगाल की खाड़ी के तट से हवा में छोड़ा गया। यह हिंद महासागर में अपने लक्ष्य को सटीक निशाना लगाने में कामयाब रही। भारत की यह सबसे लंबे दूरी की मिसाइल है, जिसे भारत का ब्रह्मास्त्र कहा जाता है। एमआईआर तकनीक वाली अग्नि 5 मिसाइल एक साथ कई सौ किलोमीटर में फैले तीन ठिकानों पर हमला किया। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार अग्नि पांच के जरिए भारत चीन से मिल सकने वाली चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम है। आज मिसाइल के क्षेत्र में भारत पूरे विश्व में अपनी धाकजमा रहा है। अग्नि पांच में ऐसे सेंसर लगे हैं, जिससे वह अपने लक्ष्य तक बिना किसी गलती के पहुंचने में कामयाब रहेगी। अग्नि मिसाइल भारत के पास साल 1990 से मौजूद है, लेकिन वक्त के साथ इसके नए और ज्यादा



आधुनिक रूप बनाए जाते रहे हैं। अग्नि- 5 परमाणु हथियार ले जाने में पूरी तरह से सक्षम मिसाइल है। अभी तक एमआईआर वी तकनीक से लैस मिसाइल केवल रूस,चीन, अमेरिका, फ्रांस और यूके के पास है। इस मिसाइल को जमीन या समंदर या पनडुब्बी से लॉन्च किया जा सकता है। इसकी मारक क्षमता 5000 किलोमीटर तक है। इसी साल जुलाई में पांच मिसाइलों का परीक्षण किया था। भारत की स्वदेशी तकनीक से बनी इन मिसाइलों की क्षमता ब्रह्मोस मिसाइल से अधिक है। भारत ने मिसाइल तकनीक में बड़ी छलांग लगाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिसा के अब्दुल कलाम दवीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए हैं। डीआरडीओ के अनुसार दोनों मिसाइलें टारगेट को हिट करने में सफल रहीं। यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइल में खास तरह के नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर हैं। इससे पहले 16-17 जुलाई को ओडिशा तट के पास से परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी.2 और अग्नि.1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो उसकी सामरिक प्रतिरोधक क्षमता का प्रदर्शन है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण विशिष्ट सामरिक बल कमान द्वारा किया गया और सभी परिचालन एवं तकनीकी मानकों की पुष्टि की गई। यह उपलब्धि भारत द्वारा 16 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित आकाश प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद आई है। इस मिसाइल को 4500 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर मार करने के लिए बनायागया है। डीआरडीओ ने देश की अब तक की सबसे उन्नत मिसाइल प्रणाली का भी परीक्षण किया है। इसका नाम है ईटी-एलडीएचसीएम। इसकी सबसे खास बात है कि इसका इंजन स्क्रैमजेट हवा से ऑक्सीजन लेता है। इससे मिसाइल हल्की रहती है और बहुत तेज गति से उड़ सकती है। पुराने इंजनों को अपने साथ ऑक्सीजन ले जाना पड़ता था। लेकिन स्क्रैमजेट इंजन हवा से ही ऑक्सीजन खींच लेता है। इसलिए मिसाइल का वजन कम हो जाता है और वह लंबे समय तक तेज रफ्तार से उड़ान भर सकती है। इसका परीक्षण नवंबर 2024 में किया गया था। अभी कुछ और परीक्षण होने हैं। यह मैक 8 की गति से उड़ान भर सकती है और 1,500 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों को भेद सकती है। डीआरडीओ के गोपनीय प्रोजेक्ट विष्णु के तहत विकसित, यह मिसाइल स्क्रैमजेट इंजन का उपयोग करती है। यह परमाणु या पारंपरिक आयुध ले जा सकती है। यह जमीन, समुद्र या हवा तीनों से मारकर सकती है। अबभारत स्वदेशी हाइपरसोनिक क्षमता वाले विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हो गया है। इसे प्रोजेक्ट विष्णु के तहत बनाया गया था जो अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक हथियार विकसित करने के लिए एक गोपनीय कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह मिसाइल मैक 8 की गति से 1,500 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों को भेद सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइल फिलहाल चीन और रूस के पास है। वहीं भारत की तरह अमेरिका भी इसे बनाने की प्रक्रियामें लगा हुआ है। कुछ और देश हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने का दावा करते हैं, लेकिन पुखता तौर पर ऐसा नहीं कहा जा सकता। ऐसे में भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश होगा, जिसके पास ये आधुनिक तकनीक होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है।

विमर्श
राज कुमार सिन्हा



# नदी तू निर्मल बहती रहना धन-धान्य से भरपूर रखना

भारत की संस्कृति में नदियां जीवनदायिनी है। अन्न-जल देने वाली इन नदियों को मां मानकर पूजा जाता है। नदियों के बिना मानव जाति के विकास की परिकल्पना असंभव थी। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षाद् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः ' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। हिन्दुओं के चार वेदों में से एक अथर्ववेद में बताया गया है कि आवास के समीप शुद्ध जलयुक्त जलाशय होना चाहिए। जल दीर्घायु प्रदायक, कल्याणकारक, सुखमय और प्राणरक्षक होता है। शुद्ध जल के बिना जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जलस्त्रोतों को बचाए रखने के लिए हमारे ऋषियों ने इन्हें सम्मान दिया। पूर्वजों ने कल-कल प्रवाहमान सरिता गंगा को ही नहीं वरन सभी जीवनदायनी नदियों को मां कहा है। परंपरागत समय में मानवजाति ने नदियों के इस आत्मीय सहयोग को पूरा मान-सम्मान दिया किन्तु आज लोभ और लाभ की मनोवृत्ति की वजह से नदियां संकट में है। भारत को नदियों का देश माना जाता है तथा यहाँ छोटी और बड़ी नदियों को मिलाकर लगभग 4000 से अधिक नदियां हैं। देश में 521 नदियों के पानी की निगरानी करने वाले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक देश की 198 नदियां ही स्वच्छ हैं। इनमें अधिकांश छोटी नदियां हैं। शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा अनियोजित विकास के कारण पिछले कुछ दशकों से नदियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। कई सहायक नदियों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। नदियों के विनाश में बाजारवाद का बढ़ता प्रभाव भी एक प्रमुख कारक है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के चलते नदियों के स्त्रोत सूखने लगे हैं और नदियां सिकुड़ने लगी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की ओर से 5 जून 2024 को पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट (एसओई) रिपोर्ट 2023 में यह खुलासा किया कि देश के 30 राज्यों में कुल 279 (46 फीसदी) नदियां प्रदूषित हैं। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक देश की 279 अथवा 46 फीसदी प्रदूषित नदियों में सर्वाधिक प्रदूषित नदियां महाराष्ट्र (55) में हैं जबकि इसके बाद मध्य प्रदेश में 19 नदियां प्रदूषित हैं। वहीं, बिहार में 18 और केरल में 18 नदियां प्रदूषित हैं। उत्तर प्रदेश में 17 और कर्नाटक में 17 नदियां जबकि राजस्थान में 14 और गुजरात में 13, मणिपुर में 13, पश्चिम बंगाल में 13 नदियां प्रदूषित हैं। नदी के पानी का औद्योगिक प्रदूषण भारत में एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है, जो पारिस्थितिकी तंत्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण और अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन के कारण खतरनाक अपशिष्ट नदियों को दूषित कर रहे हैं, जिससे पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। इससे मछलियां विलुप्त हो रही है। मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित जीव है तथा जलचर पर्यावरण को संतुलित रखने में इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिस पानी में मछली नहीं हो तो निश्चित ही उस पानी की जल जैविक स्थिति सामान्य नहीं है।

वैज्ञानिकों द्वारा मछली को जीवन सूचक (बायोइंडीकेटर) माना गया है। कई दूषित नदियों में जैविक ऑक्सीजन की मांग (बीओडी) का स्तर निर्धारित सीमा से 10 गुना अधिक है। मत्स्याखेट की सुरक्षा के लिए नदियों को बहते रहना और प्रदूषणमुक्त रखना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। नदियों में प्रदूषण का असल खमियाजा तो कृषि क्षेत्र पर पड़ता है। प्रदूषित नदियों के जल से सिंचाई होती है और इससे प्रदूषण उस कृषि भूमि पर पहुंच जाती है जहां से सीधे खाद्यान्न आता है। अब एक तरफ तो पैदावार बढ़ाने के लिए किसान खतरनाक उर्वरक इस्तेमाल करते हैं और दूसरी तरफ प्रदूषित नदियों का जल उसे और अस्वास्थ्यकर बनाता है। नदी में अनियंत्रित रेत खनन से नदी के वनस्पतियों और जीवों पर बहुत बुरा असर पड़ता है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने भारत में नदियों के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण आदेश दिए हैं। इन आदेशों का उद्देश्य मुख्य रूप से नदी प्रदूषण रोकना, अवैध खनन नियंत्रित करना, अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करना और जलधाराओं को अविरल बनाए रखना है। भारत में नदियों की रक्षा के लिए प्रदूषण नियंत्रण, प्रवाह संरक्षण, तट प्रबंधन, जनभागीदारी और कानूनी उपाय आवश्यक हैं। सरकार ने नमामि गंगे जैसी योजनाएं शुरू की हैं, परंतु सफलता तभी मिलेगी जब स्थानीय समुदाय, सरकार, उद्योग और नागरिक मिलकर नदी को संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के रूप में संरक्षित करें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा।

## काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### लद्दाख में शांति कायम करना केंद्र का दायित्व

लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग के संदर्भ में हुए प्रदर्शन के लिए गृह मंत्रालय ने सोनम वांगचुक को जिम्मेवार ठहराया है। यह कदम युक्तियुक्त है। जब लद्दाख जे एंड के का हिस्सा था, तो कितना परेशान और उपेक्षित रहा। अब एकदम वह केंद्र शासित क्षेत्र है और पूर्णतया कानून-व्यवस्था केंद्र के हाथ है। किसी देखादेखी या विदेशी हाथ का प्रश्न नहीं उठता। घाव देख मक्खियां तो आदतन जरूर आती हैं, पर उन्हें एकदम उड़ाकर घाव को नासूर बनने से बचाना केन्द्र का ही दायित्व है। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे कई केन्द्रशासित प्रदेश हैं, फिर इतनी बेचैनी लद्दाख को क्यों है। केन्द्र को हिंसक प्रदर्शनों पर रोक लगानी चाहिए और शीघ्र हल निकालना चाहिए। *– ब्रिजेश तिवारी, अंबिकापुर*

## ट्रेंड

### छठ महापर्व



तमिलनाडु से लेकर बिहार-झारखंड तक आज देशभर में खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर में कुछ लोग कमाल के प्रोडक्ट तैयार कर रहे हैं। परंपरा और इनोवेशन के संगम से वोकल फॉर लोकल के अभियान को भी नई तेजी मिल रही है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वर सम्राज्ञी, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनके स्वरों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की दिव्यतम अभिव्यक्ति है। संस्कृति-कला जगत उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।
**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं



जो लोग ' आई लव मोहम्मद' कहकर अव्यवस्था, आगजनी और तोड़फोड़ का सहारा ले रहे हैं...उन्हें मालूम है कि यह शारदीय नवरात्रि है... 'चण्ड-मुण्ड' बनकर कार्य करोगे तो माँ भगवती कभी बर्दाश्त करने वाली नहीं हैं...
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### भाजपा का विश्वासघात



कांग्रेस लद्दाख में सरकार द्वारा स्थिति से निपटने में की गई दयनीयता और उसके बाद सोनम वांगचुक की कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती है। यह लद्दाख के लोगों के साथ भाजपा का विश्वासघात है।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

### दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत : जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया को बड़े पैमाने पर वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरकर सामने आएंगी। जयशंकर ने वैश्विक समीकरणों में बदलाव के बीच आर्थिक संबंधों में विविधता लाने के लिए लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक सत्र से इतर ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। जयशंकर ने कहा, "दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। हम नयी व्यापार व्यवस्थाएं, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी और कार्यस्थल मॉडल देखेंगे, जो कम समय में वैश्विक परिदृश्य को बहुत अलग बना देंगे। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ संपर्क में है, तथा वह "व्यापार एवं साझेदारी को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि "ऐसे अशांत माहौल" में, खासतौर पर बड़े देशों के लिए, अधिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के वास्ते क्षमता निर्माण करना अहम है।

## ऑफ बीट

### क्या शनि के छल्ले 2025 तक 'गायब' हो जाएंगे



यदि आपके पास एक दूरबीन हो तो आसमान में वलय वाले ग्रह – शनि से भी ज्यादा शानदार कुछ दृश्य हैं। वर्तमान में, शनि शाम के आकाश में सूर्यास्त के तुरंत बाद अपने उच्चतम स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सौरमंडल के छठे ग्रह और उसके प्रसिद्ध छल्लों का अच्छा दृश्य देखने के लिए टेलीस्कोप या दूरबीन का उपयोग करने का यह आदर्श समय है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर कई लेख जंगल की आग की तरह फैल गए हैं। उन लेखों का दावा है कि शनि के छल्ले तेजी से गायब हो रहे हैं – और 2025 तक गायब हो जाएंगे! तो कहानी क्या है? क्या अगले कुछ महीने, इससे पहले कि शनि शाम के आकाश में दृश्य से ओझल हो जाए, वास्तव में इसके शक्तिशाली छल्लों को देखने का हमारा आखिरी मौका हो सकता है? संक्षिप्त जवाब नहीं है। हालांकि यह सच है कि 2025 में छल्ले पृथ्वी से लगभग अदृश्य हो जाएंगे, यह न तो कोई आश्चर्य की बात है और न ही घबराने की बात है। इसके तुरंत बाद यह छल्ले 'फिर से प्रकट' होंगे। इसकी वजह पृथ्वी का झुकना बताया गया है। हमारी भूमध्य रेखा हमारी कक्षा के तल से लगभग 23 .5 डिग्री झुकी हुई है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# ओढ़नी ओढ़ूं तो उड़-उड़ जाए.... ढोल की थाप पर गरबा प्रेमियों ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के भेल जम्बूरी मैदान में चल रहा भोजपाल गरबा महोत्सव इन दिनों अपने शबाब पर है। गरबा प्रेमी और शहरवासी गुजराती कलाकारों की सुमधुर गीतों, एक लाख किलोवॉट साउंड सिस्टम, डीजे और गुजराती ढोल की थाप पड़ते ही खुद को थिरकने से रोक नहीं पा रहे हैं। गरबा महोत्ससव के अंतिम दिन सोमवार को बुंदेली लोक गायिका ममता शर्मा अपनी गीतों से समां बांधेंगी। मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**भोजपाल गरबा महोत्सव का आज अंतिम दिन**



**ममता शर्मा की प्रस्तुति आज**

भोजपाल गरबा महोत्सव में सोमवार को बुंदेलखंड की प्रसिद्ध भजन गायिका ममता शर्मा अपनी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगी। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी महोत्सव में मनोरंजन और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

### सुरक्षा और पहचान के लिए आधार कार्ड जरूरी

आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि गरबा के दौरान आयोजन स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार कार्ड से ही एंट्री दी जा रही है। इसके साथ ही गरबा करने वाले और यहां आने वाले हर व्यक्ति को चंदन का तिलक लगाकर और कलावा बांधकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया जा रहा है। लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए आयोजन स्थल पर मेडिकल टीम, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, पुलिस बल के साथ ही प्राइवेट सिक्योरिटी, वालंटियर मौजूद हैं। इसके साथ ही पूरे पंडाल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

### रोजाना इनाम, आज स्कूटी, इयर रिंग

आयोजन समिति हर दिन गरबा प्रेमियों के उत्साह को बनाए रखने के लिए अलग-अलग श्रेणियों में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम दे रही है। इससे प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा और जोश बढ़ गया है। बड़ी संख्या में लोग हर शाम पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर माता रानी के भक्ति गीतों पर तालियों की गूंज के बीच थिरक रहे हैं। भोपाल गरबा महोत्सव समिति और मोबाइल गैजेट्स पिपलानी की ओर से कई श्रेणियों में प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। अंतिम दिन स्कूटी, गोल्ड इयर रिंग जैसे ईनाम दिए जाएंगे।

## नृत्य कला डांस स्टूडियो में गरबा आयोजित



**भोपाल।** डांस क्लास नृत्य कला डांस स्टूडियो में नवरात्रि के अवसर पर स्टूडेंट्स द्वारा गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने गरबा की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की वंदना के साथ हुई, जिसके बाद उत्साहपूर्ण माहौल में पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभा सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष समाज सेविका विद्या सोन्हिया मौजूद थीं। डांस क्लास संचालिका श्रुति समर्थ त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों और युवतियों को गरबा के माध्यम से माता की आराधना के साथ साथ नृत्य की बारीकियों से भी अवगत कराया गया।

## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन



रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में गरबा महोत्सव आयोजित किया, इस मौके पर विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरु डॉ रवि प्रकाश दुबे, प्रति कुलपति डॉ संजीव गुप्ता और कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी विशेष रूप से उपस्थित थे। मां दुर्गा की आराधना और आशीर्वाद के साथ आयोजित इस सांस्कृतिक उत्सव में विवि के छात्र-छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के अंतर्गत आयोजित इस गरबा महोत्सव का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजते हुए एकता और सौहार्द का संदेश देना रहा।

**लायंस क्लब इंटरनेशनल की ओर से हुआ स्वदेशी गरबा महोत्सव का आयोजन**

## भोपाल में सजा स्वदेशी गरबा महोत्सव, संस्कृति और नारी शक्ति को मिला सम्मान

भारतीय संस्कृति की रंगीन छटा और परंपराओं की जीवंत आभा के बीच सायाजी होटल में लायंस क्लब इंटरनेशनल भोपाल एवं आर्ट स्टूडियो द्वारा भव्य स्वदेशी गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। गरबा के पारंपरिक स्वर और लहराती वेशभूषा ने पूरे परिसर को सांस्कृतिक उत्सव का केंद्र बना दिया। यह आयोजन न केवल नृत्य और संगीत का संगम रहा, बल्कि भारतीय कला, परंपरा और स्वदेशी भावनाओं का भी अनुपम उत्सव बनकर उभरा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की राज्य मंत्री कृष्णा गौर एवं विशिष्ट अतिथि अशोक कडेल, संचालक हिंदी ग्रंथ अकादमी उपस्थित रहे।



## संस्कृति पर्व 9 में भक्तिकाल, सामाजिक जागरण पर चर्चा कल

**भोपाल।** कला समय सामाजिक संस्था द्वारा आगामी 30 सितंबर को संस्कृति पर्व 9 का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति संचालनालय के सहयोग से होने वाला यह एक दिवसीय सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम शहर के एसवी पॉलीटेक्निक कॉलेज के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे साहित्यिक विमर्श के साथ होगा। संगोष्ठी का विषय होगा भक्तिकाल और सामाजिक जागरण। इस अवसर पर महर्षि वैदिक संस्थान के अध्यक्ष प्रभुदयाल मिश्र और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय षड़ंगी राजाराम मुख्य वक्ता के रूप में अपनी सारगर्भित प्रस्तुतियां देंगे। शाम 6 बजे सभागार संगीत की मधुर लहरियों से गूंज उठेगा।

## लता दीदी के मदन भैया, स्वरांजलि कार्यक्रम 4 अक्टूबर को

**भोपाल।** हिंदी सिनेमा में शास्त्रीय संगीत पर आधारित संगीत रचने और विशेषकर ग़ज़लों में इसका प्रयोग करने वाले महान संगीतकार मदन मोहन और उनके संगीतबद्ध गीतों को अमर बनाने वाली भारत रत्न लता मंगेशकर को समर्पित संगीत संध्या का आयोजन कला वृंद सर्व कल्याण सेवा समिति द्वारा 4 अक्टूबर को रवीन्द्र भवन में किया जा रहा है। यह जानकारी कला वृंद सर्व कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. अश्विना रांगणेकर ने दी।

**भजन गायक अनूप जलोटा व्यास गद्दी पर रहे उपस्थित, रामकथा के विविध प्रसंग हुए प्रस्तुत**

# हनुमानजी ने दग्ध की लंका, श्रीराम की शरण में आए विभीषण...



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राम का स्वरूप मानवीय आचरण में मर्यादा का आदर्श है, परंतु उनकी सत्ता केवल मानव-लोक तक सीमित नहीं है। वे दैहिक और लौकिक सीमाओं से परे जाकर संपूर्ण ब्रह्मांड के नियामक रूप में प्रतिष्ठित हैं। यह दृष्टिगोचर हो रहा है रविंद्र भवन में जारी अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव में, जिसमें रविवार को चित्रकूट के कलाकारों ने प्रस्तुति दी तो वहीं सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

**अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का छठवां दिन**





### सुरसा के मुख में प्रवेश कर बाहर निकल गए हनुमान

आकाशमार्ग में सुरसा नामक नागमाता ने हनुमानजी को रोका। उसने वरदान स्वरूप हर प्राणी को अपने मुख में जाने की शर्त रखी। सुरसा ने अपना मुख बड़ा किया, तो हनुमानजी भी उतने ही बड़े हुए और उसके मुख में प्रवेश कर बाहर निकल गए। वहीं इस प्रस्तुति में कलाकारों ने सिंहिका प्रसंग, लंकिनी प्रसंग, लंका दहन प्रसंग की मनभावन प्रस्तुति देकर भक्तिमय शाम को और भी सुंदर बनाया।

### जब स्वर्णमय पर्वत मैनाक को ऊपर उठाया

हनुमानजी जब सीता की खोज के लिए समुद्र लांघने निकले, तो समुद्र ने उनकी सहायता के लिए स्वर्णमय पर्वत मैनाक को ऊपर उठाया। श्रीरामकार्य की तात्कालिकता को देखते हुए हनुमानजी ने आभार व्यक्त कर बिना विश्राम किए आगे प्रस्थान किया।





## क्लैट में 500 के करीब रैंक मिली, टॉप लॉ यूनिवर्सिटी में लिया एडमिशन...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेरी क्लैट में 500 के करीब रैंक आई और इससे मुझे भारत की टॉप नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी मुम्बई में एडमिशन भी मिल गया। लेकिन इसी दौरान मेरा 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' सीरियल में लीड रोल के लिए सिलेक्शन भी हो गया था तो मैंने इन दोनों चीजों को बैलेंस करके दिनचर्या को ढाला, जहां मैं सुबह से शाम तक सीरियल का शूट करती तो वहीं रात के समय पढ़ाई करती, और एग्जाम टाइम में मैं केवल दो या तीन घंटे ही सो पाती, क्योंकि न मैं एक्टिंग छोड़ सकती हूं और न ही पढ़ाई, क्योंकि मैं जीवन में एक्टिंग तो करना चाहती हूं लेकिन लॉ की डिग्री के साथ।

यह कहना है सन नियो के शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' सीरियल में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रैस गौरी शेलगांवकर का। रविवार को सन नियो द्वारा सीरियल के लीड कास्ट गौरी शेलगांवकर, आकाश जग्गा और मोनिका खन्ना की प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों ने सीरियल और अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' के कलाकारों से हरिभूमि की खास बातचीत



मोनिका खन्ना,गौरी शेलगांवकर और आकाश जग्गा।

### मुझे रोना नहीं, रुलाना पसंद है....

करीब 17 सालों से छोटे पर्दे पर अलग-अलग किरदारों को निभाने वाली मोनिका खन्ना ने कहा कि मुझे रोना नहीं रुलाना पसंद है। उन्होंने कहा कि मैं ज्यादातर नेगेटिव रोल ही करती हूं, क्योंकि नेगेटिव रोल में आप कई शेड्स दिखा सकते हो और आपको आंखों में ग्लीसरीन भी नहीं लगाना पड़ता, रोने के लिए। उन्होंने कहा कि साथ ही मेरे फेंस मुझे नेगेटिव रोल में ही पसंद करते हैं और वो मेरी पहली प्राथमिकता हैं इसलिए मैं ग्रे शेड्स के रोल करती हूं।

### मैं एक्टिंग के लिए बनी थी

मोनिका ने कहा कि मेरे अंदर शुरु से ही एक्टिंग का कीड़ा था, मैंने शायद कभी नहीं सोचा कि एक्टिंग के अलावा कुछ ओर करना है। मुझे सिर्फ और सिर्फ एक्टिंग की करनी थी। क्योंकि शायद मैं एक्टिंग के लिए ही बनी हूं।

**एक्टिंग के चलते मैं कई बार एग्जाम भी नहीं दे पाया**

सीरियल के लीड एक्टर आकाश जग्गा ने कहा कि मुझे पढ़ाई में शुरु से ही इंटरेस्ट नहीं था, लेकिन पैरेंट्स फोर्स करते पढ़ो तो पढ़ता, लेकिन एक्टिंग के चलते मैं कई बार एग्जाम भी नहीं दे पाया। फिर मुझे रोल मिलने लगे और इनकम होने लगी तो पैरेंट्स को थोड़ी तसल्ली मिली और अब वो मुझे पढ़ने के लिए फोर्स नहीं करते।

**मानव संग्रहालय में वृहद पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन**



## विकसित भारत की परिकल्पना, सांस्कृतिक समृद्धि का जीवंत उदाहरण बनी पेंटिंग्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानव संग्रहालय में रविवार को विकसित भारत के रंग, कला के संग विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल कला के माध्यम से भारत की विकास यात्रा को प्रस्तुत करना है, बल्कि इसमें देशभर से कलाकारों की भागीदारी के माध्यम से एक विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का भी संकल्प लिया गया है।

इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से 800 से अधिक कलाकारों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। प्रतिभागियों ने कैनवास पर विकसित भारत की परिकल्पना, उसकी उपलब्धियों और सांस्कृतिक समृद्धि को जीवंत रूप से उकेरा। प्रतियोगिता स्थल पर रंगों और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### 800 से अधिक चित्रकारों ने की सहभागिता

प्रतियोगिता में 800 से अधिक चित्रकारों की सहभागिता की गई तथा भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और विकास यात्रा पर आधारित विषय-वस्तु, गोंड कला, आधुनिक कला, लोक कला एवं समकालीन शैलियों का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। ये आयोजन संग्रहालय परिसर को रंगीन और कलात्मक माहौल में परिवर्तित करने वाला था।

लघुकथा की सूक्ष्मता और व्यंग्य से अंतर पर डाला प्रकाश

## प्रादेशिक लोकभाषा कहानी और लघुकथा गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा रविवार को दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में प्रादेशिक लोकभाषा कहानी और लघुकथा गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि कहानी जब दिलों तक पहुंचती है, तभी कालजयी बनती है। अतिथि डॉ. स्वाति तिवारी ने साहित्य को अंतर्मन की आवाज बताया। लघुकथा शोध केंद्र की निदेशक कान्ता राय ने लघुकथा की सूक्ष्मता और व्यंग्य से अंतर पर प्रकाश डाला।

**'गुलमोहर', 'धुंआ-धुंआ जिंदगी', 'ज़मीर' को मिली सराहना**




अध्यक्षता करते हुए संघ अध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने कहा कि सृजन की बारीकियों पर ध्यान देकर साहित्य और भी रोचक व प्रभावी बन सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न लेखकों ने कहानी, लघुकथा और नाटक प्रस्तुत किए, जिसमें 'बचा हुआ ईमान', 'गुलमोहर', 'धुंआ धुंआ जिंदगी', 'ज़मीर' जैसी रचनाओं को खूब सराहा गया। संचालन डॉ. अनीता सिंह चौहान और मनीष श्रीवास्तव ने किया।

## अपने सपनों को पूरा करने में अपनी पूरी ताकत लगा दी राजुरकर राज ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुष्यंत कुमार संग्रहालय में राज सदन राजूरकर राज सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस वर्ष का यह सम्मान मुंबई विविध भारती के उद्घोषक यूनुस खान को दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि राजुरकर ने अपना जीवन धरती पर बोझ बनकर नहीं जिया, बल्कि अपने काम के माध्यम से वो अभी भी लोगों के दिल में बसा हुआ हैं। वहीं शशांक ने कहा कि यूनुस की



आवाज़ अपनेपन के साथ लोगों तक पहुंचती है। विशिष्ट अतिथि राजेश भट ने कहा कि राजुरकर राज और यूनुस में एक समानता है। दोनों ने अपने सपनों को पूरा करने में अपनी पूरी ताकत लगा दी।

**रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'कैकेयी' का मंचन**

# कैकेयी के अंतर्द्वंद्व, उसकी मातृत्व की गहराई और धर्मनिष्ठ विवशताओं से रूबरू कराती नाट्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रामायण की अमर कथा में कैकेयी का नाम आते ही प्रायः हमारे मन में एक खलनायिका की छवि उभरती है। वही कैकेयी जिसने दशरथ से वर मांगकर राम को चौदह वर्षों के लिए वनवास भेजा और अयोध्या का राजपाट भरत को सौंपने का आदेश दिलवाया। लेकिन क्या यही कैकेयी की पूरी छवि है? क्या हम केवल अपराधिनी मानकर उनके चरित्र और परिस्थितियों की अनदेखी नहीं कर रहे?

इन्हीं प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास है रंगदूत सीधी की नवीन प्रस्तुति कैकेयी। रविवार को रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में मंचित इस नाटक को लिखा और निर्देशित किया प्रसन्न सोनी ने। यह नाटक



दर्शकों को कैकेयी के अंतर्द्वंद्व, उसकी मातृत्व की गहराई और धर्मनिष्ठ विवशताओं से रूबरू कराता है। इसमें कैकेयी को केवल दोषारोपण के घेरे से बाहर लाकर एक संघर्षशील, विवश, किन्तु मानवीय स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

### नाटक के बारे में

रामायण में कई पात्र ऐसे हैं, जिन्हें हम केवल परंपरा के आधार पर दोषी मानते रहे हैं। कैकेयी उनमें सबसे बड़ा उदाहरण है। सदियों से उसे केवल उस स्त्री के रूप में याद किया गया, जिसने राम को वनवास दिया, परंतु शायद ही किसी ने उसके भीतर झांककर देखा हो। उसका हर निर्णय केवल व्यक्तिगत स्वार्थ से प्रेरित नहीं था, बल्कि उस समय की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों और उसके कर्तव्य-बोध से जुड़ा था। हम मानते हैं कि जब दर्शक इस नाटक को देखेंगे, तो वे पाएंगे कि कैकेयी केवल दोषी नहीं थी, बल्कि वह भी परिस्थितियों की शिकार और अपने वंश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाली नारी थी।



## बिहार और उपचुनाव पर आयोग ने किया ऐलान

# 320 आईएएस अफसरों समेत 470 केंद्रीय पर्यवेक्षक करेंगे निगरानी

*इनमें आईपीएस के 60 अधिकारी और भारतीय राजस्व सेवा के 90 अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, आईआरएएस, आईसीएएस जैसी सेवाओं से अधिकारी इसमें शामिल हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक (सामान्य, पुलिस और व्यय) तैनात करने का फैसला लिया है। आयोग ने विभिन्न राज्यों में सेवाएं दे रहे कुल 470 अधिकारियों को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 320 अधिकारी, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 60 अधिकारी और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 90 अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, आईआरएएस, आईसीएएस जैसी सेवाओं से अधिकारी इसमें शामिल हैं। ये सभी अधिकारी बिहार में होने वाले विधानसभा आम चुनाव और जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड, तेलंगाना, पंजाब, मिजोरम और ओडिशा में होने वाले उपचुनावों के लिए नियुक्त किए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान झारखंड, तेलंगाना और ओडिशा में होंगे उप चुनाव



### पर्यवेक्षक आयोग के आंख और कान

पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण और गंभीर जिम्मेदारी निभाते हैं कि चुनाव निष्पक्ष, तटस्थ और विश्वसनीय हों, जो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। वे आयोग की आंख और कान होते हैं और समय-समय पर रिपोर्ट देते रहते हैं। पर्यवेक्षक आयोग को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनाव कराने में मदद करते हैं और साथ ही मतदाताओं की जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने में योगदान देते हैं। पर्यवेक्षकों का मुख्य उद्देश्य उन क्षेत्रों की पहचान कर ठोस सुझाव देना है। व्यय पर्यवेक्षक उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की निगरानी करते हैं।

### चुनाव की करेंगे समीक्षा

चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट में बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों (सामान्य, पुलिस और व्यय) की तैनाती होगी। आयोग प्रदत्त शक्तियों के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त करता है। पर्यवेक्षक नियुक्ति से लेकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक आयोग की देखरेख, नियंत्रण और अनुशासन में कार्य करते हैं।

### इन राज्यों में चुनाव के लिए तैनात होंगे पर्यवेक्षक

आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर (बडगाम एवं नगरोटा), राजस्थान (अन्ता), झारखंड (घाटसिला), तेलंगाना (जुबली हिल्स), पंजाब (तारण-तारन), मिजोरम (डम्पा) और ओडिशा (नुआपाड़ा) में होने वाले उपचुनावों के लिए विभिन्न राज्यों में तैनात करने का निर्णय लिया है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश 4-5 को बिहार में चुनावी तैयारियों की करेंगे समीक्षा

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए 4 और 5 अक्टूबर को बिहार का दौरा करेंगे।



अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह उच्च स्तरीय दौरा राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आधारित अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के कुछ ही दिनों बाद होगा, जिसे 30 सितंबर को जारी किया जाना है। ईसी की टीम आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेगी।

### 4 चरणों में चुनाव कराने की खबर

उल्लेखनीय है कि पिछले रुझानों के आधार पर चुनाव आयोग की ओर से तीन से चार चरणों में चुनाव कराने की उम्मीद है। आगामी त्योहारी सीजन के कारण चुनौती और भी बढ़ गई है क्योंकि उसी दौरान दिवाली और छठ भी हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए चुनाव आयोग सतर्क नजर आ रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### हरियाणा की जेल से भागा कैदी


**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला स्थित अंबाला सेंट्रल जेल से एक विचाराधीन कैदी भाग गया है।



पुलिस ने बताया कि तलाश शुरू कर दी गई है। जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट राजीव कुमार ने कैदी के फरार होने के बाद बलदेव नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसकी पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है।

### दिल्ली भाजपा को आज मिलेगा प्रदेश कार्यालय

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के पावन अवसर पर दिल्ली भाजपा को नया प्रदेश कार्यालय मिलेगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित इस नव निर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। यह दिन भाजपा के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि पहली बार पार्टी को दिल्ली में अपना स्थायी और भव्य कार्यालय मिल रहा है।

### मुंबई में फायरिंग, कनपटी के नीचे मारी गोली

**मुंबई।** यहां के पठानवाड़ी इलाके में रविवार को गोलीबारी की घटना सामने आई। कुरार पुलिस स्टेशन



की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। यह फायरिंग अब्बू तलहा अव्वल बेग उर्फ तला शेट पर की गई। गोली उनके गर्दन के नीचे यानी कनपटी के पास लगी, जिसके बाद उन्हें जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लखीमपुर में बस से भिड़ी वैन, 5 की मौत

**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से अनुबंधित बस की ओयल चौकी क्षेत्र में



रविवार सुबह वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बच्चे सहित 5 लोगों की मौत हो गई। तीन बच्चों सहित 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डीएम, एसपी और एसडीएम ने जानकारी ली।

---

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में की नारी शक्ति की प्रशंसा

# बिजनेस, स्पोर्ट्स और एजुकेशन से लेकर साइंस में देश की बेटियां लहरा रहीं परचम

मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया, इस दौरान अन्य कई बिंदुओं पर भी दिया संबोधन, गौरव का गान किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कर्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया। अपने संबोधन में बेटियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। बिजनेस ,स्पोर्ट्स और एजुकेशन से लेकर साइंस तक आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना झंडा गाड़ रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं।

आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है। इस दौरान पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना के दो अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से भी बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना के इन दो बहादुर अधिकारियों ने नाविक सागर परिक्रमा के दौरान साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया है।

### 'मन की बात' कर्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया




### 11 साल में खादी का आकर्षण बढ़ा

खादी के प्रति लोगों के बढ़ते आकर्षण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई न कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। उन्होंने आगे कहा कि गर्व से कहें -ये स्वदेशी हैं। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और गांधी जी हमेशा स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे और खादी उनमें सबसे पहले थी। इसे वोकल फॉर लोकल के साथ सोशल मीडिया पर भी शेयर करें।

### 'छठ' को ग्लोबल फेस्टिवल बताया

पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए देशवासियों के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं की गहरी बातें साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से छठ पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे उन्होंने भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक जीवंत प्रतीक बताया। पीएम मोदी ने कहा कि यह पर्व न केवल देश के विभिन्न हिस्सों में उत्साह के साथ मनाया जाता है, बल्कि अब यह वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार भारत की संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। छठ पूजा एक ऐसा पावन पर्व है, जो दिवाली के बाद आता है। सूर्यदेव को समर्पित यह महापर्व बहुत ही विशेष है। इसमें हम डूबते सूर्य को भी अर्घ्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा को न सिर्फ देश के अलग-अलग हिस्सों में मनाया जाता है, बल्कि दुनिया भर में छटा देखने को मिलती है। आज ये एक ग्लोबल फेस्टिवल बन रहा है।

### सावरकर जैसी महान विभूतियों से प्रेरित थीं लता दीदी

उन्होंने कहा कि साथियो, आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वह सबकुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूं। साथियों, लता दीदी जिन महान विभूतियों से प्रेरित थीं, उनमें वीर सावरकर भी एक थे। जिन्हें वह तात्या कहती थीं। उन्होंने वीर सावरकर के कई गीतों को अपने सुरों में पिरोया। लता दीदी से मेरा स्नेह का जो बंधन था, वह हमेशा कायम रहा। वह मुझे बिना बोले हर साल राखी भेजा करती थीं। मुझे याद है मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले मेरा परिचय लता दीदी से कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपके द्वारा गाया और सुधीर जी द्वारा संगीतबद्ध गीत 'ज्योति कलश छलके' बहुत पसंद है।

### स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर, लता को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से कहा कि मन की बात में आप सभी से जुड़ना, आप सभी से सीखना, देश के लोगों की उपलब्धियों के बारे में जानना, वाकई मुझे बहुत सुखद अनुभव देता है। उन्होंने कहा कि आज के दिन के साथ कुछ विशेषताएं भी जुड़ी हैं। आज भारत की दो महान विभूतियों की जयंती है। मैं बात कर रहा हूं शहीद भगत सिंह और लता दीदी की। साथियों, अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा पुंज हैं। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मेरे और मेरे साथियों से युद्धबंदियों से जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मारकर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। भगत सिंह लोगों की पीड़ा के प्रति भी बहुत संवेदनशील थे और उनकी मदद में हमेशा आगे रहते थे। मैं शहीद भगत सिंह को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

---

## चोरों की हो रही थी धर-पकड़

# नूंह में पुलिस टीम पर ही अवैध राइफल्स से अंधाधुंध फायरिंग

पुलिस ने 14 आरोपियों को किया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह में पुलिस टीम पर आरोपियों की समर्थक भीड़ द्वारा हमले की खबर है। पुलिस टीम यहां चोरों को पकड़ने गई थी लेकिन पुलिस टीम पर ही अवैध हथियारों से हमला कर दिया गया। इसके चलते कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि बाद में पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की और मामले पर काबू पाया। पुलिस टीम पर पथराव का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके चलते पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपियों और उनके समर्थकों ने पहले पत्थरबाजी की और फिर अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग की। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उन पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी ने लोगों को उकसाया था।

### गाड़ी चोरी से जुड़ा है मामला

दरअसल ये माममला पंजाब से चोरी हुई गाड़ियों और साइबर फ्रॉड का है, जिसके तहत शनिवार को पुन्हाना और तावडू क्राइम ब्रांच की टीमें इंदाना गांव में कार चोरी के आरोपियों को दबोचने गई थी। आरोप यह है कि पुलिस पर फायरिंग के बाद आरोपी आजाद मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी पिस्टल वहीं गिर गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

### आरोपी ने भीड़ को उकसाया और फिर पत्थरबाजी शुरू

आरोप यह भी है कि आजाद ने शोर मचाकर ग्रामीण लोगों को उकसाया। इसके बाद जमा हुई भारी भीड़ ने वालों को उकसाया। देखते ही देखते दर्जनों महिलाएं और पुरुष इकट्ठा हो गए और पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

### पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान फायरिंग भी हुई, जिसके बाद पुन्हाना, बिछौर, पिनगवां व अन्य थानों से भारी फोर्स पहुंची और इस मामले में 3 महिलाओं समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिछौर थाना प्रभारी जसवीर ने बताया कि पुलिस पूरी घटना पर एक्शन ले रही है और केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

40 लोगों की मौत पर शुरू हुई राजनीतिक प्रशासनिक 'जुगाली'

# अभिनेता विजय होंगे 'गिरफ्तार'

एजेंसी ▶▶ करूर

तमिलनाडु के करूर में भगदड़ मामले पर मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। एक पीड़ित ने याचिका दायर कर टीवीके प्रमुख विजय की रैलियों पर रोक लगाने की मांग की है क्योंकि करूर में विजय की रैली में हुई भगदड़ के दौरान 40 लोगों की मौत हो गई थी। 90 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इसमें विजय की गिरफ्तारी भी हो सकती है। सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बनाई गई है। कमेटी की जांच में जो सच्चाई सामने आएगी, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। डीएमके के प्रवक्ता सरवनन ने विजय की पार्टी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने हर नियम का उल्लंघन



किया। तमिलनाडु सरकार ने मृतकों को 10-10 लाख मुआवजा देने की घोषणा की। विजय 20-20 लाख देंगे। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री कार्यालय से मृतक के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार देने का ऐलान किया गया।

**सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंची पार्टी:** टीवीके ने मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस एम. दंडपाणि के सामने अनुरोध किया कि पार्टी की ओर से 40 लोगों की मौत की घटना की जांच सीबीआई या एसआईटी से कराने का आदेश दिया जाए।

### घटना से दुखी हूं,मेरे पास शब्द नहीं



*विजय ने इस पर गहरा दुख जताया। साथ ही कहा कि उनकी पार्टी और कार्यकर्ता सभी प्रियजनों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। विजय ने कहा कि जो कुछ हुआ, वह कल्पना से परे है। उसके बारे में सोचते ही मेरा दिल और दिमाग गहरे बोझ से दब जाते हैं। मेरे पास अपने हृदय की पीड़ा को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं।*

### भीड़ प्रबंधन विफल, सख्त नीति जरूरी

भगदड़ को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि यह बहुत ही दुखद और दर्दनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भीड़ प्रबंधन में कुछ गड़बड़ है। हर साल कोई न कोई घटना होती ही रहती है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि हम आम लोगों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक संगठित नीति बनाने के लिए क्या कर सकते हैं। मूल बात यह होनी चाहिए कि कुछ नियम, मानक और प्रोटोकॉल होने चाहिए।

---

बाड़ में छिपा कर रखे होने की मिली थी सूचना

# जींद में पुलिस की छापामारी, 16 किलो अवैध बम और पटाखे किए बरामद

एजेंसी ▶▶ जींद

रधाना गांव में छापामारी कर पुलिस ने 116 किलो अवैध बम और पटाखे बरामद किए हैं। एवीटी स्टाफ इंचार्ज कमल सिंह ने बताया कि एसपी कुलदीप सिंह ने त्योहारों के सीजन में अवैध बम, पटाखे व ज्वलनशील पदार्थों की धरपकड़ को लेकर निर्देश दिए हुए हैं। प्रधान सिपाही जितेंद्र के नेतृत्व में रधाना अड्डे पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि रधाना गांव का दीपक दशहरा व दीवाली के त्योहार पर अवैध रूप से बम और पटाखे लाकर मोटा मुनाफा कमाने के लिए अपने चाचा राजेश के बाड़ में छिपा कर रखे हुए है। जिस पर टीम ने राजेश के बाड़े पर दबिश दी, तो पुलिस को देख कर दीपक फरार हो गया।

### पुलिस की भनक लगते ही आरोपी दीपक फरार

### पेटियों में क्रैकर बम, पटाखे भी मिले



बाड़े की तलाशी लेने पर वहां काफी पेटियों में क्रैकर बम, पटाखे बरामद हुए। जिनका वजन करने पर 116.100 किलोग्राम हुआ। बरामद बम व पटाखों के बारे में पूछताछ पर दीपक व उसका कोई स्वजन परमिट, लाइसेंस पेश नहीं कर सका। जिस पर सदर थाना पुलिस ने दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यहां पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित

जिले में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध है। दिवाली के मौके पर पटाखों की आतिशबाजी और पराली के धुएं से प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते प्रशासन पटाखों की बिक्री और फसल अवशेष जलाने वालों पर सख्ती बरत रहा है।

---

## होटल के कमरा नंबर 101 में छिपा था चैतन्यानंद

आगरा से गिरफ्तार किया

# पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा तो बोला- बाहर आऊंगा तो बताऊंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार को पटियाला हाउस कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां पुलिस ने आरोपी की पांच दिन कस्टडी रिमांड की मांग की। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पांच दिन की रिमांड को मंजूरी दे दी है।कोर्ट में अंदर जाने के दौरान आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती से मीडिया ने आरोपों पर सवाल किया। इन दौरान उसने आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि जब बाहर आऊंगा तो बताऊंगा।

### आठ करोड़ रुपए की संपत्ति 'फ्रीज'

छात्राओं से यौन शोषण के आरोपी चैतन्यानंद को रविवार सुबह आगरा से गिरफ्तार किया गया था, दिल्ली पुलिस की एक टीम को



चैतन्यानंद के आगरा में होने का पता चला था, जहां वह एक होटल में ठहरा हुआ था। इससे पहले पुलिस ने उसकी आठ करोड़ रुपए की संपत्ति 'फ्रीज' कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वह चार अगस्त को दिल्ली से फरार हो गया था। आगरा के होटल कर्मचारियों के अनुसार चैतन्यानंद सरस्वती ने 27 सितंबर को शाम करीब चार बजे 'पार्थ सारथी' नाम से होटल में प्रवेश लिया और उसे कमरा नंबर 101 दिया गया था।

---

## मुंबई समेत कई जिलों में भारी बारिश से बढ़ी परेशानी

# ठाणे में एक शख्स बहा, पूरे शहर में भर गया पानी

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के कई जिलों में रविवार सुबह से भारी बारिश हो रही है। आईएमडी ने ठाणे, पालघर, मुंबई और रायगड में बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। मुंबई में अंधेरी सबवे पर यातायात बंद कर दिया गया है। वहीं, मुंबई से सटे ठाणे में भारी बारिश के चलते उल्हास नदी में एक व्यक्ति बह गया, पिछले 24 घंटों में ठाणे में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई है। पड़ोसी पालघर जिले में भी भारी बारिश के कारण कई जगह पानी भर गया।

आईएमडी का रेड अलर्ट

### पिछले 24 घंटों में ठाणे में 100 मिमी से अधिक बारिश

### एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की



मुंबई में भारी बारिश के चलते एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइंस ने कहा कि लगातार और तेज बारिश के कारण मुंबई से आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर असर पड़ सकता है। यात्रियों से अनुरोध है कि एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट स्टेटस जरूर चेक कर लें। बारिश के चलते धीमी ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए घर से अतिरिक्त समय लेकर निकालें। एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के कर्मचारी मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### शनिवार को बाढ़ में कई पेड़ गिरे

'रेड अलर्ट' को देखते हुए ठाणे और पालघर जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। ठाणे नगर निगम की आपदा प्रबंधन टीम के प्रमुख यासिन तड़वी ने बताया कि शनिवार सुबह से ही बाढ़ और पेड़ गिरने की कई घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं।

### राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने 6 टीमों को तैनात किया

आईएमडी की ओर से भारी बारिश का अलर्ट और महाराष्ट्र के कुछ जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने 06 टीमों को तैनात किया है। इसमें सोलापुर में 2 टीमें, धरणशिव में 2 टीमें, बीड़ में एक टीम, लातूर में एक टीम शामिल है। इसके अलावा, पुणे, मुंबई, ठाणे और नागपुर में स्थित एनडीआरएफ टीमों को हाईअलर्ट पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत तैनात होकर प्रशासन की मदद कर सकें। एनडीआरएफ के कमांडेंट संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि ये तैनाती आपात स्थिति में क्विक रेस्पॉन्स, ऑपरेशनल तत्परता और प्रभावित जनसंख्या के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

ग्लेशियर के पानी में भारत या पाकिस्तान नहीं देखता

# वांगचुक की पत्नी ने पाकिस्तान कनेक्शन को किया खारिज, बोलीं-हिंसा के लिए सीआरपीएफ जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेल में बंद सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने पति पर पाकिस्तान से जुड़े होने के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी से रविवार को कहा कि वांगचुक ने हमेशा गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया है और 4 सितंबर की हिंसा के लिए सीआरपीएफ जिम्मेदार हैं। अंगमो ने स्पष्ट किया कि उनके पति की पाकिस्तान की यात्राएं जलवायु परिवर्तन से जुड़ी थीं। हम संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित सम्मेलन में गए थे।

हिमालय के ग्लेशियर के पानी में हम भारत या पाकिस्तान नहीं देखते। गीतांजलि अंगमो हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव लर्निंग (एचआईएएल) की सह-संस्थापक हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने पति से संपर्क नहीं कर पाई हैं। गिरफ्तारी का आदेश अभी तक नहीं मिला है और वे कानूनी कार्रवाई करेंगी। पुलिस प्रमुख द्वारा लगाए गए पाकिस्तान कनेक्शन के आरोपों पर भी अंगमो ने प्रतिक्रिया दी।

### *अंगमो ने कहा- गिरफ्तारी का आदेश नहीं मिला, कार्रवाई करेंगे*



फाइल फोटो

## एनएसए लगाना ही दुर्भाग्यपूर्ण

वांगचुक की गिरफ़्तारी को लेकर गीतांजलि ने कहा कि उन्हें हिरासत में लेने के बाद भी ना तो उन्हें वांगचुक से बात करने दी गई, ना ही कोई आधिकारिक दस्तावेज दिखाए गए। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, वह कोई सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा नहीं हैं, बल्कि एक शांतिप्रिय, गांधीवादी आंदोलनकारी हैं। सोनम वांगचुक की गिरफ़्तारी और उन पर लगे आरोप अब केवल कानून या प्रशासन का मामला नहीं रहे, बल्कि यह सवाल बन गए हैं कि क्या असहमति की आवाज़ को दबाने की कोशिश की जा रही है? गीतांजलि अंगमो की बेबाक बातों से यह साफ है कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, पूरे लद्दाख की लोकतांत्रिक मांगों की लड़ाई है।

## भाजपा और संघ के निशाने पर है लद्दाख की संस्कृति: राहुल गांधी

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लद्दाख के अद्भुत लोग, उनकी संस्कृति और परंपराएं भाजपा और आरएसएस के हमले की चपेट में हैं। लद्दाख के लोगों ने अपनी आवाज उठाई। भाजपा ने जवाब में गोली चलवाई और सोनम वांगचुक को



जेल में डाल दिया। हत्या बंद करो, हिंसा बंद करो, डराना-धमकाना बंद करो। उन्होंने आगे कहा, लद्दाख को आवाज दो। उन्हें छठी अनुसूची में शामिल किया जाए। उनकी यह टिप्पणी पिछले दिनों लेह में हुई हिंसा के बाद आई है।

## पाकिस्तान में की थी पीएम मोदी की तारीफ

*उन्होंने बताया कि फरवरी में पाकिस्तान में आयोजित ब्रीथ पाकिस्तान सम्मेलन में उनकी और वांगचुक की उपस्थिति एक जलवायु परिवर्तन विषयक यूएन सम्मेलन के तहत थी, जिसमें उन्होंने भारत और प्रधानमंत्री मोदी की भी तारीफ की थी। उनका कहना है कि वांगचुक के सभी विदेशी दौरे प्रतिष्ठित संस्थानों के निमंत्रण पर आधारित रहे हैं, और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों से उनका कोई संबंध नहीं रहा है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए ना सिर्फ़ सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, बल्कि उनके पति पर लगे देशद्रोह और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को भी सिरे से खारिज किया है। बता दें कि गीतांजलि अंगमो के अनुसार, 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा की शुरुआत प्रदर्शनकारियों ने नहीं, बल्कि सीआरपीएफ की ओर से हुई थी, जिन्होंने प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर आंसू गैस के गोले दागे। इसके जवाब में कुछ प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और स्थिति बेकाबू हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। उनका कहना है कि सोनम वांगचुक इस गैर-शांतिपूर्ण योजना से अनजान थे और प्रदर्शन के शांतिपूर्ण स्वरूप को लेकर प्रतिबद्ध थे।*

---

सलाहकार कई देशों में यूरेनियम खदानों के संभावित स्थानों की पहचान करेंगे

**अब विदेश से** यूरेनियम का खनन करेगा भारत?

# खदानों की सटीक पहचान के लिए सलाहकार नियुक्त होंगे





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है। इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना का हिस्सा है। कंपनी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है।

### जल्द होंगे समझौते पर हस्ताक्षर

*हम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं। यह समझौता विदेशी यूरेनियम खदानों की टेक्नो-कमर्शियल जांच के लिए होगा। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। यह सलाहकार कई देशों में यूरेनियम खदानों के संभावित स्थानों की पहचान करेगा और फिर एनटीपीसी यह तय करेगी कि किन खदानों में निवेश करना है। मूल्यांकन के दौरान भंडार की मात्रा, लॉजिस्टिक लागत, और अन्य कारकों को ध्यान में रखा जाएगा। इससे एनटीपीसी को भविष्य में यूरेनियम की स्थायी सप्लाई सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। फिलहाल एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत राजस्थान में एक बड़ा परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है।*

### *एनटीपीसी की होगी 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी*

*इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49% हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51% हिस्सेदारी रहेगी। इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपए है। इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी) रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना अनुषक्ति विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है।*

### क्यों जरूरी है यूरेनियम?

यूरेनियम एक प्राकृतिक धात्विक तत्व है, जो परमाणु बिजलीघरों में ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है। यह परमाणु ऊर्जा उत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण कच्चा माल है। विश्वसनीय यूरेनियम सप्लाई के बिना परमाणु बिजलीघर लंबे समय तक सुचारु रूप से नहीं चल सकते।

---

अमेरिका को खटक रही दोनों देशों की पुरानी 'यारी'

# रूस ने दिखाया अमेरिका को आईनाः यूएनजीए में दिखी भारत और रूस की दोस्ती की झलक

*चाहे कुछ भी दोनों देशों की दोस्ती पक्की है, संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने बिना अमेरिका का नाम लिए उसके दोहरे मापदंड की आलोचना की और इस दौरान रूस ने भारत का समर्थन किया*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

रूस और भारत की दोस्ती अमेरिका को खूब खटक रही है। यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका भारत के ऊपर मनमाना टैरिफ लगा रहा है। हालांकि, रूस और भारत ने एक बात साफ कर दिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, रूस और भारत की दोस्ती अडिग है। उइसका ताजा उदाहरण संयुक्त राष्ट्र महासभा ( यूएनजीए) में देखने को मिला, जब न केवल भारत ने बिना नाम लिए अमेरिका के दोहरे मापदंड के लिए उसे घेरा, बल्कि रूस ने भी भारत का समर्थन किया।

दरअसल, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस के रिश्ते और तेल व्यापार को लेकर कहा कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए जो विदेश नीति अपना रहे हैं, हम उसका पूरा सम्मान करते हैं। हमारे बीच बड़े स्तर पर नियमित संपर्क बना रहता है। लावरोव ने कहा इस साल भारत के विदेश मंत्री और मेरे सहयोगी एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का दौरा करूंगा।

दोनों देशों के विदेश मंत्री एक-दूसरे के देश की करेंगे यात्रा

रूस ने भारत को बताया स्वाभिमान वाला



### अमेरिका के आगे नहीं झुका भारत

अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया, बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा। लावरोव ने कहा, मैं तो भारतीय सहयोगियों से यह सवाल नहीं करता, क्योंकि वह फैसले खुद लेने में पूरी तरह से सक्षम हैं। वहीं भारत ने भी इस बात को साफ कर दिया है कि अपने विकास और फायदे के लिए किसी दूसरे देश की शर्तों पर नहीं चलेगा। अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया। बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा।

### यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका को घेरा



*यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका के दोहरे मापदंडों को लेकर घेरा। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अब हम टैरिफ में अस्थिरता और बाजार में अनिश्चितता देख रहे हैं। उन्होंने यूएनजीए में अमेरिका का नाम लिए बिना उसके "दोहरे मानदंडों" का भी जिक्र किया।*

### दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे पुतिन



*संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस संबंधों को मजबूती प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की योजना बनाई जा रही है। लावरोव ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत की स्वतंत्र नीतियों की सराहना की और द्विपक्षीय एजेंडे को व्यापक बताया, जिसमें व्यापार, सैन्य सहयोग, एआई और ब्रिक्स जैसे मंचों पर समन्वय शामिल है। रूसी विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना दिसंबर में बनाई जा रही है। ये यात्रा दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन की अगली कड़ी हो सकती है। यह उच्च स्तरीय दौरा दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा देगा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। ये यात्रा यूक्रेन संकट के बाद पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी जो दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को नई गति देगी।*

### लावरोव ने कहा- भारत और रूस के सबंध काफी पुराने

लावरोव ने कहा, भारत और अमेरिका या भारत और अन्य किसी देश के बीच जो स्थिति उत्पन्न होती हैं, मैं उन्हें रूस और भारत के रिश्तों का मानदंड नहीं मानता हूं। हमारे बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, फिर एक समय आया जब हमारे भारतीय मित्रों ने इस शब्द को पूरक बनाने का प्रस्ताव रखा और अब हम इसे विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी कहते हैं। उन्होंने कहा कि इस साल भारत के विदेश मंत्री और मेरे सहयोगी एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का दौरा करूंगा। हमारे बीच नियमित रूप से विचारों का आदान-प्रदान होता है। मैं यह भी नहीं पूछ रहा कि हमारे व्यापारिक संबंधों या तेल का क्या होगा?

---

## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट, स्कूल और अस्पतालों को धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी एक बार फिर सुरक्षा के हाई अलर्ट पर है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट,



विभिन्न स्कूलों और कई प्रमुख संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ईमेल मिले हैं। ये धमकियां रविवार की सुबह मिलीं। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरे सतर्क मोड में हैं। सूत्रों के अनुसार, धमकियां एक अज्ञात ईमेल आईडी से भेजी गई हैं।

लगातार माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे आतंकी

# घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मौके पर ही किया ढेर

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शव एलओसी के बहुत करीब पड़े देखे गए।

सीमा पार से गोलीबारी के खतरे को देखते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें निकालने का अभियान जारी है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पिछले 8 दिनों में सेना और आतंकवादियों के बीच यह



दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले 20 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया था। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हुई थी।

### घुसपैठ की ताक पर बैठे हैं आतंकी

वहीं बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्च पैड्स पर कश्मीर घाटी में घुसपैठ करने की ताक में बैठे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार हैं। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के आईजी अशोक यादव ने पत्रकारों से कहा कि सर्दियों के शुरू होने से पहले घाटी में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं।

यूएस ने गाजा में शांति के लिए खींचा खाका

# इजराइल हटेगा, हमास को छोड़ने होंगे हथियार

**वॉशिंगटन।** गाजा में चल रहे युद्ध को खत्म करने और भविष्य में फलस्तीनी राज्य का रास्ता बनाने के लिए



अमेरिका ने 21 सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के तहत इजराइल को गाजा से अपनी सेना हटानी होगी और हमास को पूरी तरह से निरस्त्र होना पड़ेगा। इसके साथ ही सभी बंधकों की रिहाई, गाजा के पुनर्निर्माण और वहां के निवासियों को विस्थापित न करने जैसी अहम बातें शामिल हैं। उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 7 अक्तूबर के हमले के बाद येरुशलम से एक मील दूर फलस्तीनी राज्य बनाना वैसा ही है जैसे 9/11 के बाद न्यूयॉर्क से एक मील दूर अल-कायदा का राज्य बना देना।

यूक्रेन में रेड अलर्ट, पोलैंड में एयर स्पेस बंद

# रूस ने कीव पर 595 ड्रोन और 48 मिसाइलों से किया हमला



**नई दिल्ली।** रूस ने रविवार तड़के कीव और यूक्रेन के अन्य हिस्सों पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिनमें कम से कम चार लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए। यह फुल स्कैल वार के शुरू होने के बाद से राजधानी पर सबसे बड़े हमलों में से एक था। उधर, पोलैंड ने दो दक्षिण-पूर्वी शहरों के पास अपना एयर स्पेस बंद कर दिया और उसकी वायु सेना ने खतरा टलने तक जवाबी कार्रवाई में जेट विमान भेजे।

### यूक्रेन ने कहा 12 घंटे तक हुआ हमला

यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूस ने रात भर में 595 ड्रोन और 48 मिसाइलें दागीं और उसकी एयर डिफेंस सिस्टम ने 568 ड्रोन और 43 मिसाइलों को मार गिराया। इसने बताया कि हमले का मुख्य लक्ष्य राजधानी कीव थी। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि 12 घंटे से ज्यादा समय तक चले इस हमले में एक कार्डियोलॉजी क्लिनिक, कारखाने और आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

---

## रूस ने आश्चर्यचकित करने वाला दुनिया का पहला शोध किया, मिली कामयाबी

रूस की टेक्नोलॉजी स्टार्टअप कंपनी नीरी को मिली कामयाबी

# अब दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए गायों के दिमाग में लगाई जा सकती है चिप!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस में वैज्ञानिकों ने बेहद अनोखा प्रयोग करते हुए गायों के दिमाग में न्यूरो इंप्लांट चिप लगाकर दूध उत्पादन बढ़ाने की कोशिश की है। ये काम रूस की टेक्नोलॉजी स्टार्टअप नीरी ने किया है। जब दूध बढ़ाने के सारे पुराने तरीके फेल हो गए, तब यह अनोखी तकनीक अपनाई गई।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि ये इंप्लांट गायों की भूख और प्रजनन शक्ति को बढ़ाकर दूध का उत्पादन काफी बढ़ा देंगे। नीरी ने अप्रैल में इस प्रयोग की शुरूआत की थी और पिछले महीने पांच गायों पर सर्जरी की गई। इसमें गायों के सिर के पिछले हिस्से में एक विशेष स्टिम्युलेटर लगाया गया और इलेक्ट्रोड्स को दिमाग के अंदर तक पहुंचाया गया।

### गायों के दिमाग में न्यूरो-इम्प्लांट लगाकर दूध उत्पादन बढ़ा सकते हैं



### ऐसे काम करता है न्यूरो-इम्प्लांट?

वैज्ञानिक फिलहाल अलग-अलग स्टिम्युलेशन प्रोग्राम पर रिसर्च कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी गाय की भूख कम हो जाती है तो सिस्टम तुरंत सही न्यूरो-मॉड्यूलेशन मोड चुन लेता है जिससे भूख फिर सामान्य हो सके। कंपनी का कहना है कि उन्हें अभी तकनीक में और सुधार करना है ताकि इसे जल्द ही व्यावसायिक तौर पर उपलब्ध किया जा सके।

### *शुरुआती नतीजे उत्साहजनक*

*पहला परीक्षण रूस के स्वर्दलोव्स्क क्षेत्र में किया गया। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती की रिपोर्ट के मुताबिक, नीरी के एक्सपर्ट्स ने पांच गायों में सफलतापूर्वक न्यूरो-इंप्लांट लगाए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इंप्लांटेशन के दौरान गायें पूरी तरह से होश में थीं। सर्जरी के बाद उन्हें कोई बड़ी परेशानी नहीं हुई और वे तुरंत अपने दूध देने के काम पर लौट आईं। हालांकि कंपनी ने अभी तक यह आधिकारिक डेटा जारी नहीं किया है कि दूध के उत्पादन पर कितना असर पड़ा है। लेकिन नीरी का दावा है कि गायों का दूध देना पहले से बेहतर हुआ है।*

### तनाव कम करती है चिप

इन उपकरणों के जरिए वैज्ञानिक भूख, तनाव और प्रजनन क्षमता नियंत्रित करने वाले हिस्सों को इलेक्ट्रिक इम्पल्स से उत्तेजित किया जिससे दूध उत्पादन में बढ़ोतरी हुई। नीरी के निवेशकों का मानना है कि डेयरी फार्मिंग में दूध उत्पादन बढ़ाने के लगभग सभी पारंपरिक तरीके इस्तेमाल किए जा चुके हैं। ऐसे में दिमाग को इलेक्ट्रिक इम्पल्स से उत्तेजित करने जैसा नया उपाय इंडस्ट्री में क्रांति ला सकता है और प्रतिस्पर्धा में बढ़त दिला सकता है। दूसरी ओर, कुछ एग्रीकल्चरल एक्टिविस्ट्स का मानना है कि यह तकनीक गायों के लिए अनावश्यक खतरा पैदा कर सकता है। साथ ही, इनकी कीमत बहुत ज्यादा होने के कारण ये फायदे का सौदा नहीं हैं।

*12वीं में 80% अंक लाने वालों को लाभ*

# सीआईएसएफ कर्मियों के 567 बच्चों को 1.25 करोड़ की छात्रवृत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपने कर्मियों के बच्चों को शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 1.25 करोड़ रुपए से अधिक की महानिदेशक मेरिट छात्रवृत्ति प्रदान की है। इस छात्रवृत्ति योजना का लाभकरीब 567 मेधावी छात्रों को मिलेगा।

इस वर्ष सीआईएसएफ ने छात्रवृत्ति के नए मानदंड लागू किए हैं, जिसमें कक्षा 12 वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। इससे पहले मात्र 150 छात्रों को ही यह सुविधा दी



जाती थी, लेकिन नए नियमों के तहत अब सभी योग्य छात्रों को समान रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा पहली बार खेल में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी इस छात्रवृत्ति योजना में शामिल किया गया है।

# सिंधी कॉलोनी दुर्गा मंदिर: माता रानी ने स्वयं प्रेरणा दी, तब जाकर हुआ मंदिर निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के माता मंदिर क्षेत्र में बना प्राचीन दुर्गा माता मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। मंदिर में मां दुर्गा भी विराजमान है। नवरात्र के साथ साल भर यहां भक्ती की भीड़ लगती रहती है। सबसे प्राचानी दुर्गा मंदिर में मुंहमांगी मुराद पूरी होती है। मुराद पूरी होने पर कई श्रद्धालु, परिजनों के साथ प्रणाम करने पहुंचते है। जोकि अपनी मन्नत के अनुसार दान-पुण्य करते हैं।

**माता रानी पूरी करती हैं भक्तों की मुरादें**

**6 नवरात्रि विशेष**
**देवी मंदिर परिक्रमा**




राजधानी के देवी माता के मंदिरों की श्रृंखला में एक और ऐसा मंदिर है, जो न केवल हिंदू बल्कि सिंधी समाज के लोगों की भी आस्था के केंद्र बना है। यह मंदिर है सिंधी कॉलोनी चौराहा बैरसिया रोड पर देवी मंदिर। मंदिर के पुजारी घनश्याम दुबे ने बताया कि इस देवी मंदिर की बाहरी डिजाइन रथाकार रूप में है। इसमें मां दुर्गा के अलावा भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी और भगवान झूलेलाल की भी प्रतिमा है। इसको बनाने के लिए यहां के लोगों को जेल तक जाना पड़ा था।

### सच्चे मन से मांगी मुरादें होती हैं पूरी



श्रद्धालु राजू ठाकुर ने बताया कि माता रानी से सच्चे मन से अर्जी लगाने पर माता रानी जरूर सुनती है। हमारे घर-परिवार में कभी कोई दिक्कत परेशानी आती है। या कभी कोई अच्छे काम की शुरूआत होती है। तो हमलोग माता रानी परेशानी दूर करने व अच्छे काम में सफलता देने की प्रार्थना करते है।

### भोपाल बंद कराना पड़ा था, जेल गए थे लोग



मंदिर निर्माण शुरू किया तो पुलिस व प्रशासन ने उसे रोकना चाहा। प्रशासन के विरोध करने पर श्रद्धालु भड़क उठे। तब संघ नेता उत्तमचंद इसराणी की अगुवाई में आंदोलन हुआ। भोपाल बंद कराना पड़ा था। उस समय बहुत से लोग जेल गए। बाद में प्रशासन को अनुमति देना पड़ी। साल करीब 1991 में मंदिर किया गया।

### 38 साल पहले सजती थी झांकी



पुजारी घनश्याम दुबे ने बताया कि करीब 38 साल पहले यहां झांकी सजाई जाती थी। इस दौरान माता रानी ने स्वंय प्रेरणा दी। इसके बाद यहां मंदिर निर्माण कराया गया। यहां उस दौरान कोई देवी मंदिर नहीं था। तब झांकी सजने के दौरान सिंधी समाज के लोगों ने इस स्थान पर मंदिर बनाने का विचार किया।

## भारतीय योगिनी संघ की बहनों ने मनाया शौर्य शक्ति उत्सव

**भोपाल।** भोपाल में भारतीय योगिनी संघ की बहनों ने शारदीय नवरात्रि के पांचवे दिन मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), भोपाल में शौर्य शक्ति उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय योगिनी संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरएच लता के मार्गदर्शन में, मैनिट के वैलनेस क्लब की कोऑर्डिनेटर डॉ. मीना अग्रवाल और उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर देवी स्कंदमाता की पूजा की गई, जो देवी दुर्गा का मातृरूप मानी जाती हैं और करुणा व रक्षा की प्रतीक हैं। कार्यक्रम में डॉ. लता ने 'यौगिक जीवन: स्वच्छता ही सेवा एवं शौर्य ही सफलता की प्रेरक शक्ति' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को स्वच्छ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. लता ने छात्रों को न केवल मानसिक शांति एवं एकाग्रता बढ़ाने के लिए योग के सरल अभ्यास सिखाए, बल्कि यह भी बताया कि कैसे योग के माध्यम से वर्तमान युग के तनाव और प्रतिस्पर्धा से भरे जीवन में स्थिरता लाई जा सकती है। इस प्रेरणादायक आयोजन में मैनिट के प्रथम वर्ष के लगभग 185 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### नगर निगम की अनदेखी से बढ़ी लोगों की मुश्किलें

## हबीबगंज नाका और दुर्गा नगर की सड़कों पर सांची दुग्ध के वाहन लगा रहे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सांची दूध संघ से लेकर हबीबगंज नाका तक सांची दूध संघ के ट्रक व दूध सप्लाई करने वाले हैवी वाहनों को सड़क किनारे खड़े किया जा रहा है। इसके चलते यहां से निकलने वाले वाहन चालकों के साथ आस-पास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर कई बार सांची दूध संघ, निगम के अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस से शिकायत की गई है। लेकिन अभी तक उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे यहां ट्रैफिक जाम आम बात हो गई है, सड़क किनारे दुकानदारों का कहना है कि रात के समय सड़क के दोनों तरफ सांची दुग्ध उत्पादन के वाहन खड़े होने से उनकी दुकानें छुप जाती है जिससे रात के वक्त कई बार उनकी दुकानों में चोरी हो चुकी है।

*वाहन चालकों के साथ आस-पास रहने वाले लोग हो रहे परेशान*

*लापरवाही की हद, अभी तक उस पर किसी ने नहीं दिया ध्यान*

**स्थानीय लोगों और दुकानदार कर चुके हैं शिकायत**



स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे है। इसके चलते सांची दुग्ध संघ के वाहनों की खड़े होने की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। पहले जहां 8-10 वाहन खड़े होते थे। अब यहां पर हर समय कम से 17-18 दूध सप्लाई करने वाले हैवी वाहन खड़े रहते है। इससे सड़क जाम की स्थिति जस तश बनी हुई है।



**कार्रवाई करेंगे..**

यह सूचना आपके माध्यम से प्राप्त हुई। हम इस पर जल्द कार्रवाई करेंगे।

मालती राय, महापौर

### बारिश में जल भराव से हालात बदतर

बारिश के दौरान हालात और भी खराब हो जाते हैं। जल जमाव की वजह से सड़क पर फिसलन बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सांची सेंटर के पास वाहनों की अवैध पार्किंग और जल जमाव से आए दिन एक्सीडेंट का कारण बनते हैं।

### नगर निगम कर रहा अनदेखी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम इस समस्या की अनदेखी कर रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध पार्किंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि हादसों से बचा जा सके।

## मिलेनियम समूह में संपन्न हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम उदयन 2025



**भोपाल।** नवप्रवेशित इंजीनियरिंग, लॉ एवं यूजी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम उदयन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन दिवसीय चलने वाले इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डॉ.भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ.प्रकाश बरतूनिया। साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएसएनएल के जनरल मैनेजर संजीव सिंघल मौजूद रहे। ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। तीसरे दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट, मध्य प्रदेश सरकार के पुरुषोत्तम और उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में डायरेक्टर यूआईटी आरजीपीवी डॉक्टर भदोरिया एवं कंट्रोलर एग्जामिनेशन आरजीपीवी डॉ.राघवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### आईसीयू में मरीज की आधे घंटे में मिलेगी रिपोर्ट

## एम्स: हाई-टेक बायोकेमिस्ट्री मशीन एक घंटे में करती हैं दो हजार से ज्यादा तरह की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल ने मरीजों की जांच के लिए दो नए कोबास प्रो एडवांस्ड इंटीग्रेटेड क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री मशीन लगाई गई हैं। यह एक मॉडर्न मशीन प्रति घंटे दो हजार से ज्यादा जांचें संभव होंगी। वहीं दो मशीनों से चार हजार से ज्यादा टेस्ट हो सकेंगे। यह नए उपकरण तीन करोड़ रुपए से स्थापित किए गए हैं। इसका औपचारिक उद्घाटन सांसद आलोक शर्मा, कांग्रेस राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और भरत सिंह कुशवाह ने किया। एम्स के डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि यह मशीन एक बार में 230 से अधिक तरह की जांच करने में संभव हैं। जो अब तक चार अलग-अलग तरह की मशीनों से होती थी। एक मशीन से यह सभी जांच होने से हम कम समय में रिपोर्ट दे सकेंगे। खास तौर पर क्रिटिकल, इमरजेंसी और आईसीयू में भर्ती मरीजों की रिपोर्ट महज 30 मिनट में ही तैयार हो जाएंगी।



### कई तरह की होगी जांच

यह नई मशीन ब्लड शुगर, लिवर, हार्मोन, थायरॉइड प्रोफाइल और किडनी फंक्शन टेस्ट से लेकर विटामिन और कैंसर मार्कर तक 230 से अधिक तरह की जांचें करने में संभव है। जो अब तेजी और सटीकता से हो सकेंगी। यह मशीन मध्य प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में पहली बार स्थापित की गई है।

**कोबास प्रो मशीन क्यों है खास**

- प्रति घंटे 2,000 से अधिक टेस्ट करने की क्षमता
- 230 से ज्यादा प्रकार की जांचें एक प्लेटफॉर्म पर
- ब्लड शुगर से कैंसर मार्कर तक की जांच संभव
- सटीक और तेज परिणाम, रिपोर्टिंग में देरी नहीं
- पहली बार मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पताल में स्थापना

### छोला दशहरा में 51 फीट के रावण का होगा दहन

## दशहरा पर्व पर पुराने शहर में निकलेगा भव्य चलसमारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री हिंदू उत्सव समिति (रजि 63) भोपाल, के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी पर्व पर भव्य दशहरा चल समारोह और विजय भूमि छोला दशहरा मैदान पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी द्वारा रावण दहन के पश्चात प्रभु श्री रामचंद्र जी का विजय तिलक एवं पूजन एवं आरती की जाएगी। यह जानकारी श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने आज आयोजित प्रेस वार्ता में देते हुए बताया कि दिनांक 02 अक्टूबर 2025 गुरुवार को अपराह्न 02:00 बजे पुराने शहर के श्री बांके बिहारी जी मंदिर मारवाड़ी रोड से भव्य चल समारोह का शुभारंभ किया जाएगा, वहीं रात्रि 8:30 बजे विजयभूमि छोला मैदान पर 51 फीट ऊंचे रावण और 45 फीट ऊंचाई के कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा।

11 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री रामचंद्र जी तिलक कर चल समारोह का शुभारंभ। नासिक के ढोल पार्टी द्वारा प्रस्तुति सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान श्री रामचंद्र, माता सीता, लक्ष्मण जी, श्री हनुमान के अतिरिक्त रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के स्वरूप। अखाड़ा दल द्वारा करतब और प्रदर्शन। प्रभु श्री रामचंद्र जी द्वारा रावण वध और रावण दहन।

**मुख्यमंत्री होंगे समारोह के मुख्य अतिथि**

तिवारी ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भगवान श्री रामचंद्र जी का विजय तिलक और पूजन और आरती हेतु आमंत्रित किया गया है।

### कुशवाहा भवन पर कब्जे की साजिश नाकाम

## हाईकोर्ट के आदेश पर जांच में सामने आया बड़ा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाईकोर्ट के निर्देश पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल व नर्मदापुरम संभाग द्वारा की जांच गई। इसमें कुशवाहा क्षत्रिय सभा का फर्जीवाड़ा सामने आया है। जांच में संस्था द्वारा पेश किए गए दस्तावेजों को अवैध पाया गया। संस्था को निरस्त करते हुए फर्म एंड सोसायटी ने थाना टीटी नगर को पत्र लिखकर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र के अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा और संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा ने बताया कि समाजजनों के संघर्ष से भवन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। अब यहां सामाजिक गतिविधियां, छात्रावास और लाइब्रेरी संचालित हो रही हैं। राजधानी के सेकंड स्टॉप स्थित अंजलि कॉम्प्लेक्स में 5 हजार वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित कुशवाहा



भवन को हड़पने के लिए लंबे समय से साजिशें रची जा रही थी। उल्लेखनीय है कि यहां 15 वर्षों तक अवैध कब्जा कर गर्ल्स हॉस्टल व अनैतिक गतिविधियां संचालित की गईं। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों द्वारा शासन को भ्रमित करने के लिए 45 वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट और पदाधिकारियों की सूची एक साथ प्रस्तुत कर दी गई। सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब वर्ष 2016 की पदाधिकारियों की सूची में दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल भानपुर के फर्जी हस्ताक्षर पाए गए, जबकि उनका निधन 23 नवंबर 2016 को हो चुका था।

## सत्य साईं संगठन ने किया विश्व स्वास्थ्य हृदय रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को अखिल भारतीय सत्य साईं सेवा संगठन के आव्हान पर विश्व हृदय स्वास्थ्य को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन साईं युवाओं द्वारा किया गया।

यह जागरूकता रैली सत्य साईं बालवाड़ी, 100 क्वार्टर स्लम बस्ती, पिपलानी, भेल से सुबह 8.30 बजे प्रारंभ हुई। इस रैली में साईं संगठनात्मक युवा एवं महिला व पुरुष सेवादल अपने हाथों में स्वास्थ्य हृदय से संबंधित स्लोगन की तख्तियां लिए हुए थे एवं स्वास्थ हृदय से संबंधित नारे लगा रहे थे। ज्ञात है कि 100 क्वार्टर एक कामगारों की बस्ती है जिसमें तंबाखू सेवन एवं मद्यपान युवाओं एवं पुरुषों के बीच एक ज्वलंत समस्या है।

सत्य साईं संगठन की इस रैली द्वारा पूरे बस्ती में भ्रमण किया एवं सभी परिवारों को शुद्ध खान पान, योग को अपनाने, जीवन शैली में सकारात्मक सोच एवं नशा मुक्ति संबंधित समझाइश दी।



इस रैली में संगठन के 80 से ज्यादा साईं सेवादल, बालवाड़ी की महिलाएं एवं सत्य साईं स्कूल पिपलानी के शिक्षक व बच्चो ने भागीदारी की। साईं युवा श्री प्रवीण धोते एवं कु अनामिका मिश्रा ने इस रैली का समन्वयन किया। ज्ञात है कि अखिल भारतीय सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा हृदय स्वास्थ्य को लेकर पूरे देश में जागरूकता अभियान दिनांक 27 सितंबर से शुरू किया है। इसी दिन भगवान सत्य साईं बाबा के आश्रम पुत्तपर्ति में सत्य साईं सुपर हॉस्पिटल द्वारा कार्डियो वैस्कुलर को लेकर एक विश्व स्तरीय कान्फ्रेस का आयोजन शुरू हुआ।

## एलएनसीटी को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिवर्सिटी-2025 इन सेंट्रल जोन अवॉर्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिमला में एडुस्किल्स कनेक्ट द्वारा नेक्स्ट जेन स्किल कॉनक्लेव का पांचवा संस्करण आयोजित किया गया। इसमें एलएनसीटी यूनिवर्सिटी का बेस्ट परफॉर्मिंग यूनिवर्सिटी-2025 इन सेन्ट्रल जोन अवॉर्ड से अभिनंदन किया गया। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी से यह अवॉर्ड अंबकेश्वर पाठक ने ग्रहण किया। यह अवॉर्ड एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को एडुस्किल्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) कार्यक्रम की सफलता में अनुकरणीय योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मान में दिया गया है एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर जेएन चौकसे ने सभी सदस्यों को बधाई दी और सदैव उत्कृष्टता ओर नया करने हेतु प्रेरित किया। एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ.अनुपम चौकसे ने कहा कि हम स्टूडेंट्स को रोजगार मुखी शिक्षा और उद्यमिता हेतु तैयार करने के लिए विभिन्न संस्थाओं से कोलैबोरेशन के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस ने मनाई भगत सिंह की जयंती

## हमारी संकल्प शक्ति सरदार भगत सिंह जैसी होनी चाहिए: सक्सेना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में रविवार को जिला कांग्रेस ने सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई। भगत सिंह के 172वीं जयंती पर हबीबगंज अंडर ब्रिज स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि सरदार भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐसा दृढ़ प्रतिज्ञ चेहरा रहा है। जिसने बाल्यावस्था से ही संकल्प लिया था कि में अंग्रेजी हुकूमत को खत्म करके रहूंगा। उनके चलाएं स्वतंत्रता आंदोलन का परिणाम रहा है कि हमें 1947 में आजादी मिली। जीवन में अगर संकल्प लेना सीखना है तो सरदार भगत सिंह से सीखना चाहिए। जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जो संकल्प लिया उस पर जीवन भर अडिंग रहे। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि यह देश हमेशा सरदार भगत सिंह और युवा क्रांतिकारी का ऋणी रहेगा। जिन्होंने हमें आजादी दिलाई। इस अवसर पर पार्षद गुड्डु चौहान, निकेश चौहान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उच्च स्तरीय जाति जांच समिति ने मुख्य अभियंता वर्मा की जाति की जांच कर रिपोर्ट पर कार्रवाई की

## हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी के सीई वर्मा के जाति प्रमाणपत्र की उच्च स्तरीय जांच कर रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एससी वर्मा की उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति से जांच कराकर तीन महीने में रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करने को कहा है। कोर्ट के आदेश पर याचिकाकर्ता की शिकायत प्राप्त होने पर एससी वर्मा की जाति की वस्तुस्थिति की जांच करेगी। इसके बाद तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि रिपोर्ट के आधार पर वर्मा के विरूद्ध उचित कदम उठाए जा सकते है।

हाईकोर्ट जबलपुर में न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगल पीठ ने 26 सितंबर को प्रशांत वैश्य बनाम मप्र राज्य एवं अन्य में सुनवाई की। इसमें याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीतिंकर दिवाकर और अंशुल तिवारी जबकि प्रतिवादी राज्य शासन की ओर से अधिवक्ता नितिन गुप्ता उपस्थित हुए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दिवाकर ने तर्क दिया कि मुख्य अभियंता वर्मा के विरूद्ध राष्ट्रीय आयोग के समक्ष रिट याचिका में वर्णित लंबित मामले से सम्बंधित कोई भी मामला राष्ट्रीय आयोग के समक्ष लंबित नहीं है।

**राष्ट्रीय आयोग की ओर से कोई रोक नहीं तो जांच कर रिपोर्ट दें**


इस पर कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए कहा कि यदि राष्ट्रीय आयोग की ओर से कोई रोक नहीं लगाई गई है, तो उच्च स्तरीय जाति जांच समिति शिकायत प्राप्त होने पर प्रतिवादी वर्मा की जाति की वस्तुस्थिति की जांच करेगी और तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और उस रिपोर्ट के आधार पर प्रतिवादी के विरूद्ध उचित कदम उठाए जाएंगे। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता भी प्रदान की कि यदि निजी प्रतिवादी की जाति की स्थिति उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति की जांच में विवादित पाई जाती है, तो याचिकाकर्ता उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति की रिपोर्ट की प्रति के साथ एक और समीक्षा याचिका दायर करके न्यायालय की ओर से लगाई कास्ट में छूट की मांग के लिए उच्च न्यायालय में फिर से आने के लिए स्वतंत्र होगा।

**यह है पूरा मामला**

लोक निर्माण विभाग जबलपुर में पदस्थ प्रभारी मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र वर्मा के विरुद्ध इस आशय की शिकायतें प्राधिकृत अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई थी कि उनकी ओर से 19 जुलाई 1992 को पीडब्ल्यूडी में सहायक यंत्री सिविल का अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पद प्राप्त कर न केवल अवैध रूप से अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, अधीक्षण यंत्री व मुख्य अभियंता पद पर पदोन्नति आदि लाभ प्राप्त किया, बल्कि आय से अधिक संपत्ति भी अर्जित की गई। परंतु आज तक उन शिकायतों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई और न ही सुरेश चंद्र वर्मा की जाति की जांच की गई। इस वजह से उसे धनगड़ अनुसूचित जनजाति का अवैध लाभ प्रदान किया जा रहा है।

### पहले एकल पीठ ने चार सप्ताह के अंदर निराकृत करने के आदेश दिए थे

पूर्व में एकल पीठ ने अपने आदेश 25 अक्टूबर 2024 में मुख्य सचिव मप्र शासन को निर्देश देते हुए सुरेश चंद्र वर्मा के विरुद्ध याचिकाकर्ता की लंबित शिकायत को चार सप्ताह के अंदर निराकृत करने के आदेश दिए थे। बाद में रिव्यु में आदेश को बदलते हुए कोर्ट की ओर से याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाते हुए नियुक्ति को चुनौती देने वाली और एससी वर्मा के जाति प्रमाण पत्र की जांच की मांग वाली रिट याचिका को 1 लाख रुपए के जुर्माने के साथ खारिज कर दिया गया था। जिसकी अपील याचिका भी खारिज कर दी गई थी। किन्तु अपील के रिव्यु आवेदन पर कोर्ट ने उक्त आशय के आदेश जारी किए गए।




# विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप : छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में गंवाए पैर, चुनौतियों से उबरते हुए तोमन बने चैंपियन

**ग्वांगजू।** दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता तोमन कुमार ने छत्तीसगढ़ में 2022 में एक नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक घातक आईईडी विस्फोट में अपना पैर गंवा दिया था लेकिन उन्होंने इसके बाद की चुनौतियों से पार पाते हुए सफलता की ओर कदम बढ़ाए। केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 30 वर्षीय कांस्टेबल ने अब तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में सात पदक जीते हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा का खिताब जीता।

### अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में जीते सात पदक

### दक्षिण बस्तर क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान गंवा दिया था पैर



तोमन सीआरपीएफ की एक इकाई का हिस्सा थे, जिसे देश के सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में से एक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में नियुक्त किया गया था। पर फरवरी 2022 में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी के दौरान तोमन आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में घायल हो गए। सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह इसमें गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिससे 12 फरवरी 2022 को उसका बायां पैर काटना पड़ा। उन्होंने कहा, ''तोमन कुमार 2017 में सीआरपीएफ में शामिल हुए थे और जब वह मात्र 26 वर्ष के थे। लेकिन बस्तर में फरवरी में हुई इस मुठभेड़ में शरीर का एक अंग गंवाना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।'

### नवंबर 2023 में शुरू किया था पैरा तीरंदाजी का अभ्यास

अधिकारी ने बताया कि वह सीआरपीएफ के एक विशेष सेंटर राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र (एनसीडीई) में शामिल हो गए, जिसे 2020 में शारीरिक रूप से अक्षमता का सामना करने वाले जवानों के लिए खोला गया था। उन्होंने बताया कि तोमन ने नवंबर 2023 में पैरा तीरंदाजी का अभ्यास शुरू किया और एक साल बाद सितंबर 2024 में उन्हें सीआरपीएफ की केंद्रीय (मुख्य) टीम में शामिल किया गया। तोमन ने तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अलावा, ग्वांगजू सहित चार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लिया है।

## खबर संक्षेप

### जूनियर विश्व कपः अनुष्का और एड्रियन ने जीते पदक



**नई दिल्ली।** उभरती हुई निशानेबाज अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर दूसरा स्वर्ण जीता जबकि एड्रियन करमाकर ने इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इससे भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक से दूसरे स्थान पर है जबकि इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। अठारह वर्षीय अनुष्का ने चार दिन में जूनियर विश्व कप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

### लेडीज ओपनः शीर्ष पांच में रहीं प्रणवी

**ड्यूविले।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के अंतिम दिन टूर्नामेंट का




अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं। प्रणवी ने अंतिम दौर में छह अंडर 65 के स्कोर से कुल 10 अंडर 203 का स्कोर बनाया। कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में पार 71 के स्कोर से एक अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 46वां स्थान हासिल किया।

### एएफसी चैंपियंस लीग मैच से हटा मोहन बागान

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आईसीएल) चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट ने मंगलवार को ईरान के सेपाहान एससी के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग 2 मैच से हटने का फैसला किया क्योंकि क्लब के छह विदेशी खिलाड़ियों ने अपने देशों से मिली सलाह के बाद वहां की यात्रा करने से इनकार कर दिया। क्लब के एक अधिकारी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों और भारतीय स्टाफ के बीच हुई बैठक के बाद मैच के लिए ईरान की यात्रा नहीं करने का सामूहिक फैसला किया गया।

### ताइवान मास्टर्स : संयुक्त 44वें स्थान पर संधू

**न्यू ताइपे सिटी।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू तीसरे दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से मरकरीज



ताइवान मास्टर्स में संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर हैं। संधू ने दो बर्डी की लेकिन चार बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए, जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। उनका कुल स्कोर आठ ओवर रहा। शुरुआती दो दौर के बाद एकल बढ़त बनाने वाले थाईलैंड के अतिरुज विनाइचेरोनचाइ (एक ओवर 73) और उनके हमवतन रतानोन वनासरिचान (दो अंडर 70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

## तिलक की फिफ्टी और कुलदीप की घातक गेंदबाजी

# एशिया कप चैंपियन बनी टीम इंडिया, 9वीं बार जीता खिताब, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम ने 2023 में वनडे प्रारुप के बाद 2025 में टी20 प्रारुप का एशिया कप जीत लिया है। भारत के लिए तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक टिके रहकर टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने 9वीं बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान की पारी 19.1 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने 53 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए, जिसके दम पर भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

भारत के लिए जीत का चौका रिंकू सिंह ने लगाया। रिंकू के चौका लगाते ही ड्रेसिंग रूम में भारतीय सदस्य और मैदान पर दर्शक खुशी से झूम उठे। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अपना जोश नियंत्रण में नहीं रख सके। जूझारू पारी खेलने वाले तिलक ने खुशी में बल्ला लहराया और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक बार फिर मुंह लटका कर खड़े रहे।




### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहिबजादा का तिलक बो वरुण | 57 | 38 | 5 | 3 |
| फखर जमां का कुलदीप बो वरुण | 46 | 35 | 2 | 2 |
| अयूब का बुमराह बो कुलदीप | 14 | 11 | 2 | 0 |
| हारिस का सिंह बो पटेल | 0 | 2 | 0 | 0 |
| आगा का सैमसन बो कुलदीप | 8 | 7 | 0 | 0 |
| तलत का सैमसन बो पटेल | 1 | 2 | 0 | 0 |
| नवाज का सिंह बो बुमराह | 6 | 9 | 0 | 0 |
| अफरीदी पगबाधा बो कुलदीप | 0 | 3 | 0 | 0 |
| अशरफ का तिलक बो कुलदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| रऊफ बो बुमराह | 6 | 4 | 1 | 0 |
| अबरार अहमद नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : सात रन
योग : 19.1 ओवर में 146 रन
गेंदबाजी : दुबे 3-0-23-0, बुमराह 3.1-0-25-2, चक्रवर्ती 4-0-30-2, पटेल 4-0-26-2, कुलदीप 4-0-30-4, तिलक 1-0-9-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का रऊफ बो फहीम | 5 | 6 | 1 | 0 |
| गिल का रऊफ बो फहीम | 12 | 10 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का सलमान बो अफरीदी | 1 | 5 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 69 | 53 | 3 | 4 |
| सैमसन का फरहान बो अबरार | 24 | 21 | 2 | 1 |
| दुबे का अफरीदी बो फहीम | 33 | 22 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : दो रन
कुल : 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन
गेंदबाजी : अफरीदी 4-0-20-1, फहीम 4-0-29-3, नवाज 1-0-6-0, रऊफ 3.4-0-50-0 , अबरार 4-0-29-1, सईम 3-0-16-0

### अभिषेक ने टूर्नामेंट में बनाए सबसे ज्यादा रन

एशिया कप 2025 में अभिषेक के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने इस सीजन में खेले 7 मैचों की 7 पारियों में 314 रन सिर्फ 157 गेंदों का सामना करते हुए बनाए। अभिषेक ने इन 7 मैचों में 3 अर्धशतकीय पारी खेली और उनका बेस्ट स्कोर इस दौरान 75 रन रहा जबकि उनका औसत 44.85 का रहा। अभिषेक ने ये रन 200.00 की स्ट्राइक रेट से बनाए और इस दौरान कुल 32 चौके और 19 छक्के भी लगाए। अभिषेक इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर रहे।

### कुलदीप ने तोड़ा 4 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड

कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में 30 रन देकर 4 विकेट लिया और वो भारत की तरफ से टी20 फाइनल में सबसे बेस्ट बॉलिंग करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने एक साथ इरफान, चहल, हार्दिक और आरपी सिंह का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी गेंदबाजी के दम पर महारिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

### सैमसन ने तोड़ा पंत व धोनी का रिकॉर्ड

संजू सैमसन ने इस मैच में 21 गेंदों पर एक छक्का और 2 चौकों की मदद से 27 रन की पारी खेली। संजू ने अपनी इस पारी के दौरान एक छक्का लगाया और इस एक छक्के के दम पर वो भारत की तरफ से किसी एक टी20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर भी बन गए। एशिया कप 2025 में संजू ने कुल 7 छक्के लगाए और उन्होंने पंत व धोनी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने एक टी20 टूर्नामेंट में बतौर भारतीय विकेटकीपर 6-6 छक्के लगाए थे।

### T20 टूर्नामेंट में विकेटकीपर के सबसे ज्यादा छक्के

7 – संजू सैमसन (एशिया कप 2025)
6 – एमएस धोनी (T20 वर्ल्ड कप 2009)
6 – ऋषभ पंत (T20 वर्ल्ड कप 2024)




## यादव ने बुमराह को छोड़ा पीछे

कुलदीप यादव ने एशिया कप में कुल 17 विकेट लिए और वो भारत की तरफ से एक टी20आई टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अर्शदीप सिंह के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गए और जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया। अर्शदीप सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 17 विकेट लिए थे।

### भारत के लिए एक टी20आई टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट

17 – अर्शदीप सिंह (टी20 वर्ल्ड कप, 2024)
17 – कुलदीप यादव (एशिया कप, 2025)
15 – जसप्रीत बुमराह (टी20 वर्ल्ड कप, 2024)
12 – आरपी सिंह (टी20 वर्ल्ड कप, 2007)
11 – आर अश्विन (टी20 वर्ल्ड कप, 2014)
11 – भुवनेश्वर कुमार (एशिया कप, 2022)
11 – हार्दिक पांड्या (टी20 वर्ल्ड कप, 2024)

### रऊफ को बुमराह ने दिया मुंहतोड़ जवाब, विकेट लेकर दिखाया प्लेन सेलब्रिशन

टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पाकिस्तान के हारिस राऊफ को जमकर ट्रोल किया। दरअसल, हारिस राऊफ ने भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले के दौरान फाइटर जेट की क्रैश लैंडिंग का जेस्टर कर भारतीयों को ट्रोल करने की कोशिश की। इसके जवाब में अब बुमराह ने राऊफ को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। खिताबी मुकाबले में बुमराह ने जैसे ही राऊफ को आउट किया उन्होंने फाइटर जेट की क्रैश लेंडिंग का जेस्चर कर उन्हें ट्रोल किया।

## चीन ओपनः कड़े मुकाबले में गॉफ ने लेला को हराया, तीसरे दौर में पहुंची

**बीजिंग।** फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने कड़े मुकाबले में लेला फर्नांडीज को तीन सेट में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। गत चैंपियन गॉफ ने दूसरा सेट गंवाने के बावजूद फर्नांडीज को 6-4, 4-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट के 12वें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर जीत दर्ज की। गॉफ इस डब्ल्यूटीए 1000 सीरीज टूर्नामेंट के अगले दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच और ऑस्ट्रेलिया की प्रिसकिला होन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगी।



### इवा ने एलेना को दी मात

इससे पहले इवा लिस ने 10वें नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना को 6-3, 1-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका की मैकार्टनी केसलर ने बारबरा क्रेसिकोवा के 1-6, 7-5, 3-0 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई। महिला टूर्नामेंट के साथ चल रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में लोरेंजो मुसेटी ने अनुभवी एड्रियन मनारिनो को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया। मुसेटी अगले दौर में लर्नर टिएन से भिड़ेंगे, जिन्होंने फ्लावियो कोबोली को 6-3, 6-2 से हराया।

## महिला क्रिकेट विश्व कप में जुबीन के सम्मान में मुफ्त टिकट

**गुवाहाटी।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के एसीए स्टेडियम में होने वाले उद्घाटन समारोह में असम की सांस्कृतिक हस्ती जुबीन गर्ग को एक विशेष संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी और साथ ही मंगलवार को उद्घाटन मैच के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित किए जाएंगे। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के अधिकारियों ने बताया कि शिलांग चैंबर क्वायर के अलावा अंगराग पापोन महंत और जोई बरुआ सहित राज्य के प्रमुख कलाकार संगीतमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह के दौरान यह 40 मिनट की विशेष प्रस्तुति होगी। एसीए ने 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले उद्घाटन मैच के लिए गर्ग के प्रशंसकों के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित करने की भी व्यवस्था की है।



## नेपाल ने रचा इतिहास, वेस्टइंडीज को हराया




**शारजाह।** नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला में आई।

**वेस्टइंडीज की शुरुआत रही खराब :** इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रन आउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया। ललित राजवंशी (छह रन पर एक विकेट) और पोडेल (20 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

### नेपाल ने आठ विकेट पर बनाए 148 रन

बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला लेकिन नवीन बिदाईसी ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। मल्ला ने दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा किया जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए लेकिन वेस्टइंडीज ने कुछ कैच टपकाए, जिससे नेपाल की टीम आठ विकेट पर 148 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही।

## ला लीग टूर्नामेंट : एटलेटिको ने रियाल मैड्रिड को हराया



**बार्सीलोना।** जूलियन अल्वारेज के दो गोल की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने ला लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल मैड्रिड के खिलाफ 5-2 की आसान जीत दर्ज की। यह 75 साल में पहला मौका है जब एटलेटिको ने शहर की अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ पांच गोल किए हैं। अन्य मुकाबलों में स्थानापन्न खिलाड़ी अल्बर्टो मोलेइरो के गोल से तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हराया जबकि मालोर्का ने एल्वेस को 1-0 से हराकर सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। लेवांते और गेटाफे का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।

## सिरी ए टूर्नामेंट : अटलांटा ने यूवेंटस को बराबरी पर रोका

**मिलान।** कमालदीन सुलेमान के गोल की मदद से अटलांटा ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सुलेमान ने मध्यांतर से ठीक पहले अटलांटा को बढ़त दिलाई लेकिन जुआन कबाल ने दूसरे हाफ में गोल दागकर यूवेंटस के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। यूवेंटस ने मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। मौजूदा सत्र के शुरुआती चार में से दो मैच गंवाने वाले इंटर मिलान ने कैगलियारी को 2-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की।



### अजेय अभियान जारी

अटलांटा ने 2018 से यूवेंटस के घरेलू मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है। टीम ने इस दौरान पांच जीत दर्ज की जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे। एक अन्य मुकाबले में क्रेमोनेस ने मौजूदा सत्र में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए कोमो को 1-1 से बराबरी पर रोका।

## इंग्लिश प्रीमियर लीगः क्रिस्टल पैलेस से हारा लीवरपूल



**लंदन।** एडी एनकेतिया के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में दागे गोल की बदौलत क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ क्रिस्टल पैलेस का अजेय अभियान 18 मैच तक पहुंच गया। टीम ने अप्रैल से कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैंपियन लीवरपूल की मौजूदा सत्र में यह पहली हार है। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार पांच जीत के साथ की थी। अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल की बढ़त अब सिर्फ तीन अंक की रह गई है। क्रिस्टल पैलेस की टीम दूसरे स्थान पर है। चेल्सी को ब्राइटन के खिलाफ दूसरा लगभग पूरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिससे उसे 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेल्सी की यह लगातार दूसरी हार है।

## काई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. शुक्ला ने किया स्वागत

# कराते को देश में मजबूत किया जाएगा : वैकुंठ सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कराते एसोसिएशन आफ इंडिया (काई) के अध्यक्ष वैकुंठ सिंह ने कहा कि भारत में कराते को मजबूत करने की जरूरत है, हमारे देश में कराते की बहुमुखी प्रतिभाएं मौजूद है,उन्हें बेहतर अवसर देने की जरूरत है। कराते एसोसिएशन आफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.पंकज शुक्ला ने कहा कि देश के कराते खिलाड़ियों को हर संभव मदद की जाएगी। हमारा प्रयास होगा कि देश में कराते की एक ही संस्था हो जिसके बैनर तले सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करे।

रविवार को राजधानी में एक औपचारिक बैठक आयोजित हुई। इसमें काई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. पंकज शुक्ला का सम्मान करते हुए कहा कि उन्हें नई जिम्मेदारी मिली है, उनके जैसा उर्जावान साथी जुडने से काई को मजबूती मिली है। उन्होंने काई के मुख्य कोच व मप्र अमेच्योर कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष जयदेव शर्मा के उपलब्धियों की सराहना की। उनके मार्गदर्शन में देश में कई प्रतिभाओं ने देश का नाम रोशन किया है।

बैकुंठ सिंह ने कहा कि काई के मार्गदर्शन में देश में कई बड़े टूर्नामेंट आयोजित हो चुके और अभी कई टूर्नामेंट होना बाकी है। हमारी टीम बहुत मजबूत है, हम कराते खेल का विकास चाहते है। इसके लिए हम हर स्तर पर चर्चा करने को तैयार है।

पंकज शुक्ला ने कहा कि हम सभी स्तर पर चर्चा कर संगठन का मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष वैकुंठ सिंह और मप्र काई के अध्यक्ष जयदेव शर्मा के कार्यों की सराहना की। इस मौके आए अन्य प्रतिनिधियों ने भी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में काई के सचिव परितोष शर्मा, कोषाध्यक्ष ब्रिज सिंह, टेक्नीकल डायरेक्टर संतोष राठौर, भोपाल जिला कराते डेवलपमेंट वेलफेयर सोसायटी के टेक्निकल डायरेक्टर शाशिकांत पाटिल, एमेच्योर कराते एसोसिएशन की उपाध्यक्ष नीतू वर्मा, सीनियर कराते खिलाड़ी सुप्रिया जाटव, आराधना मालवीय, विदिशा जिले के महेंद्र पासी आदि मौजूद थे।

## देव मीना ने जीता ब्रॉन्ज, सुनील दावर को सिल्वर

**भोपाल।** रांची में 27 से 30 सितम्बर तक आयोजित 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। अकादमी के स्टार पोल वॉल्टर देव मीना ने 5.10 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, दमदार धावक सुनील दावर ने 5000 मीटर दौड़ में बेहतरीन दौड़ लगाते हुए रजत पदक जीता। दावर ने इस प्रतियोगिता में एसएसीबी का प्रतिनिधित्व किया। इसी चैंपियनशिप में निमिषा दायमा ने ट्रिपल जंप में कांस्य पदक हासिल किया। एथलेटिक्स अकादमी के तीन खिलाड़ियों ने 1500 मीटर दौड़ के फाइनल में क्वालीफाई किया है। इनमें ऋतेश ओहरे, अर्जुन वसकले, सुनील दावर शामिल हैं।




# मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते 16 गोल्ड

## 69वीं मप्र स्कूल स्टेट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ग्वालियर में 22 से 25 सितम्बर तक आयोजित 69वीं मध्यप्रदेश स्कूल स्टेट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए कुल 16 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यह शानदार प्रदर्शन प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और खिलाड़ियों की मेहनत, लगन तथा निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

### अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता

44 किग्रा – हर्षिता कुशवाहा
48 किग्रा – रिमझिम कुशवाहा
50 किग्रा – प्रियांशी सिंगल सेंगर
54 किग्रा – आशीता रावत
60 किग्रा – लक्ष्मी राठौर
66 किग्रा – वारिधि दुबे
70 किग्रा – स्नेहा वर्मा

### रजत पदक विजेता

-42 किग्रा – लक्ष्मी कुशवाहा
46 किग्रा – प्रतिज्ञा कुशवाहा
63 किग्रा – अंशिका पवैय्या

### कांस्य पदक विजेता

52 किग्रा – प्रेक्षा रिछारिया
57 किग्रा – पार्थिवी कुमरे

### अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता

48 किग्रा – रूचि पाल
51 किग्रा – निधि लोधी
54 किग्रा – हिमानी घोडके
64 किग्रा – महिका
रायकवार
सुमेध
तानिष्क
कृतिमान सिंह
जसृत मोरे
तेजस केसर्वानी

## आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में शानदार

# शॉटगन स्टार मानसी रघुवंशी ने भारत के लिए लाई ब्रॉन्ज़ मैडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मध्यप्रदेश शूटिंग एक्सेडमी की होनहार शॉटगन खिलाड़ी मानसी रघुवंशी ने देश और प्रदेश का नाम रोशन करते हुए आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया है। नई दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज पर 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मानसी ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा।

मानसी रघुवंशी का यह पदक न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण है। प्रतियोगिता में उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

### खेल मंत्री सारंग ने दी शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मानसी रघुवंशी को बधाई देते हुए कहा मानसी का यह प्रदर्शन प्रदेश की खेल प्रतिभाओं की शक्ति को दर्शाता है। हमें गर्व है कि मध्यप्रदेश की बेटियाँ अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहरा रही हैं। मानसी की यह सफलता अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।"

### मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की निरंतर सफलता

मध्यप्रदेश की खिलाड़ी लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। मानसी रघुवंशी की यह उपलब्धि प्रदेश की खेल नीति, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है।




**अधिकृत डीलरः भोपाल:** साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोरः** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबादः** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोहः** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागरः** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़ः** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिण्डः** शिवम हीरो 9289922787, **दतियाः** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावदः** राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरूल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिराली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरूनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुखमणी मोटर्स, 9993048891, **नेहरू नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **नीलबड़:** महाकाल मोटर्स, 9586778889, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरूनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930